हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 22.06.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 325 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## कोलकाता के रेड रोड पर भव्य योग दिवस का आयोजन, पीएम बोले- योग मानव चेतना से जुड़ने का माध्यम

एजेंसी

**कोलकाता :** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को कोलकाता के रेड रोड पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारों लोगों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल आर.एन. रवि, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, योग साधक और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 21 जून अब केवल वर्ष का सबसे लंबा दिन नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को जोड़ने वाला एक वैश्विक पर्व बन चुका है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है, लेकिन आज यह पूरी दुनिया की जीवनशैली का हिस्सा बन गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमालय से हिंद महासागर तक, पूर्वोत्तर से लेकर पश्चिमी भारत तक योग की ऊर्जा महसूस की जा सकती है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि मानव चेतना से जुड़ने का माध्यम है।

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक



विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह श्री अरविंद, स्वामी विवेकानंद और श्री रामकृष्ण परमहंस की भूमि है। उन्होंने कहा कि इस धरती पर योग दिवस का आयोजन विशेष महत्व रखता है। श्री अरविंद के विचारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि योग आत्मिक विकास और चेतना के विस्तार का मार्ग है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि योग को केवल एक दिन के आयोजन तक सीमित नहीं रखना चाहिए। इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, जीवन में संतुलन लाता है और व्यक्ति को ऊजार्वान बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही स्वस्थ राष्ट्र की आधारशिला होता है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में योग की समृद्ध परंपरा रही है और प्रधानमंत्री की उपस्थिति से यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया है। उन्होंने दावा किया कि कार्यक्रम के लिए 2.57 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज राज्य में भी इसके प्रति लोगों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है।

रेड रोड पर मुख्य कार्यक्रम सुबह करीब 6:30 बजे शुरू हुआ। आयोजन में लगभग 35 हजार लोगों के सामूहिक योगाभ्यास की व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही शहर के विभिन्न इलाकों से लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने लगे थे।

योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की सुविधा के लिए कोलकाता मेट्रो ने विशेष व्यवस्था की थी। ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन समेत विभिन्न मार्गों पर सुबह चार बजे के बाद से मेट्रो सेवाएं शुरू कर दी गई थीं ताकि प्रतिभागी समय पर कार्यक्रम स्थल तक पहुंच सकें।

प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए रेड रोड और आसपास के इलाकों में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी। बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रेड रोड में आयोजित यह कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े योग आयोजनों में से एक रहा, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

## एक नजर

### भारत ने जीती ट्राई सीरीज, सूर्यवंशी के 29 में 94 रन



**दांबुला :** ट्राई नेशन सीरीज के फाइनल मुकाबले में तिलक वर्मा की कप्तानी वाली इंडिया ए ने श्रीलंका ए को 66 रनों से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 377 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका ए की पूरी टीम 47.1 ओवरों में 311 रनों पर सिमट गई। वैभव सूर्यवंशी ने 29 गेंदों में 94 रनो की विस्फोटक पारी खेली।

### पीएलएफआई कमांडर श्रवण दास घायल, गिरफ्तार

**खूंटी :** झारखंड के खूंटी जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर श्रवण दास की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। कर्रा और जरियागढ़ थाना क्षेत्र की सीमा से सटे जंगलों में पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में श्रवण दास के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे पुलिस ने हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के बाद पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### गंगा नदी में डूबने से 3 बच्चों की मौत

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना से सटे दानापुर इलाके में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। शाहपुर थाना क्षेत्र के हेतनपुर घाट पर गंगा नदी में स्नान करने गए पांच बच्चों में से तीन की डूबकर मौत हो गई। वहीं, स्थानीय लोगों की तत्परता से दो बच्चों को सुरक्षित जिंदा बाहर निकाल लिया गया है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में कोहराम मच गया है।

### नीतीश फिर बने जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**पटना:** बिहार की राजधानी पटना में जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में आयोजित जेडीयू की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नीतीश कुमार को एक बार फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। बैठक को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि साल 2025 का जनादेश बिहार के विकास के लिए मिला है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भले ही वे राज्यसभा चले गए हों, लेकिन बिहार के विकास के लिए उनका मार्गदर्शन लगातार जारी रहेगा।

## कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई नीट-यूजी पुनर्परीक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा रविवार को कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दोपहर 2 बजे शुरू हुई परीक्षा शाम 5:15 बजे तक चली। इस बार अभ्यर्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित इस परीक्षा में देशभर से 22 लाख से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने का अनुमान है। निर्धारित नियमों के अनुसार दोपहर 1:30 बजे परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए थे, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

### अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था और तकनीक का उपयोग

परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस बार व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। प्रश्नपत्रों को सुरक्षित तरीके से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टरों का उपयोग किया गया। देशभर के



5,440 परीक्षा केंद्रों के 95 हजार से अधिक कमरों में लगभग 1.38 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनकी निगरानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रणाली के माध्यम से की गई।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए 51,311 सिग्नल जैमर सक्रिय रखे गए। झारखंड में भी 67 परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू रही और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निषेधाज्ञा प्रभावी रखी गई।

### परीक्षा के दौरान सामने आईं प्रेरक और संवेदनशील तस्वीरें

परीक्षा के दिन कई प्रेरक घटनाएं भी देखने को मिलीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने के बाद करीब 45 मिनट तक वहीं रुके रहे ताकि उनके काफिले की आवाजाही से परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की यातायात संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े।

वहीं एक सड़क दुर्घटना में घायल होने और बड़ी सर्जरी से गुजरने के बावजूद छात्रा सृष्टि दुबे ने परीक्षा देने का साहस दिखाया। परिवार के अनुरोध पर परीक्षा केंद्र में उनके लिए विशेष चिकित्सा टीम, एम्बुलेंस और ऑक्सीजन सहायता की व्यवस्था की गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी छात्रा के परिजनों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### कुछ अभ्यर्थी देरी के कारण नहीं दे सके परीक्षा

दूसरी ओर भोपाल में एक सड़क दुर्घटना के कारण प्राथमिक उपचार कराने में समय लगने से दो अभ्यर्थी कुछ मिनट की देरी से परीक्षा केंद्र पहुंचे। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं मिल सका। परीक्षा नियमों के तहत केंद्र प्रशासन ने उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी।

### पारदर्शिता और निष्पक्षता पर रहा विशेष जोर

पेपर लीक विवाद के बाद आयोजित इस पुनर्परीक्षा में एनटीए ने सुरक्षा, पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए। परीक्षा के सफल आयोजन के साथ अब अभ्यर्थियों को परिणाम का इंतजार है, जिसके आधार पर देशभर के मेडिकल और डेंटल संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

## बुर्के को लेकर नीट केंद्र पर विवाद, छात्रा बोली पहचान से समझौता नहीं

**अजमेर :** नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा के दौरान राजस्थान के अजमेर में एक परीक्षा केंद्र पर बुर्के को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। ब्यावर से परीक्षा देने पहुंची छात्रा कुलसुम बानो को प्रारंभिक जांच के दौरान प्रवेश से रोक दिया गया, जिसके बाद केंद्र के बाहर कुछ देर तक हंगामा हुआ। बाद में अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला सुलझा लिया गया और छात्रा को परीक्षा



में शामिल होने की अनुमति दे दी गई। कुलसुम बानो ने आरोप लगाया कि परीक्षा केंद्र पर मौजूद कर्मियों ने पहले उन्हें दुपट्टा हटाने और बाद में बुर्का उतारने के लिए कहा। छात्रा का कहना था कि तीन मई को आयोजित परीक्षा में भी वह इसी पोशाक में शामिल हुई थीं और उस समय कोई आपत्ति नहीं जताई गई थी। मीडिया से बातचीत में कुलसुम ने कहा कि यदि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) धार्मिक पोशाक में परीक्षा देने की अनुमति देती है, तो परीक्षा केंद्र पर उन्हें रोका नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके लिए उनकी धार्मिक पहचान महत्वपूर्ण है और वह बिना बुर्के के परीक्षा देने के लिए तैयार नहीं थीं। छात्रा के पिता मोहम्मद आलिम ने भी केंद्र प्रशासन के रवैये पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि एनटीए के नियमों के अनुसार धार्मिक परिधान पहनकर परीक्षा देने की अनुमति है। उन्होंने सुझाव दिया था कि महिला कर्मी द्वारा अलग कक्ष में जांच कर ली जाए, लेकिन शुरूआत में इस पर सहमति नहीं बनी। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी सभी नियमों का पालन करने को तैयार थी, लेकिन धार्मिक परिधान हटाने की शर्त स्वीकार्य नहीं थी।

## तमिलनाडु की सीफूड फैक्ट्री में अमोनिया गैस लीक सात महिलाओं समेत 10 मजदूरों की मौत

एजेंसी

**चेन्नई :** पेरियापालयम के पास स्थित एक फैक्टरी में अमोनिया गैस रिसाव होने से सात महिलाओं समेत 10 मजदूरों की मौत हो गई है। महिलाओं की मौत पहले ही हो गई, लेकिन चेन्नई के स्टेनली अस्पताल में तीन और मजदूरों की मौत होने से अब इस हादसे में मरने वालों की संख्या 10 हो गई है। तमिलनाडु सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। साथ ही अस्पतालों में भर्ती कर्मचारियों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

तिरुवल्लूर जिले के पेरियापालयम के



### 2-2 लाख रुपये मदद की घोषणा

घटना में जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिजनों को मुख्यमंत्री विजय ने दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। साथ ही मृतकों के पार्थिव शरीरों को सरकारी खर्च पर उनके गृह राज्यों तक पहुंचाने और अंतिम संस्कार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

पास एक झींगा प्रसंस्करण (श्रिम्प प्रोसेसिंग) फैक्ट्री संचालित हो रही है। इसमें बड़ी संख्या में श्रमिक कार्यरत हैं। इसी दौरान 21 जून की सुबह जब श्रमिक काम कर रहे थे, तभी अचानक अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। इसके कारण कई श्रमिकों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

## राज्यसभा चुनाव के बाद भी अटूट रहेगा इंडिया गठबंधन कांग्रेस बोली- विष भी पीना पड़े तो तैयार

एजेंसी

**रांची :** झारखंड राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की हार के बाद महागठबंधन के घटक दलों के बीच चल रही बयानबाजी के बीच कांग्रेस और सहयोगी दलों ने गठबंधन की एकजुटता का संदेश दिया है। शनिवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेताओं ने स्पष्ट कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन पूरी तरह सुरक्षित है और इसमें किसी तरह की टूट की कोई संभावना नहीं है।

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में मिली हार केवल कांग्रेस की नहीं, बल्कि पूरे



महागठबंधन की हार है। उन्होंने कहा कि इस परिणाम पर सभी सहयोगी दलों को गंभीरता से आत्ममंथन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगर गठबंधन को बचाने के लिए कांग्रेस को विष भी पीना पड़े तो हम तैयार हैं, लेकिन झारखंड में इंडिया गठबंधन अटूट रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव परिणाम के बाद कुछ नेताओं के बयान भावावेश में आए होंगे, लेकिन प्रतिक्रिया में इस्तेमाल की गई भाषा भी उचित नहीं थी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में जो विश्वासघात हुआ है, वह किसी एक दल के साथ नहीं बल्कि पूरे महागठबंधन और स्वयं मुख्यमंत्री के साथ हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री पूरे मामले की जांच करवाएंगे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

उन्होंने भाजपा और राजद द्वारा कांग्रेस प्रभारी के. राजू और कांग्रेस विधायकों पर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताया। साथ ही सहयोगी दलों से सार्वजनिक आरोप-प्रत्यारोप से बचने की अपील की।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन सरकार पूरी मजबूती से चलेगी और कांग्रेस सरकार से अलग नहीं होने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीतिक कोशिशें सफल नहीं होंगी।

## भारतीय नौसेना को मिली बड़ी ताकत, तीन स्वदेशी युद्धपोत बेड़े में शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने समुद्री सुरक्षा और सामरिक क्षमता को नई मजबूती देते हुए एक साथ तीन अत्याधुनिक स्वदेशी जहाजों को अपने बेड़े में शामिल किया है। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन जहाजों को नौसेना को समर्पित किया। पूरी तरह स्वदेशी तकनीक और डिजाइन पर आधारित इन पोतों के निर्माण में 75 प्रतिशत से अधिक भारतीय सामग्री का उपयोग किया गया है। साथ ही देशभर के 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) ने इसमें योगदान दिया है।



### आत्मनिर्भर भारत अभियान को मिली नई मजबूती

तीनों जहाजों का एक साथ नौसेना में शामिल होना भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता और संतुलित सैन्य क्षमता विकास की दिशा में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती सामरिक चुनौतियों के बीच ये पोत समुद्री सुरक्षा, तटीय निगरानी और लंबी दूरी के अभियानों में भारतीय नौसेना की ताकत को और बढ़ाएंगे।

### आईएनएस दूनागिरी से बढ़ेगी समुद्री मारक क्षमता

आईएनएस दूनागिरी प्रोजेक्ट-17ए के तहत निर्मित नई पीढ़ी का स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है। यह आधुनिक स्टील्थ तकनीक से लैस है, जिससे दुश्मन के रडार पर इसकी पहचान करना बेहद कठिन हो जाता है। युद्धपोत में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, मध्यम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, आधुनिक रडार और उन्नत सोनार प्रणाली स्थापित की गई है। यह जहाज लंबी दूरी के समुद्री अभियानों, मिसाइल हमलों और पनडुब्बी रोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### आईएनएस संशोधक करेगा समुद्री अनुसंधान और सर्वेक्षण

आईएनएस संशोधक सर्वेक्षण पोत श्रेणी का अत्याधुनिक जहाज है। इसका मुख्य उद्देश्य समुद्र की गहराई, समुद्री तल की संरचना, नौवहन मार्गों और समुद्री धाराओं का सटीक सर्वेक्षण करना है। इसमें स्वायत्त जलयान, रिमोट संचालित वाहन और मल्टी-बीम इको साउंडर जैसी आधुनिक प्रणालियां लगी हैं। यह पोत समुद्री अनुसंधान, आपदा राहत कार्यों और सुरक्षित नौवहन व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### आईएनएस अग्रे करेगा तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा

आईएनएस अग्रे अनार्ला श्रेणी का पनडुब्बी रोधी उथले जल क्षेत्र युद्धपोत है। इसे विशेष रूप से तटीय क्षेत्रों, बंदरगाहों और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए विकसित किया गया है। जहाज में हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और आधुनिक सोनार प्रणाली लगाई गई है। यह दुश्मन की पनडुब्बियों को तटीय क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही पहचानकर कार्रवाई करने में सक्षम है।

## ट्रंप की चेतावनी : होर्मुज बंद किया तो ईरान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

एजेंसी

**वॉशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की ईरानी चेतावनी पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि यदि ईरान ने ऐसा कदम उठाया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप ने दावा किया कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा और नियंत्रण सुनिश्चित कर सकता है।

ट्रंप ने एक कैबिनेट बैठक के दौरान कहा कि यदि वैश्विक तेल आपूर्ति और समुद्री व्यापार को बाधित करने की कोशिश की गई तो अमेरिका आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका इस जलमार्ग पर नियंत्रण स्थापित कर वहां से



गुजरने वाले जहाजों से शुल्क भी वसूल सकता है।

उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का प्रयास उसके लिए नुकसानदायक साबित होगा। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका क्षेत्रीय सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की ओर से बरही उत्सव वाटिका में बृहत योग शिविर का हुआ आयोजन




## ब्राउन शुगर से होने वाले दुष्परिणाम से कराया गया अवगत, सेवन नहीं करने का दिलाया गया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश एवं बरही अनुमंडल इकाई की ओर से बरही के उत्सव वाटिका में भव्य योग शिविर सह ब्राउन शुगर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पहले सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन से जुड़े लोग एवं आम जनता बरही रेलवे स्टेशन रोड स्थित होटल एके पैलेस पहुंचे और वहां से गाजे बाजे के साथ करे योग, रहे निरोग, ब्राउन शुगर मुक्त हो बरही, योग के शरण में आयें बीमारियां भगाएं आदि नारों के साथ प्रभात फेरी सह जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बरही चौक होते हुए तिलैया रोड उत्सव वाटिका पहुंची। उत्सव वाटिका में भव्य योग शिविर का आयोजन हुआ। योगाचार्य शिव कुमार पांडेय, इंद्रदेव गुप्ता एवं एकल कार्यकर्ता सह योगाचार्य सुनैना देवी ने सा ही को योगाभ्यास कराया। योग, प्राणायाम सहित कई तरह की आसन का अभ्यास कराया। साथ ही योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी। इसके साथ ही आयुर्वेद को अपनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं संचालन प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ डॉ सुनील कुमार दत्त एवं अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने किया। बतौर अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, राष्ट्रीय विधि सचिव आत्मानंद कुमार पांडेय, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव एवं राष्ट्रीय कल्याण सचिव बिपिन बिहारी पांडेय मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश सचिव प्रो हीरामन साव, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल पंडित, घनश्याम यादव, प्रदेश विधि सह सचिव तुलसी यादव,प्रदेश कल्याण सचिव प्रदीप कुमार रजक, दिलीप कुमार गुप्ता, प्रदेश एडवाइजर अशोक कुमार यादव, कार्यकारिणी समिति सदस्य ब्रह्मदेव यादव, सरयू साव, प्रदेश प्रभारी विधि प्रकोष्ठ उदय सिंहा, प्रदेश कोषाध्यक्ष रविशंकर कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल बरही, भारत एसोसिएट, एकल विद्यालय एवं दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र की मुख्य सहभागिता रही। इसके साथ ही सनराइज एकेडमी करियातपुर के द्वारा परिवहन की व्यवस्था देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के द्वारा बरही में बढ़ते ब्राउन शुगर से होने होने दुष्परिणाम से अवगत कराया और संकल्प दिलाया कि आज से कोई ब्राउन शुगर का सेवन नहीं करेंगे। यदि कोई सेवन करता है, खरीद बिक्री करते देखा जाता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को देंगे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर लगभग ८०० लोग शामिल होकर योग किया। सभी को चना गुड एवं शरबत दिया गया।

## एक नजर

### ब्राउन शुगर के साथ बरकट्ठा का युवक गिरफ्तार



**बरही :** नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बरकट्ठा के एक युवक को 5 ग्राम ब्राउन शुगर और 11400 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। रविवार को बरही एसडीपीओ कार्यालय में सीसीआर हजारीबाग के डीएसपी मो अरमानुल हक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को सूचना मिली थी कि बरकट्ठा बाजार से बरवा जाने वाली मुख्य ग्रामीण सड़क पर स्थित बुढ़िया माता मंदिर के पास एक व्यक्ति ब्राउन शुगर की बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस की छापेमारी टीम गठित कर कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 5 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ कुंदन कुमार पंडित बरकट्ठा बाजार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 11,400 रुपये नकद तथा मोटोरोला का एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ, जिसे जब्त कर लिया गया। युवक के खिलाफ बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 96/26, दिनांक 20 जून 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) एवं 29 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी दल में डीएसपी मो. अरमानुल हक, बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत, पुलिस अवर निरीक्षक कन्हैया प्रसाद एवं बरकट्ठा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन विधायक हुए शामिल



**बरही :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बरही प्रखंड प्रशासन की ओर से रविवार को नगर भवन बरही में भव्य योग एवं प्राणायाम सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बरही विधायक मनोज यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। योग शिविर में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, बीसीओ संजय यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।योग प्रशिक्षक अनिल मिश्रा, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, दीपक सोनी, दीपक गुप्ता व रंजीत केशरी ने उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। प्रशिक्षकों ने ताड़ासन, पवनमुक्तासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम, शीतकारी प्राणायाम तथा उज्जायी प्राणायाम सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने नियमित योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक तनाव को दूर करने और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर विधायक मनोज यादव ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक शांति प्राप्त होती है तथा व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# सीमित संसाधनों में मेहनत का कमाल, चौपारण की खुशबू बनी बाल विकास विभाग की अधिकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चौपारण :** मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर चौपारण की बेटी खुशबू कुमारी ने बड़ी सफलता हासिल कर प्रखंड का नाम रोशन किया है। पड़रिया गांव निवासी मोहन प्रसाद यादव की नातिन खुशबू ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर बाल विकास विभाग में अधिकारी पद हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे चौपारण क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। खुशबू ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी तक का पूरा सफर चौपारण स्थित अपने ननिहाल में रहकर तय किया। सीमित संसाधनों के बीच भी उन्होंने अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातार मेहनत जारी रखी और आखिरकार सफलता का परचम लहराया। उनकी सफलता पर परिवार, रिश्तेदारों और ग्रामीणों में खुशी की लहर है। लोगों ने खुशबू को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि क्षेत्र की छात्राओं और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और मजबूत इच्छाशक्ति के दम पर कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। सफलता की खबर मिलते ही ननिहाल और गांव में जश्न का माहौल बन गया। परिजनों और ग्रामीणों ने खुशबू का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: बरही में योग और नशा मुक्ति रैली का आयोजन, युवाओं ने लिया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत पीपल ट्री वेंचर्स मेगा स्किल्स सेंटर, आर.एन.वाई.एम. कॉलेज बरही में योग कार्यक्रम और नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं, प्रशिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। योग सत्र में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम जैसे आसनों का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने युवाओं को बताया कि नियमित योग से तन-मन स्वस्थ रहता है और एकाग्रता बढ़ती है। बैनर-पोस्टर के साथ निकली नशा मुक्ति रैली योग के बाद बैनर और पोस्टर लेकर नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। "योग करें, स्वस्थ रहें - नशा छोड़ें, जीवन संवारें" के नारे गूंजे। रैली के जरिए लोगों को नशे के शारीरिक-मानसिक दुष्प्रभावों और स्वस्थ-सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। ऑपरेशन मैनेजर दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को योग के प्रति प्रेरित करना और नशा मुक्त समाज का संदेश देना था। पीपल ट्री वेंचर्स मेगा स्किल्स सेंटर के पदाधिकारियों ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के साथ स्वस्थ जीवनशैली जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ रहने और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और युवाओं ने स्वास्थ्य व सामाजिक जागरूकता का संदेश घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 1.550 किलो अफीम 7 लाख नकद, बोलेरो समेत 3 तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चौपारण थाना क्षेत्र से 1.550 किग्रा अफीम, 7 लाख नकद और बोलेरो वाहन के साथ 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है।

**चतरा मोड़ के पास पकड़े गए तस्कर**

पुलिस को 20 जून की सुबह 5 बजे सूचना मिली थी कि बरही से कुछ अफीम तस्कर चौपारण में अफीम की खरीद-बिक्री करने आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित की गई। टीम ने चतरा मोड़ के आगे लोहार स्थान के पास वाहन चेकिंग शुरू की। शाम करीब 6:35 बजे बरही की तरफ से आ रही सफेद बोलेरो को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने गाड़ी घुमाकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गाड़ी रोक ली।

तलाशी में गाड़ी की सीट से प्लास्टिक में लपेटा 7,00,000 रुपये नकद बरामद हुआ। पकड़े गए तस्कर पुना राम उम्र 40 वर्ष, पिता मेगाराम, निवासी तोलेसर, थाना आगोलाई, जिला जोधपुर राजस्थान और रामलाल उम्र 45 वर्ष, पिता बीरमा राम, निवासी डोहली, थाना बलोत्रा, जिला बलोत्रा राजस्थान ने बताया कि वे अफीम खरीदने के लिए अहरी के अरविंद कुमार के पास जा रहे थे।

**अहरी गांव में छापा, 1.550 किग्रा अफीम बरामद**

दोनों के निशानदेही पर चौपारण थाना क्षेत्र के अहरी गांव में छापामारी की गई। राहुल कुमार खरवार के घर से अलग-अलग प्लास्टिक में कुल 1.550 किग्रा अफीम बरामद किया गया। इस दौरान राहुल कुमार खरवार, पिता रामचंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अरविंद कुमार फरार हो गया। फरार अरविंद की अपाची बाइक भी बरामद कर ली गई।

इस संबंध में चौपारण थाना कांड संख्या 157/26, दिनांक 21.06.2026, धारा 17(C)/18(b)/21(C)/22(C)/29 NDPS Act के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही थी। पुलिस फरार तस्कर अरविंद कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## अवैध बालू कारोबार को लेकर थाना प्रभारी ने बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**बड़कागांव :** बड़कागांव में अवैध रूप से संचालित बालू कारोबार को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार रात्रि को पुलिस द्वारा छापेमारी की गई ,जिसमें रूदी गांव से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया। वहीं कार्रवाई में अंधेरे का लाभ उठाकर ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। पुलिस ने सिल्वर रंग की आयसर कंपनी का ट्रैक्टर जे एच 02 ए डब्लू 9404 नंबर की अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को कार्रवाई हेतु थाना ले लाई है। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक एनजीटी लागू है , नदियों से बालू उत्खनन करना गैर कानूनी है ,जो भी अवैध खनन करते पकड़े जाएंगे उन्हें किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा, कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। निरंतर छापामारी जारी रहेगी ,नदियों से अवैध बालू उत्खनन कार्य न करें।

# चाणक्य आईएएस अकादमी ने किया हजारीबाग के प्राचार्यों को सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले हजारीबाग जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों को कौशल्या प्लाजा, पुराना बस स्टैंड स्थित चाणक्य आईएएस अकादमी में भव्य समारोह में सम्मानित किया गया।

समारोह में उन प्राचार्यों का स्वागत सह सम्मान हुआ जिन्होंने उत्कृष्ट नेतृत्व, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाई है। सम्मानित प्राचार्यों में विजय कुमार दास - उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय करियातपुर बरही, रविकांत ओम - प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बरही, सुनील कुमार यादव - उत्क्रमित हाई स्कूल खोड़ाआहर बरही, शिव कुमार राम - +2 हाई स्कूल बरही, सकलदेव यादव - आस्था पब्लिक स्कूल बरही, सुधाकर यादव - इंडियन एंथम स्कूल श्रीनगर बरसोत बरही, राजेंद्र प्रसाद मेहता - सी.एम. स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरही, नंदू रविदास - पीएम श्री अपग्रेड +2 स्कूल बेलतू केरेडारी, रविकांत वर्मा - पीएम श्री अपग्रेड हाई स्कूल मेढ़कुरी दारू सहित कई स्कूलों के प्रमुख शामिल रहे।

चाणक्य आईएएस अकादमी के निदेशक विनय मिश्रा और महाप्रबंधक रीमा मिश्रा ने सभी प्राचार्यों को बुके, शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा जगत में समर्पण से काम कर रहे शिक्षाविदों का सम्मान करना था। चर्चा में शिक्षा की गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा भावना के विकास और सिविल सेवा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

निदेशक विनय मिश्रा ने कहा कि प्राचार्य सिर्फ प्रशासक नहीं, समाज और राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण सूत्रधार हैं। उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों का व्यक्तित्व बनता है। महाप्रबंधक रीमा मिश्रा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है और इसमें प्राचार्यों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

कैरियर मार्गदर्शन पर सहमति

सम्मानित प्राचार्यों ने अकादमी की पहल की सराहना की और कहा कि इससे उनका उत्साह बढ़ा है। कार्यक्रम में अकादमी और स्कूलों के बीच समन्वय कर विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में सहयोग देने पर भी सहमति बनी। सभी ने एक स्वर में कहा कि शिक्षा जगत के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना मजबूत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार होने चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### डीलर संघ चुनाव संपन्न, सत्येंद्र गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष चुने गए



**बड़कागांव :** बड़कागांव गुरुदयाल महतो सभागार भवन में रविवार को जन वितरण प्रणाली दुकानदार डीलर संघ का चुनाव किया गया। चुनाव में कुल 119 मतदाताओं ने भाग लिया एवं मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए सत्येंद्र गुप्ता एवं वीरेंद्र प्रसाद आमने-सामने थे ,जिसमें सत्येंद्र गुप्ता को 81 वोट एवं वीरेंद्र प्रसाद को 36 वोट प्राप्त हुआ। सत्येंद्र ने 45 वोट के भारी अंतर से लगातार दूसरी बार जीत हासिल की। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए एतवा तुरी को 82 वोट एवं नरेश बेड़िया को महज 36 वोट प्राप्त हुआ। इनके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए चरण राम को 89 मत एवं जयप्रकाश राम को 30 मत प्राप्त हुआ। जिला अध्यक्ष नंदू प्रसाद एवं उपस्थिति पदाधिकारीओं के द्वारा विजय प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र सोंपा गया। वही सचिव पद के लिए बालेश्वर कुमार लगातार चौथी बार निर्विरोध चुनाव जीते। निर्वाचित अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने कहा कि लोगों ने जिस उम्मीद विश्वास के साथ मुझे पुनः अध्यक्ष बनाया है मैं डीलरों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाऊंगा और उस समस्या को दूर कराने का प्रयास भी कराऊंगा। मौके पर बैजनाथ महतो, पवन सिंह, सुनील सिन्हा, शहादत हुसैन, संजय हुसैन, गंगाधर साहू ,कूदन राम, संजय प्रसाद ,फूलचंद , योगेश्वर राम, पवन सिंह, रवि कुमार ,जीवन कुमार , काजिम अंसारी,उर्मिला देवी ,राजेंद्र साहू, फुलेश्वर साव, सोनू कुमार गुप्ता, सुरेंद्र रजवार,जितेंद्र कुमार ,सुरेंद्र राम के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### एनएमएल बादम कोयला खनन परियोजना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया




**बड़कागांव :** एनएमएल बादम कोयला खनन परियोजना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व परियोजना प्रमुख के. चंद्रशेखर ने किया। इस अवसर पर श्री सीताराम माझी, एजीएम (माइनिंग),वाई देवाशीष, एचओडी, विभागाध्यक्षों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। योग सत्र का संचालन अनुभवी योग प्रशिक्षक मुस्कान राणा द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, स्ट्रेचिंग अभ्यासों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ योग सत्र में भाग लिया और सभी गतिविधियों में रुचिपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर अपने संबोधन में के. चंद्रशेखर ने शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कर्मचारियों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित रूप से योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

### दारू थाना ने ग्राम जिनगा में चलाया जन जागरूकता अभियान, नशा-सायबर ठगी से बचने के दिए टिप्स



**दारू :** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने रविवार को जन जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम जिनगा के पंचायत भवन में जनप्रतिनिधियों और महिलाओं के साथ बैठक की गई।

बैठक में नशा मुक्ति, बाल विवाह रोकथाम, महिला घरेलू हिंसा, मानव व्यापार, सायबर अपराध, नाबालिग बच्चों की सुरक्षा और देखभाल के तरीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने लोगों को समझाया कि अनजान व्यक्ति पर तुरंत भरोसा न करें, ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके। साथ ही किसी भी आपराधिक घटना की सूचना समय पर पुलिस को देने और 'Zero FIR' की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। Zero FIR के तहत पीड़ित व्यक्ति किसी भी थाने में बिना क्षेत्र देखे अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है

। पुलिस का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक करना है, ताकि अपराधों पर समय रहते रोक लगाई जा सके। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ योगाभ्यास



**बरही :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही के सभागार में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "योग रखे निरोग" की भावना को चरितार्थ करते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, आचार्यों एवं गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न योगासनों का अभ्यास आचार्य राजू कुमार के मार्गदर्शन में कराया गया। इस दौरान आचार्य राजू कुमार ने मयूरासन तथा धीरज कुमार ने शीर्षासन का आकर्षक प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को योग के प्रति प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार एवं साहू समाज के मुखिया सह पदेन सदस्य सुरेश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 177 सदस्य देशों ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को स्वस्थ, निरोग और दीघार्यु बनाता है। साहू समाज के मुखिया सुरेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन कम से कम तीन किलोमीटर पदयात्रा अवश्य करनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहन, आचार्यगण एवं दीदीजी की सक्रिय सहभागिता रही।

# योग स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन की समग्र पद्धति : राज्यपाल संतोष गंगवार

## लोक भवन के बिरसा मंडप में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को राजभवन स्थित लोक भवन के बिरसा मंडप में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली बच्चों समेत कुल 253 लोगों ने भाग लिया।

राज्यपाल ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन जीने की समग्र पद्धति है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित कर व्यक्ति को आत्म-अनुशासन, सकारात्मक सोच और आंतरिक शांति की ओर अग्रसर करता है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत और मानव कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने नियमित योग करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।



### कोरोना काल में भी साबित हुई योग की उपयोगिता

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच योग एक प्रभावी और प्राकृतिक समाधान बनकर उभरा है। कोरोना महामारी के दौरान योग ने लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने और आत्मविश्वास मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री मोदी रांची में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जबकि इस वर्ष उन्होंने कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लिया।

### बच्चों के लिए योग व्यक्तित्व विकास का आधार

राज्यपाल ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की भागीदारी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए योग एकाग्रता, अनुशासन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का मजबूत माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से धैर्य, सकारात्मक सोच और जीवन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण विकसित होता है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग ने रांची में आयोजित किए कई योग कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से रांची और आसपास के विभिन्न संस्थानों में कई योग एवं ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में हजारों लोगों ने भाग लेकर योग और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।



डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (डालसा) और झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) की संयुक्त देखरेख में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी जिलों के प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया। इसमें जेलों, रिमांड होम और वृद्धाश्रमों के लोग भी जुड़े। आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक पी.एन. सिंह ने सत्र का संचालन किया। इस अवसर पर कुल 25 हजार प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम में एपेक्स सदस्य सहेन्द्र सिन्हा और डॉ. जे.बी. डेविड विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मानस पल्स और उज्ज्वल भास्कर के नेतृत्व में सेल रांची यूनिट्स के लिए सेल सैटेलाइट कॉलोनी कम्युनिटी हॉल तथा मेकॉन कर्मचारियों के लिए मेकॉन कम्युनिटी हॉल में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अजीत और मौसमी बनर्जी के नेतृत्व में टीम ने धुर्वा स्थित फिशरीज ट्रेनिंग सेंटर में योग सत्र आयोजित किया, जिसमें 200 से अधिक किसानों ने भाग लिया। वहीं अंतरा और कौशिक के नेतृत्व में टीमों ने आईसीएआर-निसा और आईसीएआर पालंडू में योग कार्यक्रम संचालित किए।



आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भी ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। वहीं रांची जेल में प्रशिक्षक संदीप ने लगभग 2000 बंदियों के लिए विशेष योग और ध्यान सत्र का संचालन किया।

आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक गौरव, सुपर्णा, तुषार और नमिता ने विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# रांची विश्वविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास, स्वास्थ्य मंत्री ने योग को बताया स्वस्थ जीवन का आधार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह रांची विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती दीक्षांत मंडप में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह छह बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों, योग प्रशिक्षकों, योग साधकों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में योग के प्रति जागरूकता, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रखी गई है। इसी थीम को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम के दौरान लोगों को नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योग कर स्वास्थ्य और मानसिक शांति का संदेश दिया।



योगाभ्यास शुरू होने से पूर्व राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति और जीवन पद्धति की अमूल्य धरोहर है। सदियों से योग मानव जीवन को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य करता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, भागदौड़ और मानसिक दबाव के बीच योग लोगों को मानसिक संतुलन बनाए रखने तथा सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने सभी प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मन को शांति मिलती है। उन्होंने लोगों से योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।



कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में बढ़ता स्क्रीन टाइम और बदलती जीवनशैली लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। ऐसे समय में योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। योग न केवल शरीर को लचीला और स्वस्थ बनाता है, बल्कि व्यक्ति को अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है तथा आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक होता है।

इस अवसर पर योगासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि इन खिलाड़ियों की सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे अधिक से अधिक युवाओं को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक योगाभ्यास का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। योग सत्र में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची के विधायक सी.पी. सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद् और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**रांची** : आर टी सी पब्लिक स्कूल अनगडा ,में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह, अनुशासन एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रशासन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योगाभ्यास का संचालन विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक हरिनाथ सिंह यादव द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र नाथ महतो भी उपस्थित रहे एवं विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और उत्साह से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि, योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। वर्तमान समय में योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं सफल जीवन जीने की एक महत्वपूर्ण जीवनशैली बन चुका है। विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, जिससे वे शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से एकाग्र तथा नैतिक रूप से सशक्त बन सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चिलदाग मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया योगाभ्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अनगडा प्रखंड के चिलदाग स्कूल मैदान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं, स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करते हुए योग के महत्व को समझा। वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वक्ताओं ने बताया कि नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की जरूरत है ` योग दिवस के इस आयोजन के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से राम कुमार पहान पूर्व सुरेन्द्र महतो ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू दुर्गा महतो रामेश्वर महतो सिकेंदर अंसारी हिमालय चौधरी सुनील महतो राजेश साहू रामनाथ महतो सुप्रेश महतो आदि शामिल थे।

# मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र में योगासन कार्यक्रम आयोजित

## योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर : अमरेन्द्र कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार,(धुर्वा) में योगाभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता व विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर जी के अनुयायी उज्ज्वल भास्कर के मार्गदर्शन में अजीत कुमार व उनके सहयोगियों के नेतृत्व में मत्स्य कृषकों ने योग किया। इस मौके पर अजीत कुमार (रेलवे इंजीनियर) द्वारा किसानों को योगाभ्यास कराया गया। वहीं, महिला मत्स्य कृषकों के लिए मौसमी बनर्जी, विशाखा दास, प्रेमा, नेहा द्वारा योग कराया। इस अवसर पर निदेशक मत्स्य अमरेन्द्र कुमार, शंभू प्रसाद यादव, (उप मत्स्य निदेशक), जयंत रंजन, (जिला मत्स्य पदाधिकारी, रांची), गीतांजलि मैडम, (सहायक मत्स्य निदेशक, अनुसंधान), सुनील सिंह, (सांख्यिकी पदाधिकारी, पशुपालन सचिवालय), रेवती हांसदा, सहायक मत्स्य निदेशक, मंजूश्री तिर्की (मत्स्य प्रसार पदाधिकारी) भी उपस्थित थे।




योगाभ्यास के पश्चात निदेशक मत्स्य अमरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। प्राचीन काल से ही योग की महत्ता रही है। योग करने से शरीर निरोग रहता है।

योग कार्यक्रम में शंकर प्रजापति, कमलेश कुमार, यश बनर्जी, नंदन झा, मनोज कुमार, आशीष कुमार सहित काफी संख्या में मत्स्य कृषक उपस्थित थे।

# चिलदाग एस.एस. हाई स्कूल चिलदाग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**रांची**: प्रखंड स्थित एस.एस. हाई स्कूल चिलदाग में 21 जून को राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर योग के महत्व को समझा। कार्यक्रम में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। विद्यालय विद्यालय के प्रधाध्यापक संगीता ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। योग के माध्यम से तनाव मुक्त जीवन, एकाग्रता एवं सकारात्मक सोच का विकास होता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर हैल्थी एजिंग (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग) रखी गई है, जो स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने प्रतिदिन योग करने एवं दूसरों को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति नई चेतना का संचार किया।



# झारखंड के 67 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा रविवार को झारखंड के 67 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। राजधानी रांची में सर्वाधिक 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए थे।

परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों ने अपने प्रदर्शन को लेकर संतोष व्यक्त किया और बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई। राज्यभर में किसी भी केंद्र से बड़ी गड़बड़ी या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन पर संतोष व्यक्त किया।



परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने व्यवस्था को संतोषजनक बताया। कई छात्रों ने प्रश्नपत्र को संतुलित और सिलेबस आधारित बताया। अभ्यर्थी अंजलि कुमारी ने कहा कि इस बार का प्रश्नपत्र संतुलित था और अधिकांश प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुरूप थे। वहीं राहुल कुमार ने कहा कि पिछले प्रयास की तुलना में इस बार प्रश्नों को समझना अपेक्षाकृत आसान लगा। स्नेहा तिर्की ने परीक्षा केंद्र की व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों की सराहना करते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रही, हालांकि प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी अनिश्चितताएं विद्यार्थियों के लिए मानसिक दबाव का कारण बनती हैं।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। सभी केंद्रों पर दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी, जबकि महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया गया ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। रांची के अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत ने बताया कि जिले के सभी 21 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता थी, जिसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

# संत माईकल + 2 स्कूल, मुरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**सिल्ली** : मुरी संत माईकल + 2 स्कूल, मुरी में 12 वी. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं एवं शिक्षको ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया आयोजित योग - शिविर में विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने अपने पी.टी. शिक्षक सत्य काम महतो के नेतृत्व में योगाभ्यास किया। इस मौके पर योग निंद्रा, नाड़ी शोधन प्राणयाम, भ्रामरी प्राणायाम, शशांकासन, वृक्षासन, कपालभाती, अनुलोम विलोम आदि योग किया। मौके पर विद्यालय के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने कहा कि योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं तथा योग से शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदे भी बहुत होते है । स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री सी. एल. प्रजापति ने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम का एक प्राचीन अभ्यास है। योग अभ्यासों में शारीरिक व्यायाम जिन्हें 'आसन' कहा जाता है, श्वास तकनीक और ध्यान शामिल हैं। योग मन शरीर और आत्मा के बीच सामान्य कल्याण और सामजस्य को बढ़ाने का प्रयास करता है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएँ उत्पल कुमार, जयंत कुमार , रीना साहु, मनीषा सिंह, राहुल कुमार मिलन, दीपिका कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सिमरन कुमारी, डॉली महतो, प्रीति नंदा, सीमा झा, नीता कुमारी, ममता गोस्वामी, प्रीति लता मुंडू, रमेश गोराई, मंजू कुमारी इत्यादि मौजूद थे।



# योग की अलख से जागा देवरिया, महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में स्वास्थ्य, संस्कार और अनुशासन का भव्य संगम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी उच्च विद्यालय, देवरिया (भुरकुंडा) में शनिवार को भव्य एवं प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा के वातावरण से गूंज उठा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकताओं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।




कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास किया। योग सत्र के दौरान पूरा परिसर उत्साह, एकाग्रता और सकारात्मकता से भर उठा। प्रतिभागियों ने योग को नियमित जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है जो शरीर, मन और आत्मा–तीनों को संतुलित करती है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति तनावमुक्त रहता है, उसकी कार्यक्षमता बढ़ती है और जीवन में अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। योग भारतीय संस्कृति की वह अमूल्य धरोहर है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वास्थ्य और शांति का संदेश दिया है।

कार्यक्रम के दौरान यह भी कहा गया कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला होते हैं। ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने योग को दैनिक दिनचर्या में अपनाने, इसे जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में स्वास्थ्य एवं अनुशासन की अलख जगाने का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रामगढ़ में योग दिवस पर गूंजा 'स्वस्थ और सशक्त समाज' का संदेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला आयुष समिति रामगढ़ एवं नमामि गंगे योजना के संयुक्त तत्वावधान में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और पौधारोपण के साथ हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, सिविल सर्जन सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। अधिकारियों ने योग को स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का माध्यम बताया। उपायुक्त ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है, जो शरीर और मन दोनों को संतुलित रखता है। वहीं उप विकास आयुक्त ने युवाओं से योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन 'स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र' के संकल्प के साथ किया गया।

## योग के रंग में रंगा बरकाकाना ओपी परिसर पुलिसकर्मियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को बरकाकाना ओपी थाना परिसर में स्वास्थ्य, ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देने वाला सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों, जवानों, गृहरक्षकों एवं चौकीदारों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम का नेतृत्व ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा ने किया। उनके साथ सअनि परीक्षित महतो एवं सअनि अरविंद कुमार सिंह ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मियों को योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई।

ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। वहीं सअनि परीक्षित महतो ने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में योग तनाव को कम करने और कार्यक्षमता बढ़ाने का सबसे सरल उपाय है।

कार्यक्रम में साक्षर आरक्षी अयूब खान, आरक्षी पंकज कुमार, अभिनव यादव, संजीद खान, चालक हवलदार जेशार शाह, गृहरक्षक प्रदीप तिग्गा, कुलदीप महतो, चौकीदार सुखदेव करमाली, मो. शराफत, नशीम अंसारी एवं धनराज करमाली सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा गोहाल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा गोहाल परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन प्राचार्य राजेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संतोष कुमार द्वारा किया गया।

45 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार (सेना मेडल) की अनुमति एवं सहयोग से संस्थान को योग केंद्र के रूप में विकसित किया गया। इसमें आसपास के विद्यालयों के एनसीसी कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

योग सत्र में योगाचार्या कृति सुमन मोदी एवं योगाचार्य उदय कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के महत्व पर प्रकाश डाला। पूरे परिसर में योगमय और अनुशासित वातावरण देखने को मिला। प्राचार्य राजेश कुमार ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। वहीं लेफ्टिनेंट संतोष कुमार ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है, जिसे जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में योग प्रशिक्षकों एवं अतिथियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं एनसीसी कैडेटों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मारवाड़ी युवा मंच का सामूहिक योग सत्र, 200 से अधिक लोगों की भागीदारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा द्वारा स्थानीय फुटबॉल मैदान परिसर में भव्य सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

योगाचार्य ने प्रतिभागियों को योग को केवल व्यायाम नहीं बल्कि संपूर्ण जीवनशैली और विज्ञान के रूप में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने अष्टांग योग के विभिन्न आयामों के साथ ताड़ासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया।

मुख्य अतिथि योग गुरु आकाश सेठ ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर को स्वस्थ और मन को तनावमुक्त रखता है। उन्होंने इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" को अपनाने पर जोर दिया।

मंच के अध्यक्ष मोहित संघई ने नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की, जबकि सचिव अतुल खेतान ने योग को जन-जन तक पहुंचाने के लक्ष्य पर बल दिया।

## एक नजर

### वनांचल फैक्ट्री में श्रमिक की मौत

**रामगढ़ :** गोला थाना क्षेत्र के मठवाटांड़ स्थित वनांचल फैक्ट्री में कार्यरत 45 वर्षीय श्रमिक विदेशी मंडल की मौत के बाद फैक्ट्री की सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, कार्य के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें चित्तरंजन सेवा सदन ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। स्थानीय श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि रेफर के बावजूद उन्हें बेहतर अस्पताल ले जाने में देरी हुई। हालांकि इस मामले में अभी तक प्रबंधन का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना के बाद जांच और मृतक के परिजनों को मुआवजे की मांग तेज हो गई है। प्रशासन ने जांच की बात कही है।

### भाजपा झुमरी तिलैया उत्तरी ने किया योग कार्यक्रम



**झुमरी तिलैया :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा झुमरी तिलैया उत्तरी द्वारा अड्डी बंगला स्थित देवी मंडप में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम, जिला उपाध्यक्ष सुभाष मोदी, नगर अध्यक्ष इंद्रदेव बर्णवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने योग को स्वास्थ्य, मानसिक शांति और संतुलित जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की।

### जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजित

**कोडरमा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंडल कारा कोडरमा में स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि जेल में आने वाला हर बंदी अपराधी नहीं होता। बंदियों को अपराध की दुनिया से निकलकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होना चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में वह स्वच्छ समाज के निर्माण में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़ में सुरक्षा कवच मजबूत: चौकीदारों को दिए गए सख्त निर्देश



**रामगढ़ :** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रामगढ़ पुलिस ने रविवार को सभी थाना और ओपी परिसरों में चौकीदारी परेड का आयोजन किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने चौकीदारों को अपने-अपने बीट क्षेत्रों में सक्रिय रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और समय पर सूचना पुलिस तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जमीनी स्तर की सटीक जानकारी ही अपराध नियंत्रण की सबसे मजबूत कड़ी है। साथ ही चौकीदारों को ग्रामीण क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया गया। पुलिस ने कहा कि चौकीदार पुलिस और ग्रामीण समाज के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनकी सक्रियता से कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होती है। कार्यक्रम के अंत में चौकीदारों ने अपने क्षेत्रों में सतर्क रहकर पुलिस को सहयोग देने और सुरक्षित समाज के निर्माण में भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### भुरकुंडा में उचक्कों का आतंक, बुजुर्ग महिला से सोने की चेन झपटकर फरार



**रामगढ़ :** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के पटेलनगर स्थित कैथोलिक आश्रम स्कूल के पीछे शिवमंदिर आईएजी कॉलोनी में रविवार शाम एक बुजुर्ग महिला से झपटमारी की घटना सामने आई, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, 80 वर्षीय तारा देवी भदानीनगर नीचे बाजार से होम्योपैथिक दवा लेकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक ने पता पूछने के बहाने उन्हें रोका और बातचीत के दौरान उनके गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि संदिग्ध युवक को उन्होंने पहले भी इलाके में घूमते देखा था। वारदात के बाद वह तेजी से मौके से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही भुरकुंडा पुलिस सक्रिय हो गई और आसपास के क्षेत्रों में जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध युवक बाइक पर नजर आया है, जिसके आधार पर पुलिस उसकी पहचान में जुटी है। पुलिस ने इलाके में नाकेबंदी और छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। मामले की जांच जारी है।

### सेवानिर्वित्त डीडीसी स्व. नारायण मोदी की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब



**जयनगर :** जयनगर प्रखंड के परसाबाद स्थित कटिया बाजार में झारखंड सरकार के सेवानिवृत्त उपविकास आयुक्तस्व. नारायण मोदी की श्रद्धांजलि सभा भावपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, कोडरमा एलआरडीसी यशमिता सिंह, बीडीओ गौतम कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने स्व. मोदी के जीवन को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और संघर्ष की मिसाल बताते हुए कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों से आगे बढ़कर प्रशासनिक सेवा में उच्च स्थान प्राप्त किया। वर्ष 1973 में इढरउ परीक्षा पास कर वे कई जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर रहे और 2004 में गोड्डा के ऊ्ळ्ळ पद से सेवानिवृत्त हुए। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि उनका जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

### कोडरमा में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं : महेश कुमार यादव

**कोडरमा :** जयनगर थाना क्षेत्र के डहुआटोल खदान से युवक का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि जिले में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे कानून-व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गुमशुदगी की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई भी सवालों के घेरे में है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की अपील की।

# कोडरमा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीएम उच्च विद्यालय, डोमचांच परिसर में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक नीरज यादव तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ।



इस वर्ष की थीम ह्लस्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगह्व के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेटों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग गुरुओं द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया, जिससे पूरा परिसर योगमय वातावरण में परिवर्तित हो गया।

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है, जो आज पूरे विश्व में स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक रोगों से बचाव होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है और व्यक्ति अधिक सकारात्मक एवं ऊजार्वान बनता है।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एनसीसी अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास कराया और उनके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग को यदि नियमित जीवन में शामिल किया जाए तो यह कई बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकता है।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। यह व्यक्ति को अनुशासित, स्वस्थ और सकारात्मक सोच वाला बनाता है, जिससे समाज में भी शांति और विकास का वातावरण बनता है। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने और इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक शांति पाठ एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# योग दिवस कार्यक्रम में उपेक्षा से नीरा यादव हुईं नाराज, अधिकारियों को सुनाई खरी-खोटी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** रविवार को डोमचांच स्थित सीएम प्लस टू हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम के दौरान उस समय बड़ा विवाद हो गया, जब स्थानीय विधायक को मंच पर दीप प्रज्वलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया। कार्यक्रम में कोडरमा की सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें कुछ अतिथियों को ही मंच पर बुलाया गया। इस दौरान विधायक डॉ. नीरा यादव को नजरअंदाज किए जाने से विवाद बढ़ गया। मंच से अलग रखे जाने पर विधायक डॉ. नीरा यादव ने इसे प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि वह पिछले 12 वर्षों से लगातार योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेती रही हैं, लेकिन इस तरह का व्यवहार पहले नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक सरकारी कार्यक्रम था। इसके बावजूद न तो मंच पर उनका नाम प्रदर्शित किया गया और न ही उनकी तस्वीर लगाई गई।विधायक ने इसे अपमानित करने वाला कृत्य बताते हुए कहा कि इस तरह की लापरवाही प्रशासनिक स्तर पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विधायक डॉ. नीरा यादव ने वहां कहा कि वह इस व्यवहार से आहत होकर कार्यक्रम छोड़कर जा सकती थीं, लेकिन यह प्रधानमंत्री से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन था, इसलिए उन्होंने कार्यक्रम में बने रहना उचित समझा। उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ इस प्रकार का व्यवहार न केवल असम्मानजनक है, बल्कि प्रोटोकॉल की अनदेखी भी है। विधायक डॉ नीरा यादव ने यह भी कहा कि वह इस मामले को उच्च स्तर पर उठाएंगी ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो। कार्यक्रम के दौरान काफी देर तक माहौल तनावपूर्ण रहा तो वहीं कई वरीय अधिकारी भी सहज नहीं दिखे।



## एक नजर

### जेएलकेएम ने पूर्वी सिंहभूम जिला संगठन का किया विस्तार, सुब्रत महतो बने वरीय उपाध्यक्ष



**पूर्वी सिंहभूम :** झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के पूर्वी सिंहभूम जिला संगठन का विस्तार करते हुए पार्टी नेतृत्व ने संघर्षशील, कर्मठ एवं हमेशा जनता के बीच सक्रिय रहने वाले सुब्रत महतो को जिला प्रवक्ता के पद से पदोन्नति करते हुए जिला वरीय उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो द्वारा जारी पत्र के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। सुब्रत महतो को जिला वरीय उपाध्यक्ष बनाए जाने की सूचना मिलते ही पटमदा, बोड़ाम प्रखंड सहित जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र एवं पूरे पूर्वी सिंहभूम जिले के पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकताओं एवं समर्थकों ने उनका स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुब्रत महतो ने पार्टी अध्यक्ष जयराम महतो, केंद्रीय नेतृत्व एवं सभी कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं, बल्कि पार्टी द्वारा जताया गया विश्वास और भरोसा है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, विस्तार एवं जनहित के मुद्दों को लेकर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी के विचारों एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। सुब्रत महतो के जिला वरीय उपाध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के कार्यकताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। इसके साथ ही पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र से कई कार्यकताओं को भी संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिसमें फनी भूषण महतो को जिला प्रवक्ता, बाहदुर सहिस को जिला वरीय उपाध्यक्ष, बुद्धेश्वर महतो एवं सुसेन महतो को जिला उपाध्यक्ष, कृष्ण प्रसाद महतो को जिला सचिव तथा अनिल बास्के, श्याम सुंदर महतो, प्रदीप महतो, निर्मल महतो सहित अन्य कार्यकताओं को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। पार्टी कार्यकताओं ने नई जिम्मेदारियां मिलने वाले सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत

**बड़कागांव :** प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम महुदी में ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत हो गई। सूत्रों के द्वारा बताया गया कि ग्राम महुदी निवासी 25 वर्षीय गोविंद महतो ट्रैक्टर लेकर कार्य के लिए जा रहा था अचानक ट्रैक्टर का स्टेरिंग काम नहीं किया और ट्रैक्टर पलट गया जिससे गोविंद महतो की मौत हो गई। इस घटना की खबर से गांव में मातम का माहौल है। वहीं परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो बच्चे को छोड़कर चल बसे। लोगों के बीच चर्चा का विषय यह है की किसी का कहना है कि यह खेत की जुताई करने के लिए जा रहा था तभी यह घटना घटी और किसी का कहना है की हहारो नदी से बालू उठाव कर अन्यत्र बालू में करने के लिए जा रहा था। परिजनों के द्वारा मृतक के पार्थिक शरीर का अंतिम संस्कार कर दी गई है। इधर एनजीटी को लेकर 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू उठाव बंद है।

# योग से तन-मन निरोग, पचुवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस में उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अमड़ापाड़ा :** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर पचुवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस परिसर में शनिवार को भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देशभर में मनाए जा रहे योग दिवस समारोह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।
भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के निदेर्शानुसार आयोजित कार्यक्रम में वेस्ट बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड , बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड तथा शार प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के 100 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की।
कार्यक्रम की शुरूआत बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा प्रा. लि. के वाइस प्रेसिडेंट दिलीप तमान के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने सभी से नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इसके बाद प्रतिभागियों ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं विश्राम अभ्यास किए। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी ने पूरे उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग मानसिक शांति, कार्यक्षमता और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से खनन एवं औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए योग स्वास्थ्य संरक्षण और तनाव प्रबंधन का महत्वपूर्ण साधन साबित हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योग करने तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।
पचुवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस में आयोजित यह सफल कार्यक्रम कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के प्रति डब्ल्यूबीपीडीसीएल, बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा प्रा. लि. तथा शार प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कार्यक्रम ने कर्मचारियों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं कल्याण अभियान को भी मजबूती प्रदान की।

## तिरुलडीह थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**तिरूलडीह :** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को तिरुलडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चांडिल पुलिस निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने की। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अंजुमन कमिटी के सदस्यों तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मुहर्रम के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने तथा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है। इसे आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाया जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में मौजूद शांति समिति एवं अंजुमन कमिटी के सदस्यों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव, उप प्रमुख एकराम अंसारी, गोरा चांद सिंह, विजय कुईरी सहित अंजुमन कमिटी के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सदर थाना पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान 'झार-फूंक' के नाम पर ठगी से बचने की दी हिदायत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सदर चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में शहर थाना क्षेत्र में माइकिंग के जरिए ठगी रोकथाम का अभियान चलाया। शहरी क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिसकर्मियों ने माइकिंग कर आम लोगों, खासकर महिलाओं को जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि सोने-चांदी के आभूषण चमकाने या झार-फूंक करने के नाम पर घूमने वाले किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने गहने न दें। पुलिस ने कहा कि ऐसे ठग बातों में उलझाकर या 'तांत्रिक उपाय' का झांसा देकर कीमती आभूषण लेकर फरार हो जाते हैं। किसी भी अजनबी पर भरोसा न करें और संदिग्ध दिखने पर तुरंत 112 या नजदीकी थाने को सूचना दें। अभियान का मकसद शहरवासियों को ठगी के नए तरीकों से सतर्क करना है। सदर थाना पुलिस ने अपील की कि यदि कोई व्यक्ति जबरन गहने मांगता है या झार-फूंक की बात करता है, तो उसकी बातों में न आएं।
माइकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों से सतर्क रहने और जागरूकता का संदेश आगे बढ़ाने का आग्रह भी किया।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र -छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम के अभ्यास से हुई। विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन तथा अनुलोम-विलोम सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस दौरान योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई। प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि "21 जून को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। विद्यार्थियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि "आज के तनावपूर्ण जीवन में योग की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ एकाग्रता और अनुशासन भी विकसित होता है।" विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन योग के प्रति जागरूकता फैलाने के संकल्प के साथ किया गया।

## मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति समिति की बैठक में सौहार्द बनाए रखने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** मोहर्रम पर्व को लेकर बरही में प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। आगामी जुलूस, ताजिया और पहलाम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने साफ संदेश दिया कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट से बचने, निर्धारित रूट और समय का पालन करने तथा आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक में अखाड़ा समितियों, जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य लोगों ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया।

**मोहर्रम को लेकर प्रशासन की विशेष तैयारी**

बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने की। इस दौरान थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कानून - व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

**अफवाहों और भ्रामक पोस्ट से बचने की अपील**

अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने उपस्थित लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध सूचना की पुष्टि किए बिना उसे साझा नहीं करें। प्रशासन सोशल मीडिया गतिविधियों पर लगातार नजर रखेगा।

**ताजिया और जुलूस के रूट पर हुई चर्चा**

बैठक में विभिन्न अखाड़ों के खलीफाओं से ताजिया, सिपल जुलूस और पहलाम के समय एवं मार्ग की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने सभी समितियों से निर्धारित समय - सीमा और प्रशासन द्वारा तय रूट चार्ट का पालन करने का आग्रह किया। विशेष रूप से ताजिया पहलाम समय पर संपन्न कराने का निर्देश दिया गया, ताकि यातायात और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित न हो।

# जैप-07 पदमा में नए वॉलीबॉल मैदान का उद्घाटन, मैत्री मैच में प्रशिक्षण केंद्र की टीम विजेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** पुलिस बल में शारीरिक दक्षता, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड सशस्त्र पुलिस-07, हजारीबाग में नए वॉलीबॉल मैदान का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही JAP-07 हजारीबाग और JAP प्रशिक्षण केंद्र, पदमा के बीच मैत्री वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।
नए वॉलीबॉल मैदान का उद्घाटन समादेष्टा अविनाश कुमार, भा.पु.से. ने किया। उद्घाटन के बाद दोनों इकाइयों के कप्तानों के बीच टॉस कर मैत्री मैच शुरू हुआ।

**रोमांचक मुकाबले में प्रशिक्षण केंद्र पदमा विजेता**

मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मैच के बाद JAP प्रशिक्षण केंद्र, पदमा की टीम विजेता घोषित हुई, जबकि खअढ-07 हजारीबाग उप-विजेता रही।

**खेल से मजबूत होता है पुलिस बल**

समादेष्टा अविनाश कुमार ने कहा कि खेलकूद गतिविधियां पुलिस बल के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के साथ आपसी समन्वय, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करती हैं। ऐसे मैत्रीपूर्ण आयोजन विभिन्न इकाइयों के बीच सहयोग और बेहतर तालमेल स्थापित करते हैं, जिससे ड्यूटी के दौरान भी समन्वित और प्रभावी कार्य निष्पादन सुनिश्चित होता है।

खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया
समापन पर दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर तथा विजेता व उप-विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समादेष्टा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन करने पर बल दिया, ताकि पुलिस बल शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सशक्त और कर्तव्य निर्वहन के लिए तत्पर बना रहे। कार्यक्रम का समापन खिलाड़ियों और अधिकारियों के बीच आपसी सौहार्द, सहयोग और खेल भावना के संदेश के साथ हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### योग दिवस पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम, स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने का संदेश



**सरिया :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को सरिया प्रखंड के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ ललित नारायण तिवारी एवं सीओ संतोष कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। वहीं सरिया उच्च विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल, संत मैरी पब्लिक स्कूल, संत जेवियर्स स्कूल तथा हाईस्कूल स्टेडियम में भी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक योग किया। इसके अलावा केशवारी बाजारटांड़, कोयरीडीह, चिचाकी, बंदखारो, बागोडीह समेत कई गांवों में सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणों द्वारा योग शिविर लगाए गए।योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों की जानकारी देते हुए नियमित अभ्यास पर जोर दिया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। योग दिवस के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए योग अपनाने का संदेश दिया गया।

### आदर्श मध्य विद्यालय सहित सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थान में हुआ योग




**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के विभिन्न इलाकों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान आदर्श मध्य विद्यालय बांगुड़दा में शिक्षक शिक्षिकाएं,छात्र छात्राओं ने ऊर्जा के साथ योग किया। इस दौरान योग कार्यक्रम का नेतृत्व शिक्षिका सुष्मिता खा ने प्रधानाचार्य विष्णु पद महंती की दिशा निर्देश पर मनाया गया। इस दौरान सभी बच्चों ने शिक्षक शिक्षिकाएं के साथ ताल से ताल मिलाकर योगाभ्यास किया। ईको क्लब के द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पौधारोपण भी किया गया।वही वर्ग छः के छात्र स्टारजीत महतो ने पेंटिंग के माध्यम से योग दिवस पर प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विष्णु पद महंती,शिक्षक ब्रह्मपद तिवारी, सुष्मिता खां, विनय कुमार पांडे, फुलमनी कच्छप,अनीता गोराई उपस्थित थी।

### बीनापाणी विद्या मंदिर में बच्चों ने किया योग



**पटमदा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बीनापाणी विद्या मंदिर कटीन में स्कूली बच्चों ने शिक्षक अमित त्रिपाठी और त्रिदेव मिश्रा की उपस्थिति में योगाभ्यास किया। इस दौरान शिक्षक अमित त्रिपाठी ने बताया कि योग शरीर को स्वस्थ रखने का मूल मंत्र है। योग सभी रोगों का निवारण करता हैं। डायरेक्टर विश्वनाथ त्रिपाठी ने कहा कि हमे प्रतिदिन नियमित योग करना चाहिए। शरीर को स्वस्थ,सुडौल बनाने के लिए योगा करना जरूरी है। इधर पटमदा प्रखंड सभागार में भी प्रखंड और अंचल कर्मी,आरोग्य मंदिर के चिकित्सक सहित ग्रामीणों ने भी योगाभ्यास कर स्वस्थ्य शरीर निरोग शरीर का संकल्प लिया। इस दौरान सीओ सह अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास, डॉ राकेश कुमार पाल,शक्ति प्रामाणिक,दीपक मिश्रा सहित कई प्रखंड कर्मी ने योगाभ्यास थे।

### पश्चिमी वन प्रमंडल की बड़ी कार्रवाई, बरही में 2 अवैध आरा मशीन सीज, 300 सीएफटी लकड़ी जब्त



**बरही :** हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के DFO IFS मौन प्रकाश के निर्देश पर बरही रेंज अंतर्गत अवैध आरा मशीनों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। IFS मोहित कुमार बंसल के नेतृत्व में टीम ने मौजा करगइयो और मौजा गैपहाड़ी गांव में छापेमारी कर दो अवैध आरा मिल ध्वस्त कर दिए। छापेमारी के दौरान दोनों जगहों से 2 अवैध आरा मशीन, लगभग 300 सीएफटी गोल बोटा लकड़ी, 30 सीएफटी चिरान लकड़ी, 2 जनरेटर इंजन, लकड़ी कुन्नी और आरा पत्ती जब्त की गई। छापा पड़ते ही मौके पर अफरातफरी मच गई और संचालक सामान छोड़कर फरार हो गए। मौके पर टीम का नेतृत्व कर रहे IFS मोहित बंसल ने बताया कि अवैध आरा मिल और अवैध लकड़ी के धंधे पर आगे भी ऐसी ही कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग अवैध लकड़ी के धंधे में लिप्त हैं वे संभल जाएं। विभाग किसी भी सूरत में अवैध लकड़ी के कारोबार का सफाया करेगा। इस संयुक्त कार्रवाई में बरही, चौपारण रेंज की टीम और ज्वाइंट ऑपरेशन टीम शामिल थी। टीम में फॉरेस्टर अमर आनंद सरस्वती, फॉरेस्टर पंकज कुमार, फॉरेस्टर संतु कुमार सहित दर्जनों वनकर्मी और बरही पुलिस के जवान मौजूद थे। खबर लिखे जाने तक 2 से अधिक लोगों को नामजद कर वन वाद दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि अवैध लकड़ी कटान या आरा मिल की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

## योग: आनंद का सागर

योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसके बीज सूत्र ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर "मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन" पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। किताब में योग के बारे में लिखा है, "शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।" मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज योग से परिचित थे। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, "जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।" मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, "आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, "आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।" सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, "आनंद प्रशिक्षित मन से आता है।" मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे। मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिक काल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। माना जाता है कि वे पुष्यमित्र शुंग के परामर्शदाता थे। पतंजलि ने पाणिनि के व्याकरण पर महाभाष्य लिखा था। उन्होंने ही "योगसूत्र" नामक महान ग्रंथ लिखा है। भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। सांसारिक भोग सुख नहीं देते। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख-दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का मजेदार विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। बाईबिल में भी योग के संकेत हैं। बाइबिल (मैथ्यू 5.3) में कहते हैं, "वे धन्य हैं जो मन के दीन हैं। स्वर्ग का राज्य उनका है।" एकाग्र मन आनंद का स्रोत है। मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में "तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु" जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं-कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, यथाभिमतध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है।

# 22 जून 1897 : चापेकर बंधुओं का साहसिक प्रतिकार और भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन की नींव

**वरुण कुमार**

भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल राजनीतिक आंदोलनों, जनसभाओं और अहिंसक संघर्षों का इतिहास नहीं है, बल्कि यह उन असंख्य वीरों के त्याग, बलिदान और साहस की भी गाथा है जिन्होंने विदेशी शासन के अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध प्रतिकार का मार्ग चुना। ऐसे ही महान क्रांतिकारियों में चापेकर बंधुओं का नाम अत्यंत सम्मान और श्रद्धा के साथ लिया जाता है। 22 जून 1897 का दिन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में दर्ज है। इसी दिन दामोदर हरि चापेकर और बालकृष्ण हरि चापेकर ने पुणे में ब्रिटिश प्लेग कमिश्नर वाल्टर चार्ल्स रैंड और उसके सहयोगी लेफ्टिनेंट एयर्स्ट पर गोली चलाकर ब्रिटिश शासन को यह संदेश दिया था कि भारतवासी अब अन्याय और अपमान को चुपचाप सहने वाले नहीं हैं।चापेकर बंधुओं की यह कार्रवाई केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं थी, बल्कि वह उस दमनकारी शासन के विरुद्ध प्रतिरोध का उद्घोष थी जिसने भारतीय समाज के सम्मान, संस्कृति और स्वाभिमान को कुचलने का प्रयास किया था। इस घटना ने भारतीय युवाओं में क्रांतिकारी चेतना का संचार किया और आगे चलकर अनेक क्रांतिकारी संगठनों तथा आंदोलनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में पुणे सहित महाराष्ट्र के अनेक क्षेत्रों में प्लेग महामारी फैल गई थी। बीमारी ने हजारों लोगों की जान ले ली थी और जनता भय तथा असुरक्षा के वातावरण में जी रही थी। इस महामारी से निपटने के लिए ब्रिटिश सरकार ने वाल्टर चार्ल्स रैंड को विशेष प्लेग कमिश्नर नियुक्त किया।रैंड और उसके अधीन कार्यरत अधिकारियों ने महामारी नियंत्रण के नाम पर ऐसे कठोर कदम उठाए जिन्होंने जनता के जीवन को और अधिक कष्टदायक बना दिया। ब्रिटिश सैनिक बिना अनुमति घरों में घुस जाते, महिलाओं की गोपनीयता और सम्मान की परवाह किए बिना तलाशी लेते, धार्मिक स्थलों तक को नहीं छोड़ते और लोगों को जबरन घरों से निकालकर पृथक शिविरों में भेज देते। भारतीय समाज के लिए यह केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं थी, बल्कि उनके सामाजिक और धार्मिक जीवन पर सीधा आघात था।पुणे के नागरिकों में इन कार्यवाहियों के प्रति गहरा आक्रोश था। लोग बीमारी से कम और ब्रिटिश अधिकारियों के व्यवहार से अधिक भयभीत रहने लगे थे। अनेक समाचार पत्रों और सामाजिक नेताओं ने इन कार्यवाहियों की आलोचना की, किंतु सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया।

उस समय महाराष्ट्र में राष्ट्रीय चेतना का उभार हो रहा था। बाल गंगाधर तिलक के नेतृत्व में स्वदेशी भावना और राष्ट्रीय स्वाभिमान को बल मिल रहा था'तिलक ने अपने समाचार पत्र ह्यकेसरीह्न के माध्यम से ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियों की आलोचना की और जनता को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया।तिलक द्वारा आरंभ किए गए सार्वजनिक गणेशोत्सव और शिवाजी उत्सव ने समाज में राष्ट्रीय चेतना जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। इन आयोजनों में युवाओं को देशभक्ति, संगठन और संघर्ष की प्रेरणा मिलती थी। चापेकर बंधु भी इसी राष्ट्रवादी वातावरण से प्रभावित थे।हालाँकि तिलक प्रत्यक्ष रूप से हिंसक क्रांति के समर्थक नहीं थे, लेकिन उनके लेखों और विचारों ने भारतीय युवाओं में आत्मसम्मान और प्रतिरोध की भावना को मजबूत किया। यही वातावरण आगे चलकर चापेकर बंधुओं जैसे युवाओं को अन्याय के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाने के लिए प्रेरित करने वाला बना।

चापेकर परिवार मूलतः महाराष्ट्र का एक धार्मिक और संस्कारित परिवार था। दामोदर हरि चापेकर, बालकृष्ण हरि चापेकर और वासुदेव हरि चापेकर तीनों भाइयों का पालन-पोषण देशभक्ति और धार्मिक मूल्यों के वातावरण में हुआ था।उनके पिता हरि विनायक चापेकर प्रसिद्ध कीर्तनकार थे। कीर्तन के माध्यम से वे भारतीय संस्कृति, धर्म और राष्ट्रभक्ति के संदेश का प्रचार करते थे। इसी वातावरण ने बाल्यकाल से ही चापेकर बंधुओं के मन में देशप्रेम और स्वाभिमान की भावना उत्पन्न कर दी।युवावस्था में उन्होंने व्यायाम, शारीरिक प्रशिक्षण और संगठन निर्माण पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने युवाओं का एक समूह बनाया जो राष्ट्रभक्ति और आत्मरक्षा की भावना से प्रेरित था। धीरे-धीरे उनका संगठन ब्रिटिश शासन के विरोध का केंद्र बन गया। पुणे में प्लेग नियंत्रण के नाम पर हो रहे अत्याचारों ने चापेकर बंधुओं को गहराई से विचलित किया। उन्होंने महसूस किया कि केवल विरोध या शिकायत से ब्रिटिश अधिकारी नहीं मानेंगे। उनके अनुसार अत्याचार के प्रतीक बन चुके रैंड को दंडित करना आवश्यक था।काफी विचार-विमर्श और तैयारी के बाद रैंड पर हमला करने की योजना बनाई गई। चापेकर बंधुओं ने उसके आवागमन और गतिविधियों पर नजर रखी। उन्होंने कई दिनों तक अवसर की प्रतीक्षा की। विक्टोरिया के शासन के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पुणे के गवर्नमेंट हाउस में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया था। चापेकर बंधुओं को पता था कि रैंड इस समारोह में अवश्य उपस्थित होगा। उन्होंने इसी अवसर को अपनी योजना के लिए चुना।समारोह समाप्त होने के बाद रैंड और अन्य अधिकारी अपनी-अपनी बग्घियों में लौट रहे थे। रात का समय था और उत्सव का माहौल बना हुआ था।दामोदर और बालकृष्ण चापेकर पहले से ही घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही रैंड की बग्घी निकली, उन्होंने उस पर गोली चला दी। इसी दौरान लेफ्टिनेंट एयर्स्ट भी निशाना बना।एयर्स्ट की तत्काल मृत्यु हो गई, जबकि रैंड गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ दिनों तक उपचार चलने के बाद उसकी भी मृत्यु हो गई।इस घटना ने पूरे ब्रिटिश प्रशासन को हिला दिया। पहली बार किसी भारतीय क्रांतिकारी कार्रवाई ने इतने उच्च पदस्थ ब्रिटिश अधिकारी को निशाना बनाया था। सरकार स्तब्ध थी और उसने दोषियों को पकड़ने के लिए व्यापक अभियान शुरू कर दिया।

ब्रिटिश प्रशासन ने घटना की जांच के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और गुप्तचरों को लगाया। अंततः मुखबिरों की सहायता से दामोदर चापेकर को गिरफ्तार कर लिया गया।उन पर मुकदमा चलाया गया और उन्हें मृत्युदंड सुनाया गया। 18 अप्रैल 1898 को उन्हें फाँसी दे दी गई। फाँसी के समय भी उनके चेहरे पर भय नहीं था। वे अपने कृत्य को राष्ट्रहित में आवश्यक मानते थे।बाद में बालकृष्ण चापेकर और वासुदेव चापेकर भी गिरफ्तार किए गए। दोनों को भी मृत्युदंड दिया गया। इस प्रकार तीनों भाइयों ने मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

चापेकर बंधुओं की कार्रवाई का प्रभाव तत्कालीन भारत पर अत्यंत गहरा पड़ा। ब्रिटिश सरकार ने इसे अपराध बताया, किंतु बड़ी संख्या में भारतीयों ने इसे अन्याय के विरुद्ध प्रतिकार के रूप में देखा।उनकी वीरता ने युवाओं के मन में यह विश्वास जगाया कि ब्रिटिश शासन अजेय नहीं है। उनके बलिदान ने आने वाली पीढ़ी के क्रांतिकारियों को प्रेरित किया।बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब और उत्तर भारत के अनेक युवाओं ने चापेकर बंधुओं के जीवन से प्रेरणा ली। बाद में जिन क्रांतिकारी संगठनों का गठन हुआ, उनमें चापेकर बंधुओं का उदाहरण अक्सर दिया जाता था।

चापेकर बंधुओं का जीवन केवल एक ऐतिहासिक प्रसंग नहीं है, बल्कि राष्ट्रभक्ति, साहस, संगठन और आत्मसम्मान का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग कर देश और समाज के सम्मान की रक्षा को सर्वोपरि माना।आज जब भारत स्वतंत्र और लोकतांत्रिक राष्ट्र है, तब उनके बलिदान का स्मरण हमें यह सिखाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल अधिकारों से नहीं, बल्कि कर्तव्यों, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण से होता है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी देश की प्रगति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के लिए कार्य कर सकती है।

22 जून 1897 की घटना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। चापेकर बंधुओं ने ब्रिटिश अत्याचार के विरुद्ध जो साहसिक प्रतिकार किया, उसने राष्ट्रवादी आंदोलन को नई दिशा दी और क्रांतिकारी चेतना को बल प्रदान किया। उनका बलिदान केवल तीन भाइयों की शहादत नहीं था, बल्कि वह भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक था।

आज, जब हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, तब चापेकर बंधुओं के त्याग, साहस और राष्ट्रनिष्ठा को स्मरण करना हमारा कर्तव्य है। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि राष्ट्र के सम्मान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए समर्पण, साहस और दृढ़ संकल्प सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनके बलिदान की गाथा भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी।इतिहासकारों का मानना है कि चापेकर बंधुओं की कार्रवाई आधुनिक भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन की प्रारंभिक घटनाओं में से एक थी। इससे पहले भी ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष हुए थे, लेकिन यह घटना संगठित राजनीतिक प्रतिकार के रूप में विशेष महत्व रखती है।आगे चलकर विनायक दामोदर सावरकर, खुदीराम बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद तथा अनेक अन्य क्रांतिकारियों ने जिस सशस्त्र क्रांति की परंपरा को आगे बढ़ाया, उसकी प्रेरणा के स्रोतों में चापेकर बंधुओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इतिहासकारों ने चापेकर बंधुओं के योगदान का पुनर्मूल्यांकन किया। आज उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी क्रांतिकारियों में गिना जाता है।

# युद्ध-प्रेमी और जनसंहारी इजराइल पर लगाम जरूरी

**तनवीर जाफरी**

अमेरिका -ईरान के मध्य फिलहाल युद्धविराम हो चुका है। घोर अविश्वास के बीच हुआ यह युद्ध विराम कब तक चलेगा कुछ कहा नहीं जा सकता। परन्तु ईमानदाराना युद्ध विराम लागू होने की स्थिति में हारमूज स्ट्रेट जलमार्ग के खुलने से पूरे विश्व पर मंडराने वाले संकट के बादल छंटने से पूरी दुनिया जरूर राहत की सांस लेगी। हाँ यदि कोई एक देश इस युद्ध विराम व शांति से खुश नहीं है वह है इकलौता देश इस्राईल। इस्राईल विगत लगभग 50 वर्षों से फिलिस्तीन व लेबनान क्षेत्र में रक्तपात करता आ रहा है। अब तक लाखों बेगुनाह लोगों की हत्यायें कर चुका इस्राईल मात्र अपनी सीमाओं के विस्तार के लिये रक्तपात करता आ रहा है। निश्चित रूप से इस्राईल की इस आक्रामकता के पीछे शुरू से ही अमेरिका व अन्य कई पश्चिमी देशों का संरक्षण मुख्य कारण रहा है। परन्तु अब अमेरिका भी इस्राइल विशेषकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अनियंत्रित आक्रामकता से तंग आ चुका है। गजा नरसंहार के चलते अंतर्राष्ट्रीय अदालत के वारंट का सामना कर रहे प्रधानमंत्री नेतन्याहू अब अपने 'संरक्षक' अमेरिका से भी आये दिन झिड़कियां खा रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि केवल अमेरिका की सरपरस्ती के चलते परन्तु अमेरिका की इच्छा के विपरीत इस्राइल अनेक बार लेबनान व गजा में युद्ध विराम का उललंघन करता आ रहा है। इसकी वजह से कई बार शांति की संभावनाओं को पलीता लग चुका है। अमेरिका के राजनैतिक हल्कों में इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि नेतन्याहू ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उकसा व भड़काकर तथा गलत जानकारियां देकर ईरान के साथ युद्ध में झोंक दिया। जिसके परिणामस्वरूप न केवल अमेरिका में इसका भारी विरोध हुआ बल्कि कई उच्चाधिकारी यही कहते हुये इस्तीफा भी दे गये कि वे अमेरिकी हितों की रक्षा के लिये तो युद्ध कर सकते हैं परन्तु इस्राइली हितों के लिये हरगिज नहीं।

यही वजह है कि अब राष्ट्रपति ट्रंप भी अब इंसानी खून के प्यासे नेतन्याहू की शातिराना चालबाजियों को देर से ही सही, परन्तु भांप चुके हैं। पिछले दिनों अमेरिका -इस्राईल बनाम ईरान युद्ध में उलझ चुका अमेरिका जब जब इस युद्ध से बाहर निकलने की कोशिश करता है , तब तब इस्राईल कभी युद्ध विराम का उल्लंघन व अवहेलना कर तो कभी युद्ध विराम को अस्वीकार कर विश्वशांति को धक्का पहुँचाता रहा है। हद तो यह है कि अमेरिका- ईरान के मध्य होने वाली शांति वार्ताओं से ठीक पहले या उसी दौरान इस्राइल द्वारा कतर की राजधानी दोहा में हमास के वातार्कारों के दल को निशाना बनाकर हवाई हमला किया गया। इस हमले में हमास के वातार्कारों के 6 सदस्य मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने इस हमले की निंदा करते हुये इसे कतर की सम्प्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का खुला उल्लंघन करार दिया था।

और अब इस्राइली युद्धोन्माद इस हद तक पहुँच चुका है कि दुनिया में सबसे अधिक युद्धरत रहने वाला अमेरिका भी इस्राइली आक्रामकता पूर्ण रवैये से तंग आकर नेतन्याहू व इस्राईली आक्रामकता के पक्षधर कट्टरपंथी नेतृत्व को न केवल आइना दिखने लगा है बल्कि उसके लिये ऐसी शब्दावली का इस्तेमाल कर रहा है जोकि किसी भी स्वाभिमानी प्रधानमंत्री व उस के देश के लिये शर्म की बात है। इन कड़वे व तल्ख बयानों के आधार पर कहा जा सकता है कि 2026 में अमेरिका-इस्राईल रिश्ते न केवल ठन्डे पड़ रहे हैं बल्कि दोनों देशों के संबंध इस वक़्त के सबसे खराब दौर से भी गुजर रहे हैं । उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों G-7 समिट के मंच से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू को "क्रेजी" कहा और दावा किया- "मेरे बिना इस्राईल का अस्तित्व नहीं होता" । ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा - "तुम पागल हो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते"। इसी तरह अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गत 18 जून को ईरान-अमेरिका MoU साइन होने के बाद नेतन्याहू व इस्राईल को संबोधित करते हुये कहा कि "पूरी दुनिया में अमेरिका तुम्हारा इकलौता दोस्त बचा है, तुम उसी के खिलाफ खड़े हो"? वेंस का यह बयान ईरान-अमेरिका डील होने के बावजूद इस्राईल द्वारा लेबनान पर किये गये हमले के सन्दर्भ में था जिससे ईरान-अमेरिका डील पर असर पड़ा था और हारमूज स्ट्रेट खुलने के बाद ईरान द्वारा इसे पुनः बंद करने की घोषणा कर दी गयी थी। अब 20 जून को पुनः ईरान के खातम अल-अंबिया मुख्यालय ने घोषणा की है कि होर्मुज स्ट्रेट को जहाजों के लिए 'बंद' किया जा रहा है। इस घोषणा के पीछे भी दक्षिणी लेबनान में इस्राईल की ओर से 'लगातार युद्धविराम का उल्लंघन' और लेबनान के 'लोगों का क्रूर जनसंहार और विस्थापन' को कारण बताया गया है। गौरतलब है कि इस्राईल के कुछ कट्टरपंथी मंत्रियों ने अमेरिका-ईरान के बीच हुये MoU (संयुक्त समझौता) का खुलकर विरोध किया है और कट्टरपंथियों का नेतृत्व करने वाले नेतन्याहू भी इस समझौते से कतई खुश नहीं हैं ।

इसी बीच नेतन्याहू के लिये एक बार फिर बुरी खबर आ रही है। उनपर उनके अपने ही देश में भ्रष्टाचार के मामले को लेकर जेल जाने के तो आसार नजर आ ही रहे हैं साथ ही पांच नॉर्डिक देशों, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन ने भी संकेत दिया है कि उन्हें इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के सदस्य के तौर पर नेतन्याहू के विरुद्ध जारी क्ळउ के अरेस्ट वारंट पर कार्रवाई करनी होगी। ICC ने नवंबर 2024 में गजा संघर्ष से जुड़े कथित युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए इस्राईल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के लिए वारंट जारी किए थे।

## सूडोकु नवताल- 7833

✶✶✶✶✶ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7832 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# मनुष्य के चित्त का भटकाव रोकता है योग

**अरुण कुमार दीक्षित**

योग का अर्थ जोड़ होता है। योग व्यक्ति के अन्तस का रसायन शास्त्र परिवर्तित कर देता है। योग से व्यक्ति के अंदर प्रेम रस के स्रोत आने लगते हैं। नई चेतना आने लगती है। ऊर्जा से मनुष्य भर जाता है। व्यक्ति अप्रेम से प्रेम की ओर उन्मुख हो जाता है। व्यक्ति द्वैत से अद्वैत की यात्रा में आ जाता है। ऐसा योगी जन कहते आए हैं। हमारे जैसों ने हमने योग किया। अमुक ने योग किया। कुछ घटित नहीं हुआ। फलित नहीं हुआ। हम तत्काल निष्कर्ष पर जाते हैं। हमें वह नहीं हो रहा जो शास्त्रों में बताया गया है।

श्रीकृष्ण कहते हैं कर्म तुम्हें करना है। तुम फल क्या आएगा इस निष्कर्ष में न पड़ो। श्रीकृष्ण कहते हैं "कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचनः" तुम्हारा अधिकार कर्म करने का ही है। परिणाम पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। परिणाम में तुमसे संबंध नहीं है। तुम फल से असंबद्ध ही रहो। वे आगे कहते हैं ₹मा कर्मफलहेतुर्भर₹ तुम स्वयं को अपने कर्मों फलों का कारण मत जानो। वह निष्काम कर्म की बात कर रहे हैं। वे कह रहे हैं फल की ओर ध्यान न देकर पूरी शक्ति कर्म पर लगा दो। यहां यह भी लगता है कि जब पूरी शक्ति किसी कर्म में लगेगी तो बहुत संम्भव है परिणाम अच्छा आएगा। गीता में योग के विषय में कहा गया है कि जीव का परमात्मा के साथ जो सम्बंध है वह योग है। वस्तु व्यक्ति क्रिया, पदार्थ, घटनाओं वस्तुओं आदि के सम्बंध भोग है। योग नित्य और भोग अनित्य है।

पतंजलि श्रीकृष्ण के बाद हुए। पतंजलि योगाश्चितवृत्ति निरोध की देशना में है। पतंजलि कहते हैं योग से मनुष्य के चित की वृत्तियों का निरोध हो जाता है। चित्त का भटकाव रुक जाता है। चित्त का व्यापार रुक सकता है। मगर पतंजलि का यह वक्तव्य बड़ा कठिन मालूम पड़ता है। योग में कैसे उतरा जाए। कोई योग का विद्यार्थी पहली सीढ़ी में क्या करे। यहाँ ध्यान रहे की बात चित्त वृत्ति के निरोध की हो रही है। रोकने की हो रही है। और हम जीवन व्यापार में लगातार उठते बैठते लगे रहते हैं। हम आँख बंद कर योग के लिए बैठते हैं हमको सब दृश्य लाभ-हानि के दिखाई देने लगते हैं। तभी संपत्ति भी दिखाई देने लगती है। यहाँ फिर वही बात है कि माया पीछा करती है। बड़ी कठिनाई है? योग से यह कठिनाई चली जाती है। और योग में उतरने के पहले ही यह कठिनाइयां योग में जाने नहीं देती हैं। जीवन के अनेक नए पुराने दृश्य दिखाई देने लगते हैं। जैसे ही आँख बंद कर बैठे वैसे जगत सामने नृत्य करता है। ज्ञानी जनो ने इसे माया कहा। कबीर ने कहा कि माया महाठगिनी हम जानी।


लोग गुरुओं के पास जाते हैं वह व्यायाम को योग बताने लगते हैं। यह और झंझट है। योग में व्यायाम आ गया। व्यायाम और कसरत योग से भिन्न है। हाँ व्यायाम से शरीर हृष्ट-पुष्ट बलिष्ठ बनता है। व्यायाम और आहार की शुद्धता आलस्य नही आने देते हैं। आहार ठीक नहीं तो शरीर खराब होगा। आहार उत्तेजक है या अधिक है तो शरीर मन दोनों उत्तेजना में रहेंगे। इसलिए शुद्ध आहार से शुद्ध विचार आते हैं। मगर चेतना का स्तर ऊर्ध्व नहीं होता है। योग बिलकुल अलग बात है।

पतंजलि योग की पहली सीढ़ी में कहते हैं। यम। यम के पांच अर्थ बताए गए हैं। पहला है अहिंसा। मन और वचन शब्दों से किसी को कष्ट न होने पाए। कोई आपसे दुखी न होने पाए। दूसरा है सत्य। अब यह और कठिन है। सत्य का व्यवहार करना है। दिन-रात झूठ के व्यवहार हैं। व्यापार भी हैं। राजनीति में दिनभर असत्य बोलने की कार्यवाही है। ईशावास्योपनिषद की एक ऋचा में कहा गया है, कि परम सत्य का मुँह हिरण्यमय स्वर्ण पात्र से ढंका है। उपनिषदों में सत्य (ब्रह्म) को निराकार अजन्मा कहा गया है। उपनिषद दार्शनिक और खोज पर जोर देते हैं। गीता में ज्ञान के साथ कर्म कर्तव्य पर जोर है। सत्य को ही बोला जाए सत्य को पहले ही जान लिया जाए। यहाँ फिर तब योग की आवश्यकता पर प्रश्न है। तीसरा है अस्तेय। चोरी न करना। किसी वस्तु की चोरी न करना। यहां चोरी न करना सनातन में निंदित रहा है। भारतीय संस्कृति में बुद्ध, महावीर, श्री अरविंद भी चोरी नहीं करने और अहिंसा पर जोर देते हैं। गांधी ने भी अहिंसा पर जोर दिया। यहाँ पतंजलि चोरी न करने की बात को भी योग से जोड़ते हैं। चित्त से जोड़ते हैं। चोरी न करना योग में उतरने में सहायक बता रहे हैं। अहिंसा को सत्य को चित्त की वृत्ति से जोड़कर योग में जाने का मार्ग वे प्रशस्त करते दिखाई देते हैं। फिर कहते हैं ब्रह्मचर्य। अपनी इंद्रियों को संयम में रखना। अपनी ऊर्जा को बचाकर रखना। इसके बाद है अपरिग्रह। अर्थात वस्तुओं को एकत्रित न करना। संग्रह न करना।

यहाँ निर्मल चित्त योग की नदी पार करने की यात्रा में सहायक होगा। गीता में ही कृष्ण कह रहे हैं योग शारीरिक अभ्यास नहीं है। आत्मा और परमात्मा के मिलन के समभाव में रहकर अपना कर्तव्य निर्वाह ही योग है। गीता अध्याय 2 में श्लोक 48 में उन्होंने ₹समत्वं योग उच्चते कहा है₹। कृष्ण कहते हैं कि सफलता या असफलता की चिंता किए बिना समभाव में रहकर अपना कर्तव्य निर्वाह ही योग है। फिर वह कर्म योग की बात करते हैं। निष्काम कर्म को श्रेष्ठ कह रहें हैं। गीता में योग के तीन प्रमुख मार्ग बताए गए हैं। पहला कर्म योग निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करना। दूसरा भक्ति योग पूर्ण श्रद्धा और प्रेम के साथ ईश्वर की शरण में जाना। तीसरा है ज्ञान योग। विवेक और ज्ञान योग के माध्यम से सत्य को जानना। योग व्यायाम नहीं है आत्मा का परमात्मा से मिलन और जीवन जीने की उत्कृष्ट कला है योग। गीता में योग कर्मसु कौशलम्‌ अर्थात कर्म में कुशलता। श्रीकृष्ण कहते हैं कर्मों की पूरी कुशलता और संतुलन के साथ करना ही योग है। यहां कुशलता का अर्थ चतुराई नहीं है बल्कि अनासक्त फल की इच्छा के बिना कर्तव्य पालन है।

## दैनिक पंचांग

**22 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 07.05 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | सिंह | 09.21 बजे से |
| मंगल | वृष में | कन्या | 11.33 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.44 बजे से |
| गुरु | कर्क में | वृश्चिक | 15.59 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 18.15 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 20.20 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 22.06 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.39 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | मेष | 01.09 बजे से |
| | | वृष | 02.50 बजे से |
| | | मिथुन | 04.48 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 173 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** अष्टमी 15.41 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 10.23 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 10.31 बजे को समाप्त। **करण** बव 15.41 बजे तदनन्तर बालव 04.06 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 6.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872748 **जूलियन दिन** 2461213.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 06 **विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी, धूमावती जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**एक नजर**

## 501 कलश के साथ निकला भव्य कलश यात्रा, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से शुरू



**साहिबगंज:** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत हरिपुर शिवालय में रविवार से पांच दिवस राधा कृष्ण, गणेश भगवान एवं बजरंगबली का मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूजन कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। सुबह 501 कलश के साथ महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुए। ढोल नगाड़ा गाजे बाजे घोड़ा और रथ के साथ मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकलकर कॉलेज रोड, पूर्वी फाटक, एसडीओ कोठी, ओझा टोली, मां बायसी मंदिर समीप स्थित गंगा तट से जलभर कर वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश पूजन करके कलश यात्रा गंगा तट से निकलकर घाट रोड, बड़तल्ला स्ट्रीट, कृष्णानगर, ग्रीन होटल चौक, कॉलेज रोड होते हुए हरिपुर शिवालय पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न हुआ। समिति अध्यक्ष ने बताया कि पहला दिन कलश यात्रा निकला, 22 जून को गाजे बाजे के साथ राधा कृष्ण, गणेश भगवान एवं बजरंगबली मूर्ति का नगर भ्रमण कराया जाएगा। 23 जून को फलाधिवास, 24 जून को अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, सज्जा अधिवास व फलाधिवास होगा। 25 जून को प्राण प्रतिष्ठा व संध्या में भोग वितरण किया जाएगा। मौके पर पप्पू स्वर्णकार, आशीष यादव, राजा सहित सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## हथियार के साथ तीन अपराधी की रफ्तार

**लातेहार:** पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापामारी अभियान चलाकर बरियातू थाना क्षेत्र के बनालात गांव के निकट से कुख्यात राहुल सिंह गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।
गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्तौल, दो जिंदा गोलियां और चोरी की बाइक और मोबाइल बरामद हुआ।गिरफ्तार आरोपितों में चतरा जिले के निवासी भोलानाथ गंझु और विनोद कुमार गंझु और बालूमाथ निवासी फलिन्द्र गंझू शामिल हैं।
रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी उमेश सिंह ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल सिंह गिरोह के अपराधी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में इलाके में जुटे हुए हैं। सूचना के बाद बरियातू और बालूमाथ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगे, लेकिन जवानों ने खदेड़कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे राहुल सिंह गिरोह के लिए काम करते हैं और लेवी वसूली के उद्देश्य से हिंसक वारदात की योजना बना रहे थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पाकुड़ में हुआ भव्य योग सत्र, डीसी ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में स्वस्थ जीवन और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जगह-जगह योग सत्र आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में हुआ, जहां अधिकारियों, कर्मचारियों और स्कूली विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वास्थ्य का संदेश दिया

**दीप प्रज्ज्वलन से हुआ शुभारंभ**

कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त अरविंद कुमार लाल, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, जिला आयुष पदाधिकारी डॉ विपिन चंद्र गुप्ता तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योग प्रशिक्षक संजय कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में सभी अधिकारियों, कर्मियों एवं बच्चों ने ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम व कपालभाति समेत विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया।

**"योग केवल व्यायाम नहीं, संपूर्ण जीवन पद्धति" : डीसी**

इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है जिसने पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा दी है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली संपूर्ण पद्धति है।" डीसी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव और बीमारियां बढ़ रही हैं। ऐसे में योग मानसिक शांति, आत्मविश्वास और अनुशासन का सशक्त माध्यम है। नियमित योग से एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ती है।

**इस वर्ष की थीम : "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग"**

उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष की थीम स्वस्थ, सक्रिय एवं जागरूक जीवनशैली अपनाने का संदेश देती है। उन्होंने अपील की कि योग को सिर्फ एक दिन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। ₹स्वस्थ व्यक्ति से स्वस्थ परिवार और स्वस्थ परिवार से समृद्ध समाज का निर्माण होता है। योग सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का भी आधार है, उन्होंने कहा।

**नशामुक्ति की दिलाई गई शपथ**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मियों एवं स्कूली बच्चों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

## जिला स्टेडियम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, खेल सुविधाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश



**पाकुड़ :** जिले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने रविवार को बैंक कॉलोनी स्थित जिला स्टेडियम का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध खेल सुविधाओं एवं आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेल मैदान की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए ग्राउंड को और अधिक विकसित, सुव्यवस्थित एवं खिलाड़ियों के अनुकूल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से संचालित जीर्णोद्धार एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सभी खेल सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप हों तथा खेल अवसंरचना के विकास में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उपायुक्त ने सीएसआर मद के तहत बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे नि:शुल्क खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था, प्रशिक्षकों की उपलब्धता एवं खिलाड़ियों की सहभागिता की समीक्षा करते हुए प्रशिक्षण को नियमित, प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के निर्देश दिए। साथ ही खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाले कोचों को प्रतिदिन नियमित प्रशिक्षण सत्र संचालित करने तथा खेल गतिविधियों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर अवसर, संसाधन एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि वे अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी गौरवान्वित कर सकें।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार तथा अन्य न्यायिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। व्यवहार न्यायालय परिसर, साहेबगंज में आयोजित इस योग कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष अखिल कुमार सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण, न्यायालय कर्मी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगाभ्यास किया।झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के अनुपालन में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने तथा योग के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। द आर्ट ऑफ लिविंग, झारखण्ड के सहयोग से राज्य के विभिन्न कारागारों, ऑब्जर्वेशन होम, शेल्टर होम एवं वृद्धा आश्रमों में भी योग सत्र आयोजित किए गए। साहेबगंज जिले में मंडल कारा, उपमंडल कारा, वृद्धा आश्रम, विद्यालयों, पंचायतों तथा अन्य संबंधित संस्थानों में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पारा लीगल वॉलंटियर्स (न्याय मित्रों) की सक्रिय भूमिका रही। संबंधित संस्थानों के सदस्यों एवं लाभार्थियों ने योग सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लिया। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश अखिल कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से लोगों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है।

## झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक, नई जिला कमेटी का गठन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सिदो कान्हू सभागार में रविवार को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक राज्य से मनोनीत जिला प्रभारी शौकत खान की निगरानी एवं बीएसपीएस राष्ट्रीय पार्षद शिवशंकर निराला, राज्य सचिव अरविंद ठाकुर, संयुक्त सचिव नंदन झा, डिजिटल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार की उपस्थिति में हुई। इसके पूर्व पुरानी कमिटी को भंग कर दिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से चंदन सिंह को जिला अध्यक्ष, भूदेव कुमार, अब्दुल मन्नान व अफसर अली को उपाध्यक्ष, रब नवाज आलम को महासचिव, आलोक कुमार व मो गुलजार को सचिव, अमित कुमार को कोषाध्यक्ष एवं बृजेन्द्र कुमार दीपक केसरी अभिलेख मरांडी को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। मौके पर अमित चौधरी, जहांगीर आलम, रिजवानुल हक, फतेह आलम, कालीचरण मंडल, श्रीकांत यादव, गोविंद ठाकुर, इमरान, संदीप सिंह, विजय केजरीवाल, शंकर पंडित, हलीम अंसारी, पवन कुमार, सोनू ठाकुर, मानव दत्ता, संजय मोदी, अजीत कुमार झा, नागराज, बृजनंदन, दीपक डोकानिया, सहेंद्र, श्रीकांत सेन, बिपिन राज, केदार साह, मलिक अख्तर, देव आर्यन, रंजन पासवान, चंदन, वसीम आलम, अभिमिलेख मरांडी, अमित राज सिंह, अरविंद यादव, मुन्ना यादव, विकास शर्मा, राजेश कुमार, आनंद चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

## 11 केवीए हाइटेंशन तार की चपेट में आने से हाइवा चालक की मौके पर मौत



**साहिबगंज:** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के कीर्तनिया में पहाड़ की तलहटी में शनिवार की रात 11 केवीए के हाइटेंशन तार की चपेट में आने से एक हाइवा चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हाइवा चालक बिहार के जमुई जिला का अजय कुमार (36) था। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा चालक अपने हाइवा (बीआर 52पी 7761) को त्रिपाल से ढक रहा था। अंधेरा होने पर उसे 11 हजार तार नहीं दिखा और वह करंट प्रवाहित तार की चपेट में अ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मिजाचौकी थाना के एएस आई शिव लाल मरांडी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना की सूचना पर मृतक का बड़ा भाई विजय यादव ने बताया कि उसका भाई शेखपुरा में अजीत कुमार नामक व्यक्ति का हाइवा चलाता था। मृतक अजय मिजाचौकी में डस्ट लोड करने आया था। लोड कर के वापस जाने के दौरान हाइवा को त्रिपाल से ढंक रहा था तभी 11 हजार हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया। इससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। वहीं शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में किया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गया, रो-रो कर परिजन का बूरा हाल है और मृतक अजय कुमार घर में कमाने वाला एक मात्र सदस्य था।

## सांप के डंसने से किसान की मौत

**खूंटी:** खूंटी जिले के सोयको थाना क्षेत्र अंतर्गत गिंडुंग-कुड़ापुर्ती गांव में जहरीले सांप के डंसने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 56 वर्षीय कोंता मुंडा के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पत्रकारिता की आड़ में माफियागिरी, साहिबगंज जिला के 'पत्रकार' की गाड़ी फरक्का में अवैध खनन के साथ पकड़ी गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/कोटालपोखर :** थाना क्षेत्र से निकलकर फरक्का तक पहुँचने वाली अवैध माइनिंग गाड़ियों का खेल अब पूरी तरह बेनकाब हो गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बिना वैध माइनिंग चालान के पकड़ी गई गाड़ी का मालिक कोई साधारण माफिया नहीं, बल्कि खुद को 'पत्रकार' बताने वाला एक व्यक्ति है।

**'प्रत्यूष नवबिहार' के तीखे सवाल: पत्रकार या माफिया?**

क्या कोटालपोखर क्षेत्र के तथाकथित पत्रकारों का काम अब अवैध खनन को 'सुरक्षित रास्ता' देना और दलाली करना रह गया है? प्रशासन की मिलीभगतः जब एक पत्रकार के नाम पर अवैध गाड़ियां चेकपोस्टों से आसानी से निकल जाती हैं, तो साफ है कि प्रशासन और इन ' पत्रकारों' के बीच कोई न कोई गहरा 'मैनेजमेंट' (सांठगांठ) चल रहा है।

पुलिस की भूमिकाः कोटालपोखर थाना प्रभारी से अब जवाब मांगने का समय है–क्या इस 'पत्रकार-माफिया' पर अब भी मेहरबानी जारी रहेगी, या कानूनी कार्रवाई होगी? प्रत्यूष नवबिहार की ओर से स्पष्ट संदेश है–हम कलम की साख को इन दलालों के हाथों नीलाम नहीं होने देंगे। आज फरक्का में पकड़ी गई यह गाड़ी केवल एक उदाहरण है; ऐसे तमाम 'पतलकारों' के काले चिट्ठे अब सार्वजनिक किए जाएंगे।

अवैध माइनिंग के खिलाफ पश्चिम बंगाल के थाना द्वारा बड़ी कार्रवाई, बिना माईनिंग के गिट्टी लगे वाहन को किया जब्त

साहिबगंज जिले के एक पत्रकार बरहरवा मॉडम प्रभारी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में! झारखंड से लेकर पश्चिम बंगाल तक फैले अवैध खनन के नेटवर्क पर पुलिस ने एक बड़ा प्रहार किया है। पश्चिम बंगाल के फरक्का थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अवैध खनिज संपदा से लदे एक वाहन को रंगे हाथों दबोचा है !₹




**फरक्का थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई:**

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध रूप से ले जा रहे खनिज से लदे वाहन को जब्त किया। पकड़े गए वाहन का नंबर (डब्ल्यू.बी. 93बी 9293) (जिसका मालिक विकास जायसवाल पत्रकार में मॉडम प्रभारी है बताया जा रहा है। कि पिछले कई वर्षों से अखबार की आड़ में अपना और अपने भाई की गाड़ियों को झारखंड की रॉयल्टी चोरी में इस्तमाल कर रहा हैं।

झारखंड से बंगाल सप्लाईः प्राथमिक जानकारी के अनुसार, बिना किसी वैध माइनिंग चालान या कागजात के झारखंड के सीमावर्ती इलाकों से इस खनिज संपदा को लूटकर अवैध खनिज पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में खपा रहा हैं। ₹जी हां, माइनिंग माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे बिना किसी वैध माइनिंग चालान के सरेआम सरकारी खजाने को चूना लगा रहे हैं। फरक्का थाना पुलिस को लगातार यह इनपुट मिल रहा था कि झारखंड की सीमा साहिबगंज जिले के कोटालपोखर से अवैध रूप से खनिज संपदा की तस्करी बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में की जा रही है। तभी पुलिस ने नाका चेकिंग के दौरान वाहन संख्या (डब्ल्यू.बी. 93बी 9293) को रोका। जब पुलिस ने गाड़ी के चालान और माइनिंग से जुड़े वैध दस्तावेजों की मांग की, तो चालक दल कोई भी संतोषजनक कागज पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए गाड़ी को जब्त कर लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

**बड़ा सवाल:**

आखिर इस अवैध खेल के पीछे असली सिंडिकेट किसका है? झारखंड से लेकर बंगाल की सीमा पार कराने में किन-किन रसूखदारों का हाथ है? पुलिस अब इस पूरे रैकेट की कड़ियों को खंगालने में जुट गई है। जब गाड़ी पर कारवाई तो जो क्रशर इनको अवैध पत्थर गिट्टी डस्ट लोडिंग देते हैं। तो उन पर कारवाई क्यों नहीं? साथ ही कोटालपोखर थाना क्षेत्र में स्थित चेक पोस्ट पर तैनात अधिकारीयों पर कारवाई क्यों नहीं जो चेक पोस्ट पर तैनात रह कर अन्य गिनत गाड़ियों से अवैध वसूली कर रहे हैं। और अवैध पत्थर गिट्टी डस्ट लदे वाहनों को जाने दे रहे हैं। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी से पता चला है कि हर अवैध स्टोन चिप्स लदे बिना माइनिंग चालान वाले वाहनों से कोटालपोखर चेक नाका पोस्ट पर 2800 रुपए की अवैध वसूली हो रही हैं। झारखंड राज्य सरकार को बहुत बड़ा राजस्व का चूना लगा रहे हैं। क्या झारखंड सरकार ऐसे माफियाओं और भ्रष्ट पदाधिकारीयों पर कारवाई करेंगे ये आगे देखने वाले बात हैं ?इस मामले में बंगाल पुलिस आगे की तफ्तीश कर रही है कि यह गाड़ी किसकी है और इसके पीछे कौन सा बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। इस खबर पर हमारी नजर लगातार बनी हुई है। अब देखना है अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद आगे क्या कार्रवाई होती है या ठंडे बक्से में डाल दिया जाता है।

**संक्षिप्त खबरें**

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं सतत निगरानी के बीच NEET-UG 2026 परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न



**पाकुड़ :** ज़िले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, सुदृढ़ प्रशासनिक निगरानी एवं शांतिपूर्ण वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी श्रीमती मेघा भारद्वाज ने डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस , पाकुड़ एवं पाकुड़ पॉलिटेक्निक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं सत्यापन प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा कदाचार की सूचना मिलने पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अभ्यर्थियों को भयमुक्त, पारदर्शी एवं अनुकूल परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। जिले में NEET-UG 2026 परीक्षा के लिए कुल दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। दोनों केंद्रों पर कुल 548 परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी, जिनमें से 500 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 48 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कुल उपस्थिति प्रतिशत 91.24 दर्ज किया गया। परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। उपायुक्त ने परीक्षा संचालन में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों, शिक्षकों, कर्मियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सहयोग, अनुशासन एवं प्रतिबद्धता के कारण जिले में NEET-UG 2026 परीक्षा का सफल एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित हो सका।

## फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाकर ऐंठे हजारों रुपये ग्रामीणों ने बिछाया जाल और दबोचा आरोपी



**पाकुड़ :** जिले के पाकुड़ प्रखंड की नरोत्तमपुर पंचायत अंतर्गत रामचंद्रपुर पहाड़िया टोला में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर कथित ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक कैफे संचालक कई महीनों से ग्रामीणों को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर उनसे मोटी रकम वसूल रहा था। मामले का खुलासा होने के बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर मुफ्फसिल थाना पुलिस के हवाले कर दिया।
ग्रामीणों के अनुसार, कैफे संचालक हेमंत कुमार ने गांव के कई लोगों को वैध जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का भरोसा दिलाया था। इसके एवज में उसने अलग–अलग लोगों से दो हजार रुपये से लेकर दस हजार रुपये तक की राशि ली। ग्रामीणों को विश्वास था कि उन्हें सरकारी अभिलेखों में मान्य प्रमाण पत्र प्राप्त होगा, लेकिन जब दस्तावेजों का सत्यापन आधार केंद्र में कराया गया तो वे अमान्य और संदिग्ध पाए गए। इसके बाद ग्रामीणों को ठगी की आशंका हुई। मामले की जानकारी मिलने पर पीड़ित ग्रामीणों ने योजना बनाकर आरोपी को दोबारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के बहाने गांव बुलाया। गांव पहुंचते ही लोगों ने उसे पकड़ लिया और प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलने पर सदर अंचलाधिकारी अरविंद कुमार बेदिया मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी युवक को मुफ्फसिल थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। ग्रामीणों ने थाना में लिखित शिकायत देकर आरोपी से वसूली गई राशि वापस दिलाने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि गांव के कई परिवार इस कथित फजीर्वाड़े के शिकार हुए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि इस कथित फजीर्वाड़े में अन्य लोगों की संलिप्तता तो नहीं है।

## ट्रेन में शराब तस्करी का भंडाफोड़, 36.690 लीटर विदेशी शराब के साथ चार गिरफ्तार



**साहिबगंज :** बरहरवा रेलवे मार्ग से अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की अपराध शाखा (सीआईबी) मालदा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेन संख्या 09034 उदना स्पेशल फेयर समर एक्सप्रेस से 36.690 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, रेलवे में अपराध एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए सीआईबी/मालदा की टीम ट्रेनों में लगातार निगरानी और जांच अभियान चला रही थी। इसी क्रम में बारहरवा स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद कोच संख्या एस–7 में यात्रा कर रहे चार युवक भारी बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। उनकी गतिविधियों पर संदेह होने पर टीम ने तत्काल उन्हें रोककर पूछताछ शुरू की और उनके सामान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैगों से विभिन्न ब्रांडों की कुल 36.690 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत 29,620 रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इस शराब को बिहार के जमालपुर क्षेत्र में ले जाकर अवैध रूप से बेचने की योजना बना रहे थे। जांच से यह भी स्पष्ट हुआ कि सभी आरोपी संगठित रूप से शराब की तस्करी में संलिप्त थे और रेलवे मार्ग का इस्तेमाल कर शराब को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचा रहे थे। इसके बाद सीआईबी/मालदा की टीम ने बरामद शराब, बैग एवं अन्य संबंधित सामग्री को जब्त कर चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। कार्रवाई पूरी होने के बाद गिरफ्तार आरोपियों एवं जब्त सामग्री को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए आरपीएफ पोस्ट साहिबगंज को सौंप दिया गया। संबंधित एजेंसियां अब मामले की विस्तृत जांच कर रही हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि तस्करी के इस नेटवर्क में और कौन–कौन लोग शामिल हैं।

## एक नजर

### मुहर्रम को लेकर तेनुघाट ओपी में शांति समिति की हुई बैठक

**तेनुघाट** : मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को तेनुघाट ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तेनुघाट ओपी प्रभारी भजनलाल महतो ने की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने मिलकर पर्व के सफल आयोजन पर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए गोमिया अंचल अधिकारी आफताब आलम ने मुहर्रम पर्व के धार्मिक महत्व एवं इसकी परंपराओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुहर्रम त्याग, बलिदान और मानवता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने सभी लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में घरवाटांड मुखिया प्रतिनिधि रामचन्द्र यादव, पंचायत समिति सदस्य अख्तर अंसारी, सेराज अंसारी, लाल बहादुर शर्मा, मिथुन चन्द्रवंशी, श्रीराम हेम्ब्रम, सेवा गंझू, झरी तुरी समेत अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। मंच संचालन वारिस आलम ने किया। वहीं स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए ओपी प्रभारी भजनलाल महतो ने सभी मुहर्रम कमेटियों से निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकालने तथा प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने की अपील की। बैठक में शांति समिति के सदस्यों के अलावा क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


### नीट परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न

**बोकारो** : जिले में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं निगरानी की व्यापक व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त अधिकारियों से परीक्षा संचालन की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिला प्रशासन के सतत निगरानी एवं समन्वित प्रयासों के कारण परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। अधिकारियों ने परीक्षा कार्य में लगे सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं सुरक्षा बलों के योगदान की सराहना की। जिला अंतर्गत सभी आठ परीक्षा केन्द्रों के कुल 2886 परीक्षार्थियों में से 2655 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए उपस्थित थे, शेष 231 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## डीपीएस बोकारो में मना 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन के लिए योग को अपनाएं : डॉ. गंगवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : योग समस्त विश्व को भारत की अमूल्य देन है। सनातन संस्कृति व परंपरा की कड़ी में हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदत्त यह विद्या तन, मन और आत्मा को जोड़ने का प्राचीनतम विज्ञान है। स्वस्थ और ऊर्जावान जीवन के लिए हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा अवश्य बनाना चाहिए। उक्त बातें योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के मुख्य संरक्षक, बोकारो जिला योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने कहीं। रविवार को डीपीएस बोकारो में एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को वह संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास हमारे लिए आज ही नहीं, आनेवाले वर्षों में भी लाभप्रद होगा। इसी ध्येय के साथ इस वर्ष पूरी दुनिया योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम के साथ योग दिवस मना रही है। योग की महत्ता को देखते हुए ही वर्ष 2014 में साल के सबसे बड़े दिन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाना आरंभ किया गया था। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से स्वयं के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी प्रतिदिन योग-प्राणायाम के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया।

इसके पूर्व, विद्यालय की छात्राओं ने महाभारत के श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद एवं गीता-ज्ञान पर आधारित मनभावन योग-नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका शारीरिक संतुलन, स्फूर्ति, लचक और आपसी सामंजस्य देखते ही बन पड़ा रहा था। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षिका, राष्ट्रीय योग प्रशिक्षिका एवं एसोसिएशन की बोकारो इकाई की संयुक्त सचिव निभा कुमारी ने सभी को कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत 45 मिनट का विशेष योगाभ्यास कराया। ऊँ सह नाववतु सह नौ भुनक्तु... मंत्रोच्चार से इसकी शुरूआत हुई। तत्पश्चात ओमकार ध्वनि और मुरली की मधुर तान के बीच ताड़ासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, वक्रासन, मकरासन, उत्तान पादासन, सूर्य नमस्कार, शशांकासन, तालासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया।

## योग आत्म जागरुकता, अनुशासन व आंतरिक शांति प्राप्त करने का माध्यम : डा. जोशी वर्गीस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्राचार्य फादर डा. जोशी वर्गीस ने कहा कि योग आत्म जागरुकता, अनुशासन व आंतरिक शांति प्राप्त करने का माध्यम है। प्राणायाम व ध्यान से मस्तिष्क शांत होता है। इससे एकाग्रता व स्मरण शक्ति बढ़ती है। नियमित योगाभ्यास करने से शरीर में नवीन ऊर्जा का संचार होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनता है। योगाभ्यास से हृदय प्रणाली स्वस्थ रहती है। यह रक्त संचार को सुधारता है। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करके निरोगी व संतुलित जीवन प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए। योग शिक्षिका मीनाक्षी कुमारी ने कहा कि योग केवल शरीर को ही नहीं बल्कि हमारे मन व मस्तिष्क को भी स्वस्थ रखकर हमारे कार्यों में समन्वय स्थापित करता है। योगाभ्यास से आत्मविश्वास व मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहयोग मिलता है। योग शिक्षिका के साथ उप प्राचार्या राखी बनर्जी, हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी, शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने ताड़ासन, त्रिकोाासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार, प्रणायाम, वज्रासन, भुजंगासन, ध्नुरासन, हलासन, शवासन आदि का अभ्यास किया। उन्होंने नियमित रूप से योगाभ्यास का संकल्प लिया।

## सिल्ली थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : सिल्ली थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सिल्ली थाना और मुरी ओपी की संयुक्त पहल पर आयोजित की गई, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और आयोजन समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में थाना प्रभारी नवीन कुमार एवं मुरी ओपी प्रभारी विकास कुमार पासवान ने सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोहर्रम का जुलूस केवल निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाएगा तथा सुरक्षा और अनुशासन का पालन अनिवार्य रहेगा। प्रशासन की ओर से यह भी निर्देश दिया गया कि जुलूस और अखाड़ों में किसी भी प्रकार के भड़काऊ या आपत्तिजनक गीतों का प्रयोग न किया जाए और समय का पालन सख्ती से किया जाए। आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में पूरा सहयोग करेंगे तथा सभी निर्देशों का पालन किया जाएगा।

## बोकारो जिला गतका संघ की वार्षिक बैठक संपन्न, 5 जुलाई को प्रतियोगिता पर चर्चा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : एमजीएम स्कूल, सेक्टर 4एफ बोकारो में बोकारो जिला गतका संघ की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजीव सिंह ने की।

बैठक में आगामी जिला गतका प्रतियोगिता, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, एसजीएफआई चयन प्रतियोगिता तथा खेलो इंडिया जैसे आयोजनों में भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही गतका खेल को विद्यार्थियों के बीच अधिक लोकप्रिय बनाने पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान बताया गया कि दूसरी बोकारो जिला गतका प्रतियोगिता 5 जुलाई को दिल्ली पब्लिक स्कूल, चास में आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 200 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनीष तिवारी उपस्थित रहेंगी।

बैठक में गतका पदाधिकारी एवं विभिन्न स्कूलों के प्रशिक्षक राहुल प्रताप सिंह, सूरज कुमार, संजू कुमार, मोहसिन पायल सिंह, आयुष कुमार, दीपक कुमार, जैवा नाज, माया कुमारी एवं आयुषी कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एहसास फाउंडेशन का रक्तदान शिविर सफल, 30 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : मुहर्रम के अवसर पर टीम एहसास फाउंडेशन द्वारा ए.के. पब्लिक स्कूल परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के इस अभियान में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा कुल 30 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में 08 महिला रक्तदाताओं ने भी रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस बोकारो जिला अध्यक्ष जवाहर लाल महथा जी रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है।

इस अवसर पर जमील अख्तर, मो० मोकीम, जुबिल अहमद, कैसर अफरोज, डॉ० बबलेश कुमार, संजय शर्मा, इंदरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, जुगनू, सोहराब, आजाद अंसारी, राजा, आदिल समीम, हसन कमाल, सोनू, मंजूर, कौशर, साहिल, नसीम, आलम, आजाद जसीम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने टीम एहसास फाउंडेशन के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक और सामाजिक अवसरों को जनसेवा से जोड़ना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में टीम एहसास फाउंडेशन के सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्था ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# योग से स्वस्थ शरीर, अनुशासित मन और सशक्त समाज का निर्माण संभव : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुष समिति के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवी, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, अपर समाहर्ता सुनील चंद्र, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, सिविल डिफेंस, खेल संघ, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने हिस्सा लिया।

उपायुक्त ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सकारात्मक दिशा देने वाली प्राचीन भारतीय पद्धति है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति मानसिक तनाव से मुक्त रहकर स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन जी सकता है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर समाज को अधिक स्वास्थ्य और जागरूक बनाया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि योग व्यक्ति में आत्मविश्वास, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता का विकास करता है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल जैसे चुनौतीपूर्ण कार्यक्षेत्र में योग तनाव प्रबंधन और कार्यक्षमता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षक मुन्नी शर्मा, मुन्नी कुमारी, पूनम तिवारी, जया सिंह, गौरी शंकर सिंह, लक्ष्मण रजवार द्वारा उपस्थित लोगों को क्रमवार पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्धमत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तानासन, हलासन, ताड़ासन, वृक्षासन, सहित दर्जनों योगासन कराए गए।

अभ्यास शिविर में सिविल सर्जन डॉ. ए.बी. प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सिटी डीएसपी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए।

## सिल्ली में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ सामूहिक योग कार्यक्रम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : सिल्ली में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पतंजलि योग परिवार एवं मेडिटेशन एंड योगा ग्रुप सिल्ली के तत्वावधान में सिल्ली स्टेडियम परिसर में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और 'ॐ' के सामूहिक उच्चारण के साथ हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने ग्रीवा चालन, ताड़ासन, वृक्षासन और पद्मासन जैसे योगासन का अभ्यास किया। कपालभाति, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, शीतली प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास के साथ कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से किया गया। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति झारखंड के सह राज्य प्रभारी अमित कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पतंजलि रांची जिला युवा समिति संरक्षक सुशोभन लाहा, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, सिल्ली प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, भाजपा रांची जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, डीएवी स्कूल की प्राचार्या बी. शरण, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी कोच प्रकाश राम, एशियन गेम्स सिल्वर मेडलिस्ट मधुमिता कुमारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न




**बोकारो** : सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल, बोकारो में 15 एवं 16 जून को फ्रेंड्स पब्लिकेशन के सहयोग से दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रेव. फा. दिनु एम. डेनियल के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन शिक्षाविद् सुरभि पांडे ने किया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास, सीखने के पाँच प्रमुख आयाम तथा फॉनिक्स शिक्षा रहा। दोनों दिनों के सत्र अत्यंत रोचक, सहभागितापूर्ण एवं ज्ञानवर्धक रहे। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं आनंददायक बनाने हेतु अनेक व्यावहारिक तकनीकों एवं नवीन शिक्षण विधियों की जानकारी प्राप्त हुई। विद्यालय परिवार सुरभि पांडे, प्राचार्य रेव. फा. दिनु एम. डेनियल तथा विद्यालय प्रबंधन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आज शिक्षकों को सशक्त बनाना, कल के शिक्षार्थियों को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन



**बोकारो** : 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा बोकारो क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मियों ने भाग लिया तथा योग गुरु की अगुवाई में योगाभ्यास किया। इस दौरान स्वस्थ जीवन के लिए योग की अहमियत पर भी चर्चा की गई और सभी को इसे अपनी जीवनशैली का नियमित हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया।

### मोहर्रम पर्व को लेकर इलाकाई शांति समिति की बैठक संपन्न



**बोकारो** : चास प्रखंड अंतर्गत सिवनडीह मदरसा प्रांगण में आज मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि–व्यवस्था के अनुरूप मनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण इलाकाई बैठक आयोजित की गई। बैठक में उकरीद, डुमरो, हैसाबातु, आजादनगर, सिजुआ, झोपरो, मखदुमपुर, मिलतनगर, इस्लामपुर सहित आसपास के विभिन्न गांवों के सदर, सचिव, मोहर्रम लाइसेंसधारी, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में मोहर्रम पर्व के दौरान आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मोहर्रम के अवसर पर सभी कार्यक्रम प्रशासन के दिशा–निर्देशों एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप आयोजित किए जाएंगे। साथ ही युवाओं से अनुशासन बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने की अपील की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मोहर्रम त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व है तथा इसे आपसी सहयोग, भाईचारे और शांति के वातावरण में मनाया जाना चाहिए। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मोहर्रम पर्व को सफल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का संकल्प लिया।

### विश्व योग दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग बोकारो में योग, ध्यान और प्राणायाम का आयोजन



**बोकारो** : विश्व योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग बोकारो इकाई द्वारा सेक्टर–4 स्थित योगा सेंटर में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेंगलुरु आश्रम से आए योग शिक्षक योगीराज ने अनुयायियों, समाजसेवियों तथा विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों को योग, ध्यान और प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। आर्ट ऑफ लिविंग की महिला अनुयायियों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर जेसीआई जज्बा, बोकारो ऑब्स एवं गायनी सोसाइटी के सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। योगीराज ने कहा कि नियमित योग और ध्यान से मन शांत रहता है, शरीर स्वस्थ रहता है तथा आत्मविश्वास और ऊर्जा का विकास होता है। वहीं, संस्था के प्रवक्ता संजय सोनी ने कहा कि ध्यान व्यक्ति को उसकी आंतरिक शांति और शक्ति से जोड़ता है। कार्यक्रम का संचालन सेंटर के शिक्षक सह कोऑर्डिनेटर विनोद कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर डॉ. वरुणा झा, डॉ. निवेदिता दत्ता, डॉ. अनुप्रिया, सुजाता, विनिता कुमार, वर्षा कुमारी, निताशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बीआर इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




**कोडरमा** : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बीआर इंटरनेशनल स्कूल, चाराडीह में शनिवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश राय, उप प्राचार्य नवल किशोर आनंद, प्रशासक सुनील कुमार एवं योग शिक्षक आकाश सेठ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं भारत माता पूजन के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका संध्या कुमारी ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश राय ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इतिहास, महत्व एवं इसके वैश्विक प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था और वर्ष 2015 में पहला योग दिवस मनाया गया था। उन्होंने पहले योग दिवस पर बने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में अदिति ग्रुप के विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासनों का आकर्षक प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों के अनुशासित एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। योग शिक्षक आकाश सेठ ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश राय, उप प्राचार्य नवल किशोर आनंद, प्रशासक सुनील कुमार सहित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर योग दिवस में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## संक्षिप्त डायरी

### भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में पवन सिंह की एंट्री, सरकार से की बड़ी मांग, कहा- जल्द परिवार से मिलूंगा

**पटना (एजेंसी)** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में अब भोजपुरी स्टार और एमएलसी पवन सिंह की भी एंट्री हो गई है. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर घटना पर दुख जताया है और पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की है. साथ ही जल्द ही पीड़ित परिवार से मिलने की बात भी कही है. भोजपुर के भरत भूषण तिवारी की कथित मुठभेड़ में मौत का मामला लगातार चर्चा में है. अब इस मामले में भोजपुरी पावर स्टार और बिहार विधान परिषद सदस्य पवन सिंह की भी एंट्री हो गई है. पवन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर पोस्ट कर घटना पर दुख जताया है. साथ ही पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है. भरत तिवारी को बताया समाजसेवी अपने पोस्ट में पवन सिंह ने कहा कि भरत भूषण तिवारी समाज के लिए संघर्ष करने वाले जागरूक और संवेदनशील व्यक्ति थे. उन्होंने लिखा कि भरत तिवारी हमेशा गरीबों, वंचितों और जरूरतमंद लोगों की आवाज उठाते थे. बाढ़ और कोरोना जैसी मुश्किल परिस्थितियों में भी उन्होंने लोगों की मदद की. मौत पर उठ रहे कई सवाल पवन सिंह ने कहा कि भरत तिवारी की मौत ने पूरे समाज को झकझोर दिया है. उन्होंने लिखा कि घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं. यदि विभिन्न माध्यमों से सामने आ रही जानकारियां और वीडियो सही हैं, तो पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच जरूरी है. उनका कहना है कि सच्चाई सामने आनी चाहिए, ताकि लोगों के मन में उठ रहे सवालों का जवाब मिल सके. ह्यन्याय होता हुआ भी दिखना चाहिएह्न पवन सिंह ने अपने पोस्ट में कानून और न्याय व्यवस्था का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को न्याय पाने का अधिकार है. कानून का शासन तभी मजबूत माना जाता है, जब हर मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए. उन्होंने लिखा कि न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए. सरकार से की उच्चस्तरीय जांच की मांग बिहार सरकार और संबंधित अधिकारियों से पवन सिंह ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है. उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं में यदि समय रहते सच्चाई सामने नहीं आती है, तो आम लोगों का भरोसा प्रभावित होता है. इसलिए मामले की पारदर्शी जांच कर सच्चाई सामने लाना जरूरी है. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें परिवार से मिलने का भी किया ऐलान पवन सिंह ने कहा कि वह जल्द ही भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात करेंगे. उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहेंगे और निष्पक्ष जांच की मांग को मजबूती से उठाएंगे. भरत तिवारी को दी श्रद्धांजलि अपने पोस्ट के अंत में पवन सिंह ने भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में दुख सहने की शक्ति मिले. साथ ही उन्होंने लिखा, ह्लस्वर्गीय भरत भूषण तिवारी अमर रहें.ह्व

### बिहार में घर बनाने वालों के लिए बड़ी खबर, कमरे, रसोई और बाथरूम का मानक तय, नियम तोड़ा तो नहीं पास होगा नक्शा

**पटना (एजेंसी)** अगर आप बिहार में नया मकान बना रहे हैं या अपार्टमेंट खरीदने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए जरूरी है. राज्य सरकार ने कमरे, रसोईघर, बाथरूम और शौचालय की न्यूनतम ऊंचाई, क्षेत्रफल और चौड़ाई के नए मानक तय किए हैं. इन नियमों का पालन नहीं करने पर नक्शा पास नहीं होगा और कार्रवाई भी की जाएगी. अगर आप बिहार में नया मकान बनवाने की योजना बना रहे हैं या फिर कोई अपार्टमेंट प्रोजेक्ट शुरू करना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है. राज्य सरकार ने मकान, अपार्टमेंट, रसोईघर, बाथरूम और शौचालय के आकार और ऊंचाई को लेकर नए मानक तय किए हैं. इन मानकों का पालन नहीं करने पर भवन का नक्शा स्वीकृत नहीं होगा. भवन निर्माण के लिए तय हुए नए मानक नगर विकास एवं आवास विभाग ने नई भवन निर्माण उपविधि के ड्राफ्ट में इन नियमों को शामिल किया है. कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद इसे पूरे बिहार में लागू किया जाएगा. नए नियमों के तहत मकान के हर हिस्से के लिए न्यूनतम क्षेत्रफल, चौड़ाई और ऊंचाई तय की गई है. कमरे की ऊंचाई 9 फीट से कम नहीं होगी ड्राफ्ट के अनुसार रहने योग्य कमरे का क्षेत्रफल कम से कम 97 वर्गफीट होना चाहिए. कमरे की चौड़ाई न्यूनतम 8 फीट और ऊंचाई कम से कम 9 फीट निर्धारित की गई है. इससे छोटे कमरे या कम ऊंचाई वाले निर्माण को मंजूरी नहीं मिलेगी. रसोईघर के लिए भी अलग नियम रसोईघर का क्षेत्रफल कम से कम 48.5 वर्गफीट होना चाहिए. इसकी चौड़ाई 6 फीट और ऊंचाई 9 फीट निर्धारित की गई है. वहीं किचन और डाइनिंग को एक साथ बनाने पर न्यूनतम क्षेत्रफल 81 वर्गफीट रखना होगा. बाथरूम और शौचालय का भी तय हुआ आकार नई उपविधि में बाथरूम और शौचालय के लिए भी स्पष्ट मानक तय किए गए हैं. केवल बाथरूम का क्षेत्रफल कम से कम 20 वर्गफीट होना चाहिए. इसकी चौड़ाई 4 फीट और ऊंचाई 7.25 फीट होगी. वहीं केवल शौचालय का क्षेत्रफल 13 वर्गफीट और चौड़ाई 3 फीट तय की गई है. संयुक्त बाथरूम और शौचालय का क्षेत्रफल कम से कम 30 वर्गफीट होना जरूरी होगा. छत की मुंडेर की ऊंचाई भी तय सरकार ने छत की मुंडेर को लेकर भी मानक निर्धारित किए हैं. नई व्यवस्था के तहत मुंडेर की ऊंचाई लगभग 3.95 फीट से 4.92 फीट के बीच रखनी होगी क्यों लाए जा रहे हैं ये नियम? अक्सर देखा जाता है कि कुछ बिल्डर अधिक फ्लोर बनाने के लिए कमरों की ऊंचाई घटा देते हैं. कई इमारतों में कमरे सिर्फ 8 फीट ऊंचे बनाए जाते हैं. इससे हवा और रोशनी की समस्या होती है. रहने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है. सरकार का मानना है कि नए नियम लागू होने के बाद ऐसी मनमानी पर रोक लगेगी और लोगों को बेहतर आवास मिल सकेगा.

### योग से विकसित भारत का सपना होगा साकार, भागलपुर में बोले कृषि मंत्री विजय सिन्हा

**पटना (एजेंसी)**सैंडिस कंपाउंड में उमड़ा जनसैलाब, योग महोत्सव में मंत्री विजय सिन्हा ने कहा- योग सनातन संस्कृति का अमूल्य वरदान है. भागलपुर से दीपक राव की रिपोर्ट अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भागलपुर की सिल्क सिटी पूरी तरह योगमय नजर आई.सैंडिस कंपाउंड मैदान में आयोजित भव्य योग महोत्सव में बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि योग सनातन संस्कृति का ऐसा वरदान है जो मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और शरीर व प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करता है. उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से पूरे भारत को स्वस्थ, ऊर्जावान और विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है. . सुबह 6 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और सामूहिक योगाभ्यास किया. कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, विधायक रोहित पांडेय, एमएलसी एनके यादव, भाजपा नेता अर्जित शाश्वत चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान सभी अतिथियों ने स्वयं भी योगाभ्यास कर लोगों को स्वस्थ जीवन का संदेश दिया. योग से रोगमुक्त और संतुलित जीवन का संदेश

# बिहार के स्कूलों के सिलेबस में शामिल हो सकता है योग, CM सम्राट चौधरी ने दिया संकेत, बच्चों को बचपन से मिलेगी शिक्षा



**पटना (एजेंसी)** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी समेत कई नेताओं ने योगाभ्यास किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि अगले साल से बिहार के स्कूलों के पाठ्यक्रम में योग को शामिल किया जा सकता है. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पटना के राजेंद्रनगर स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और सामूहिक योगाभ्यास किया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया. उन्होंने स्वयं भी योग सत्र में भाग लिया और लोगों को नियमित योग करने का संदेश दिया. इस दौरान उन्होंने स्कूलों के सिलेबस में योग को शामिल करने का भी संकेत दिया. कई बड़े नेता रहे मौजूद इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, जेडीयू सांसद ललन सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे. सभी ने एक साथ योग किया और योग के महत्व पर अपने विचार साझा किए. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने किया योग कार्यक्रम में आम लोगों की भी बड़ी भागीदारी देखने को मिली. बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में पहुंचे. सभी ने मिलकर सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और विभिन्न योगासन किए. पूरे परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल दिखाई दिया. योग प्रशिक्षकों ने बताए फायदे मंच से मौजूद योग प्रशिक्षकों ने लोगों को सही तरीके से योग करने की जानकारी दी. साथ ही योग से मिलने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में भी बताया. वक्ताओं ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली की ओर बढ़ने का माध्यम है. मुख्यमंत्री का बड़ा संकेत कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने योग को लेकर बड़ा संकेत दिया. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योग को बढ़ावा देने के लिए गंभीरता से काम कर रही है. उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से बिहार के स्कूलों के पाठ्यक्रम में योग को शामिल करने पर विचार किया जा सकता है. इसका उद्देश्य बच्चों को शुरूआती उम्र से ही योग और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ना है. स्वास्थ्य मंत्री ने बताया सबसे सस्ता इलाज स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग सबसे प्रभावी और किफायती उपाय है. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और बीमारियों से बचाव के लिए इसे अपनाएं.बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें ललन सिंह बोले- दुनिया में बढ़ी योग की पहचान जेडीयू सांसद ललन सिंह ने कहा कि भारत ने योग को वैश्विक पहचान दिलाई है. आज दुनिया के कई देशों में लोग योग को अपना रहे हैं. उन्होंने कहा कि अब जरूरत इस बात की है कि हम खुद भी योग को अपने जीवन में उतारें. पूरे बिहार में हुए योग दिवस के कार्यक्रम पटना के अलावा राज्य के अन्य जिलों में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. स्कूलों, कॉलेजों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर सुबह से ही योग शिविर लगाए गए. जिला प्रशासन और सामाजिक संगठनों ने भी लोगों को योग के प्रति जागरूक किया.

## बिहार से जयपुर का सफर अब होगा आसान, दरभंगा को मिली नई अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात

**पटना (एजेंसी)** दरभंगा-खातीपुरा अमृत भारत एक्सप्रेस 22 जून से नियमित रूप से संचालित होगी. यह ट्रेन बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई प्रमुख शहरों को जोड़ते हुए यात्रियों को बेहतर और किफायती यात्रा रेलवे ने बिहार और राजस्थान के यात्रियों को बड़ी सौगात देते हुए दरभंगा और जयपुर (खातीपुरा) के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस चलाने की घोषणा की है. इस ट्रेन का उद्घाटन 21 जून को विशेष ट्रेन संख्या 09711 के रूप में खातीपुरा (जयपुर) से किया जाएगा, जबकि नियमित सेवा 22 जून से खातीपुरा और 23 जून से दरभंगा से शुरू होगी. सप्ताह में छह दिन परिचालन ट्रेन संख्या 19725/19726 खातीपुरा-दरभंगा-खातीपुरा अमृत भारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन संचालित होगी. खातीपुरा से यह ट्रेन शुक्रवार को छोड़कर तथा दरभंगा से रविवार को छोड़कर चलेगी. ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें 8 शयनयान, 11 सामान्य द्वितीय श्रेणी, एक पेंट्रीकार और दो एलएसएलआरडी कोच शामिल हैं. इन प्रमुख शहरों को जोड़ेगी यह ट्रेन राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रमुख शहरों एवं स्टेशनों को जोड़ते हुए दौसा, भरतपुर, आगरा, टूंडला, कानपुर, लखनऊ, गोंडा, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी और जनकपुर रोड होते हुए दरभंगा पहुंचेगी. इससे मिथिलांचल क्षेत्र के यात्रियों को राजस्थान की राजधानी जयपुर और पश्चिम भारत की ओर यात्रा के लिए बेहतर, सस्ती और सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध होगी. ट्रेनों के समय में संशोधन रेलवे के अनुसार नई अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन के कारण कुछ ट्रेनों के समय में भी संशोधन किया गया है. 28 जून से गोमतीनगर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस (15562) के दरभंगा पहुंचने का समय 1:15 बजे के बजाय 1:50 बजे होगा. वहीं, नरकटियागंज-बढ़नी पैसेंजर (55039) का प्रस्थान समय भी 23 जून से संशोधित किया गया है. प्रवासियों और छात्रों को लाभ पूर्व मध्य रेल ने कहा है कि नई ट्रेन से बिहार और राजस्थान के बीच यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों, विशेषकर प्रवासी श्रमिकों, छात्रों और व्यवसायियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा दोनों राज्यों के बीच संपर्क और मजबूत होगा.

## सारण में मां भगवती मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, हजारों श्रद्धालुओं से गूंजा पचलख नवादा



**पटना (एजेंसी)** सारण के पचलख पंचायत के पचलख नवादा गांव में नवनिर्मित मां भगवती मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव और अखंड अष्टजाम के शुभ अवसर पर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. सारण के पचलख पंचायत के पचलख नवादा गांव में नवनिर्मित मां भगवती मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव और अखंड अष्टजाम के शुभ अवसर पर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकली इस यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया. वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई कलश यात्रा कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर परिसर से विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई. श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरे. यात्रा में महिलाओं की बड़ी भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही. लाल और पीले पारंपरिक वस्त्रों में सजे श्रद्धालु मां भगवती के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे. पूरे मार्ग में धार्मिक नारों और भक्ति गीतों की गूंज सुनाई देती रही. श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी. कलश यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया. कई स्थानों पर पेयजल और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई थी. इससे यात्रा में शामिल लोगों को काफी सुविधा मिली. मंदिर में हुए धार्मिक अनुष्ठान यात्रा गांव का भ्रमण करने के बाद पुनः मंदिर परिसर पहुंची, जहां विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए. मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर विशेष पूजा की. आसपास के गांवों से भी पहुंच रहे श्रद्धालु आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि मां भगवती मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह है. अखंड अष्टजाम के साथ चल रहे इस धार्मिक आयोजन में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. आगामी दिनों में कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं. कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति, आयोजन समिति और स्थानीय ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## पूर्व सरपंच की बहू अर्चना कुमारी ने BPSC में मारी बाजी, सप्लाई इंस्पेक्टर बन बढ़ाया सारण का मान




**पटना (एजेंसी)** सारण प्रखंड के पचलख पंचायत की बहू अर्चना कुमारी ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर सप्लाई इंस्पेक्टर पद पर चयनित होकर परिवार और पूरे सारण जिले का नाम रोशन किया है. बीपीएससी परीक्षा में उन्हें 1909वीं रैंक प्राप्त हुई है. सारण प्रखंड के पचलख पंचायत की बहू अर्चना कुमारी ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर सप्लाई इंस्पेक्टर पद पर चयनित होकर परिवार और पूरे सारण जिले का नाम रोशन किया है. बीपीएससी परीक्षा में उन्हें 1909वीं रैंक प्राप्त हुई है. सप्लाई इंस्पेक्टर बनकर बढ़ाया परिवार और जिले का गौरव अर्चना कुमारी पचलख पंचायत के पूर्व सरपंच, वर्तमान बीडीसी एवं भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह की पुत्रवधू हैं. उनकी सफलता की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई. अर्चना की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लोगों ने उनकी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया है. उन्होंने यह साबित कर दिया कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के दम पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है. हरेंद्र सिंह बोले- पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण पूर्व सरपंच एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि अर्चना की मेहनत और समर्पण ने आज पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है. उनकी सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का सम्मान बढ़ा है. क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकताओं और बुद्धिजीवियों ने अर्चना कुमारी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं. लोगों का कहना है कि उनकी सफलता से खासकर ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नई प्रेरणा मिलेगी. पूरे पंचायत में खुशी का माहौल अर्चना कुमारी की सफलता के बाद पचलख पंचायत सहित पूरे सारण जिले में खुशी और गर्व का माहौल है. लोग इसे क्षेत्र की बेटियों और बहुओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं.

## 22, 23 और 24 जून को बिहार के इन जिलों में आंधी-पानी का अलर्ट, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**पटना (एजेंसी)** पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बिहार के कई हिस्सों में गरज-चमक, वज्रपात और 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है. विभाग ने लोगों को खराब मौसम में सतर्क रहने की सलाह दी है. पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बिहार के लिए अगले सात दिनों का मौसम पूवार्नुमान जारी किया है. इस दौरान राज्य के कई जिलों में गरज-चमक, वज्रपात, तेज हवा और बारिश की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग ने अलग-अलग दिनों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. कुछ जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चल सकती है. 22 जून को इन जिलों में रहेगा ऑरेंज और येलो अलर्ट पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 22 जून को बिहार के एक बड़े हिस्से में आंधी-तूफान का असर दिखेगा. इस दिन पटना, गया, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, जहानाबाद, अरवल, जमुई, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर, बांका, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, अररिया, कटिहार और किशनगंज में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में 50-60 किमी या 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है. 23 जून को सिर्फ इन जिलों में येलो अलर्ट पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि 23 जून को राज्य में ऑरेंज अलर्ट नहीं रहेगा, लेकिन उत्तर और पूर्वी बिहार के कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इस दिन सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, बांका और जमुई में गरज-चमक के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की आशंका है. 24 जून को कई जिलों में येलो अलर्ट
पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 24 जून के पश्चिम और उत्तर बिहार के कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इस दिन पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी और शिवहर में गरज-चमक, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है. इसके साथ ही पूर्वी हिस्से के सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, बांका और जमुई में भी येलो अलर्ट का असर रहेगा. मौसम विभाग की सलाह
मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़, बिजली के खंभों और जलभराव वाले इलाकों से दूर रहने की अपील की है. वज्रपात के समय सुरक्षित भवन में शरण लेने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है. किसानों, यात्रियों और खुले में काम करने वाले लोगों को मौसम की ताजा जानकारी पर नजर रखने की सलाह दी गई है.

## एनकाउंटर पर क्या हैं सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस भरत तिवारी मामले के बाद तेज हुई बहस



**पटना (एजेंसी)** बिहार के भोजपुर में भरत तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में मौत के मामले की न्यायिक जांच होगी. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराने का ऐलान किया है. कथित वीडियो, पुलिस कार्रवाई, नेताओं के सवाल और स्थानीय आक्रोश के बाद मामला राजनीतिक रूप से भी गरमा गया है. बिहार के भोजपुर जिले में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर मामले ने अब बड़ा सियासी रूप ले लिया है. हर तरफ से उठते सवाल के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की घोषणा की. सीएम ने एक्स पर जानकारी दी कि शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में 17 जून को हुई इस पुलिस मुठभेड़ की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज की देखरेख में कराई जाएगी. इस जांच का असली मकसद घटना की पूरी सच्चाई को पूरी पारदर्शिता के साथ सामने लाना है. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस पर उठे सवाल बिलौटी गांव में 17 जून को पिस्तौल लहराने वाले युवक भरत तिवारी को पुलिस ने गोली मार दी थी. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इसके बाद घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने पुलिस के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए. भरत तिवारी की मौत से नाराज स्थानीय लोगों ने पटना-बक्सर नेशनल हाईवे को करीब 6 घंटे तक जाम रखा था. जनता के भारी आक्रोश और बढ़ते विवाद को देखते हुए शाहपुर के थानाध्यक्ष राजेश कुमार मलाकार समेत चार पुलिसकर्मियों को पहले ही सस्पेंड किया जा चुका है. सुप्रीम कोर्ट की 2014 वाली एनकाउंटर गाइडलाइंस क्या कहती है? इस घटना के बाद देश में पुलिस मुठभेड़ों को लेकर सुप्रीम कोर्ट की बनाई गाइडलाइंस पर चर्चा तेज हो गई है. 2014 में कोर्ट ने तय किया था कि जब भी पुलिस को अपराधियों की कोई गुप्त सूचना मिले, तो उसे तुरंत डायरी में दर्ज किया जाए. अगर मुठभेड़ में पुलिस की गोली से किसी की मौत होती है, तो तुरंत एफआईआर दर्ज होनी चाहिए. इसके अलावा एनकाउंटर की जांच सीआईडी या किसी दूसरे थाने की पुलिस से कराई जाए, जिसका सुपरविजन सीनियर अधिकारी करें. जांच के समय मृतक के रंगीन फोटो लिए जाएं और दो डॉक्टरों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए. अगर जांच में पुलिस दोषी पाई जाती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों को तुरंत सस्पेंड कर उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए. कोर्ट का यह भी नियम है कि ऐसी घटनाओं के तुरंत बाद पुलिस अधिकारियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन न दिया जाए. कैसा रहा है इतिहास पुलिस एनकाउंटर हमेशा अदालती जांच के दायरे में आते रहे हैं. इतिहास गवाह है कि कई मामलों में पुलिस की कहानियां झूठी साबित हुई हैं, तो कहीं उन्हें क्लीन चिट भी मिली है. 20 मई 2022 को सुप्रीम कोर्ट के जांच कमीशन ने हैदराबाद एनकाउंटर मामले में पुलिस के दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए उसे मनगढ़ंत बताया था और कहा था कि पुलिस ने जानबूझकर गोली चलाई थी. वहीं दूसरी तरफ, यूपी के मशहूर विकास दुबे केस में सुप्रीम कोर्ट की कमिटी ने पुलिस को क्लीन चिट दी थी. साल 2009 के दिल्ली के मशहूर बाटला हाउस एनकाउंटर को भी कोर्ट ने सही ठहराते हुए दिल्ली पुलिस को क्लीन चिट दी थी. इसके विपरीत, दिल्ली के बहुचर्चित सीपी शूटआउट केस में सुप्रीम कोर्ट ने एसीपी समेत 10 पुलिसकर्मियों को दोषी माना था, जबकि यूपी के पीलीभीत में 11 सिख युवकों के फर्जी एनकाउंटर मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आरोपी पुलिसकर्मियों को गैर-इरादतन हत्या का दोषी पाया था. देहरादून में भी 2009 में एक एमबीए छात्र की फर्जी एनकाउंटर में हत्या की बात सामने आई थी. अपनों ने ही घेरा, पुलिस ने पीड़ित परिवार पर ही दर्ज कर दी केस भरत तिवारी मुठभेड़ के मामले में बिहार की सम्राट सरकार को अपने ही सहयोगियों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है.

# मन की साधना



**चतुर्मास** का समय निकट आया तो भिक्षु सुशांत ने बुद्ध से आग्रह किया प्रभु, मैं नगरवधू सोमलता के सान्निध्य में अपना चतुर्मास व्यतीत करना चाहता हूं। कृपया इसकी आज्ञा प्रदान करें। यह सुनकर बुद्ध मुस्कराए। वह समझ गए कि यह वहां जाकर मन को साधकर सच्चा साधक होना चाहता है, लेकिन अन्य भिक्षुओं ने इस पर आपत्ति जताई। उन्हें संदेह था कि सुशांत कहीं अपने पथ से विचलित न हो जाए, पर बुद्ध ने भिक्षुओं के विरोध के बावजूद उसे आशीर्वाद देते हुए कहा, जाओ और आगे बढ़कर आना। सुशांत सोमलता के पास पहुंचा। वहां सब उसे देखकर आश्चर्यचकित रह गए। लेकिन सुशांत अपने संकल्प पर अडिग था।

इधर सोमलता के घुंघरुओं की आवाज गूंजती और उधर सुशांत अपनी साधना में लीन रहता। सोमलता सुशांत को रिझाने का प्रयास करती, मगर वह निर्लिप्त रहता। एक मास गुजर गया मगर सोमलता सुशांत को डिगा न सकी। हां, उससे थोड़ी सहानुभूति अवश्य होने लगी। उसने दूसरों को भी साधना के क्षणों में शांत रहने को कह दिया। चौथा मास आते-आते सुशांत ने अपने मन पर नियंत्रण पा लिया था। वह सोमलता या अन्य सुंदरियों की ओर आंख उठाकर भी नहीं देखता था। संगीत उसे बुद्ध-वाणी की तरह लगता था और नृत्यालय देवालय की तरह। चार मास पूर्ण हुए और सुशांत अपने मठ की ओर वापस चला तो सबने आश्चर्य से देखा- भिक्षुणी बनी सोमलता उसके पीछे-पीछे अपना सर्वस्व त्याग कर जा रही थी। सोमलता अपने रूप-रंग से सुशांत को रिझा न सकी, मगर सुशांत के तप का प्रभाव सोमलता पर दिख रहा था। सुशांत वास्तव में आगे बढ़ गया था।

# भाग्य और पुरुषार्थ

राजा विक्रमादित्य के दरबार में कई ज्योतिषी थे। मगर वह कोई काम शुभ लग्न देख कर या ज्योतिषी की सलाह लेकर नहीं करते थे। एक दिन राज ज्योतिषी उनके पास आए और बोले, महाराज, आप के दरबार में कई ज्योतिषी हैं। आप की तरफ से उन्हें सभी सुविधाएं मिली हुई हैं, पर आप कभी हमारी सेवाएं नहीं लेते। आज मैं आप की हस्तरेखा देख कर यह जानना चाहता हूं कि आप ऐसा क्यों करते हैं?

राजा ने कहा, मेरे पास इतना समय नहीं रहता कि मैं आप लोगों से सलाह ले सकूं। जहां तक हस्तरेखा की बात है तो मैं इसमें विश्वास नहीं रखता। लेकिन आप कह रहे हैं तो देख लीजिए। हाथ देख कर राज ज्योतिषी चक्कर में पड़ गए। उनकी आवाज बंद हो गई। राजा ने पूछा, क्या हुआ। आप इतने परेशान क्यों हैं? राज ज्योतिषी ने कहा, राजन्, आप की हस्तरेखाएं तो कुछ और कहती हैं। ज्योतिष के अनुसार आप को तो दुर्बल और दीनहीन होना चाहिए था। लेकिन आप तो इसके विपरीत हैं। हजारों साल से ज्योतिष विद्या पर विश्वास करने वाले लोग आपकी रेखाएं देख कर भ्रमित हो जाएंगे। समझ में नहीं आ रहा कि ज्योतिष को सच मानूं या आप की रेखाओं को। विक्रमादित्य ने कहा, अभी तो आप ने मेरे बाहरी लक्षणों को ही देखा है, अब आप हमारे अंदर झांक कर देखिए। इतना कह कर राजा ने तलवार की नोक अपने सीने में लगा दी। राज ज्योतिषी घबरा कर बोले, बस महाराज, रहने दीजिए।

राजा ने कहा- ज्योतिषी महाराज, आप परेशान मत हों। ज्योतिष विद्या भी तभी सार्थक सिद्ध होती है, जब मनुष्य में कुछ करने का संकल्प हो। हस्तरेखाएं तो भाग्य नहीं बदल सकतीं, लेकिन मनुष्य में यदि पुरुषार्थ है, अभाग्य से लड़ने की शक्ति है तो उसकी नकारात्मक रेखाएं भी अपने रूप बदल सकती हैं। लगता है मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। राज ज्योतिषी अवाक हो गए।

**गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है।**

# गीता में है जीवन का ज्ञान



**गीता** का उपदेश जीवन की धारा है। चूंकि गीता में जीवन की सच्चाई छिपी है और इसमें जीवन में आने वाली दुश्वारियों के कारण व निवारण दोनों को ही विस्तार से समझाया गया है। इसलिए गीता के उपदेश विश्व भर में प्रसिद्ध हैं और हर वर्ग को प्रभावित करते हैं।

गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है। जिस प्रकार डॉक्टर रोगी को रोग के निवारण के साथ-साथ उसके कारण भी बताता है। ठीक उसी प्रकार से गीता का अगर गहनता से अध्ययन किया जाए तो इससे मन के रोगों का कारण और निवारण दोनों का पता चल जाता है। गीता मन के रोगों को दूर करने का एक सशक्त माध्यम है।

गीता ज्ञान से मानव जीवन में मोह को भी आसानी से दूर किया जा सकता है। मोह जीवन लीला को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। जीवन में दुखों का सबसे बड़ा कारण मोह ही है। जीवन को अगर सफल बनाना है और मोह से मुक्ति पानी है तो गीता की शरण में जाना पड़ेगा। गीता से ज्ञान पा कर मानव मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। गीता का ज्ञान मनुष्य को उसकी आत्मा के अमर होने के विषय में बोध करवा कर अपने कर्तव्य कर्म को पूर्ण निष्ठा से करने को प्रेरित करता है। परमात्मा ने मनुष्य को देह केवल भोग के लिए प्रदान नहीं की है, अपितु हमें इसका उपयोग मोक्ष प्राप्ति के लिए करना चाहिए।

साधू व नदी कभी एक स्थान पर नहीं रुकते और निरंतर आगे बढ़ते हुए विभिन्न स्थानों पर जन-जन के हृदयों में अपने ज्ञान व भक्ति के प्रभाव से उन्हें लाभांवित व आनंदित करते हैं। प्रत्येक मानव को पूरी श्रद्धा व निष्ठा से पर-उपकार के लिए तैयार रहना चाहिए और अपने ज्ञान से जगत को प्रकाश मान करने का प्रयास करते रहना चाहिए, असल में यही मानव धर्म है।

अगर श्रीमद्भगवद् गीता का अध्ययन नित्य करें, तो इस बात का आभास सहजता से होता है कि उसमें सिखाया कुछ नहीं गया है, बल्कि समझाया गया कि इस संसार का स्वरूप क्या है? उसमें यह कहीं नहीं कहा गया कि आप इस तरह चलें या उस तरह चलें, बल्कि यह बताया गया है कि किस तरह की चाल से आप किस तरह की छवि बनाएंगे? उसे पढ़कर मनुष्य कोई नया भाव नहीं सीखता, बल्कि संपूर्ण जीवन सहजता से व्यतीत करने के मार्ग पर चल पड़ता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसमें एक वैज्ञानिक सूत्र है कि 'गुण ही गुणों को बरतते हैं।' इसका मतलब यह है कि जैसे संकल्पों, विचारों तथा कर्मों से आदमी बंधा है, वैसा ही वह व्यवहार करेगा। उस पर खाने-पीने और रहने के कारण अच्छे तथा बुरे प्रभाव होंगे। सीधी बात यह है कि अगर आप यह चाहते हैं कि अपने ज्ञान के आईने में आप स्वयं को अच्छे लगें तो अपने संकल्प, विचारों तथा कर्मों में स्वच्छता के साथ अपनी खान-पान की आदतों तथा रहन-सहन के स्थान का चयन करना पड़ेगा।

अगर आप आने अंदर दोष देखते हैं तो विचलित होने की बजाय यह जानने का प्रयास करें कि आखिर वह किसी बुरे पदार्थ के ग्रहण करने या किसी व्यक्ति की संगत के परिणाम से आया है। जैसे ही आप गीता का अध्ययन करेंगे, आपको अपने अंदर भी ढेर सारे दोष दिखाई देंगे और उन्हें दूर करने का मार्ग भी पता लगेगा।

गीता किसी को प्रेम करना, अहिंसा में लिप्त होना नहीं सिखाती, बल्कि प्रेम और अहिंसा का भाव अंदर कैसे पैदा हो, यह समझाती है। सिखाने से प्रेम या अहिंसा का भाव नहीं पैदा होगा, बल्कि वैसे तत्वों से संपर्क रखकर ही ऐसा करना संभव है। कोई दूसरे को प्रेम नहीं सिखा सकता, क्योंकि जिस व्यक्ति का घृणा पैदा करने वाले तत्वों से संबंध है, उसमें प्रेम कहां से पैदा होगा?

श्रीमद्भगवद् गीता में चार प्रकार के भक्त बताए गए हैं। भगवान की भक्ति होती है तो जीव से प्रेम होता है। अतः भक्ति की तरह प्रेम करने वाले भी चार प्रकार के होते हैं-आर्ती, अर्थार्थी, जिज्ञासु तथा ज्ञानी। पहले बाकी तीन का प्रेम क्षणिक होता है जबकि ज्ञान का प्रेम हमेशा ही बना रहता है। अगर आपके पास तत्व ज्ञान है तो आप अपने पास प्रेम व्यक्त करने वालों की पहचान कर सकते हैं, नहीं तो कोई भी आपको हांक कर ले जाएगा और धोखा देगा।

# जीवन का आधार है आध्यात्मिक ऊर्जा



**ऊर्जा एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जिसे हम देख नहीं सकते, बल्कि उसका अनुभव कर सकते हैं। यही ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है।**

## विज्ञान की भाषा

विज्ञान इन अदृश्य शक्तियों को एनर्जी कहता है। उदाहरण के लिए बिजली से बल्ब जलता है, पंखे चलते हैं, लेकिन हम बिजली को कभी नहीं देख पाते हैं। हम उसका न केवल कार्य, बल्कि परिणाम भी देखते हैं। उसके स्वरूप के बारे में जान पाना कठिन है। ठीक उसी प्रकार प्रत्येक जीव में ऊर्जा मौजूद होती है, जिससे जीव में प्राण-शक्ति का संचार होता रहता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो इस प्राण-शक्ति को हम देख नहीं पाते हैं।

संसार के सभी प्राणियों में ऊर्जा मौजूद है। वास्तव में यह ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है। इसे हम अणु, परमाणु, एनर्जी आदि नामों से जानते हैं। यानी अपनी सुविधा के अनुसार, हम ऊर्जा को अलग-अलग नाम दे देते हैं। यह एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जिसका हम केवल अनुभव ही कर सकते हैं, देख नहीं सकते। हम अपनी आंखों से तो पृथ्वी पर मौजूद सभी पदार्थों को देख लेते हैं, लेकिन ऊर्जा को देख पाना हमारे लिए संभव ही नहीं हो पाता है। लेकिन उन्हें महसूस जरूर कर सकते हैं। लेकिन फिर भी इन अदृश्य शक्तियों के अस्तित्व को अस्वीकार कर पाना हमारे लिए असंभव होता है।

## ऊर्जा और अध्यात्म का संबंध

अध्यात्म की भाषा में ऊर्जा को न केवल प्राण-वायु या आत्मा कहा जाता है, बल्कि जीव को ईश्वर का अंश भी माना जाता है। यह ऊर्जा ही है, जो सभी जीवों को जिंदा रखने में मदद करता है। हम देखते हैं कि अदृश्य शक्ति, यानी ऊर्जा के सहारे हमारे शरीर के सभी अंग सुचारू रूप से काम करते हैं। जैसे ही वह अदृश्य-शक्ति की लोप होती है, हमारे शरीर की सभी क्रियाएं बंद हो जाती हैं। शरीर के सभी अंग-आंख, नाक, कान, यहां तक कि इंद्रियां भी काम करना बंद कर देती हैं और शरीर निष्क्रिय हो जाता है।

हम यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं कि आखिर वह कौन सी शक्ति है, जो हमारे अंगों को संचालित करती है? आज का विज्ञान भले ही चांद, तारों और ग्रहों के बारे में हमें जानकारी देता हो, लेकिन आज भी इस अदृश्य-शक्ति को समझने की क्षमता अभी तक विज्ञान के पास नहीं है। शायद इसलिए कहा जाता है कि जहां विज्ञान की सीमा समाप्त हो जाती है, वहीं से महा विज्ञान शुरू हो जाता है। वास्तव में यह महाविज्ञान अध्यात्म है, जीवन दर्शन है। हमारा जीवन-दर्शन न केवल जीवन के अनुभवों के बारे में बताता है, बल्कि जीवन के रहस्यों को भी समझने का प्रयास करता है। यही वजह है कि इसकी पढ़ाई विद्यालयों या महाविद्यालयों में नहीं होती है। ऋषि-मुनियों ने वर्षों पूर्व ऐसे ही रहस्यों को समझने की कोशिश की थी। यदि इस रहस्य को समझने की स्थिति में जीव आ जाता है, तो उसे जीवन-शक्ति का अनुभव भी होने लगता है।

जीवन-शक्ति का अनुभव प्राप्त करने के लिए हमे सबसे पहले ऊर्जा के अदृश्य स्वरूप का अनुभव प्राप्त करना पड़ेगा, क्योंकि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जीवन-शक्ति का केवल अनुभव किया जा सकता है, देखा या परखा नहीं जा सकता है। हमारी आंखें देखती हैं, कान सुनता है, लेकिन इस देखने और सुनने की प्रक्रिया को हम केवल अनुभव कर सकते हैं। यदि हम अपने अनुभवों को न केवल अपने अंतर्मन में उतार लेते हैं, बल्कि इस प्रक्रिया के आदी भी हो जाते हैं, तो इसे ही साधना कहा जाता है। यह साधना ही है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन-शक्ति का अनुभव करने लगता है। इसके लिए हमें आत्म-केंद्रित होना अति आवश्यक होता है।

# वैभव सूर्यवंशी ने रच दिया इतिहास...

## -जड़ी लिस्ट-ए क्रिकेट की सबसे तेज फिफ्टी



**दांबुला (एजेंसी)।** श्रीलंका-ए के खिलाफ ट्राई सीरीज के खिताबी मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी का जलवा देखने को मिला। रविवार को दांबुला के रणगिरि दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में वैभव ने श्रीलंकाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इंडिया-ए के लिए खेलने उतरे वैभव ने सिर्फ 11 बॉल पर फिफ्टी पूरी कर ली, जिसमें 5 छक्के और 5 चौके शामिल रहे। देखा जाए तो 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अर्धशतकीय आंकड़े तक पहुंचने के दौरान सिर्फ चौके-छक्के में डील किया और एक सिंगल तक नहीं लिया। 15 साल के वैभव ने तेज गेंदबाज दुलाज समुदिता की गेंद पर छक्का लगाकर अर्धशतकीय आंकड़े तक पहुंचे।

वैभव सूर्यवंशी अब लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने श्रीलंका के कौशल्या वीरारत्ने का 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। वीरारत्ने ने 1 नवंबर 2005 को रागामा क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते हुए कुरुनेगला यूथ क्रिकेट क्लब के खिलाफ सिर्फ 12 बॉल पर फिफ्टी जमा दी थी। वैभव ने सरफराज खान द्वारा बनाए गए भारतीय रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। सरफराज ने विजय हजारे ट्रॉफी के पिछले सीजन में मुंबई की ओर से पंजाब के खिलाफ महज 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

### सबसे तेज लिस्ट-ए शतक जडऩे का मौका गंवाया

वैभव सूर्यवंशी सबसे तेज लिस्ट-ए शतक के रिकॉर्ड की बराबरी करने से भी बाल-बाल चूक गए। लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क के नाम पर है। जेक ने अक्टूबर 2023 में साउथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते हुए तस्मानिया के खिलाफ सिर्फ 29 बॉल पर शतक जमा दिया था। इस ट्राई सीरीज में फैन्स की निगाहें पूरी तरह वैभव सूर्यवंशी पर थीं। वैभव शुरुआती चार मुकाबलों में कुल मिलाकर 117 रन बना पाए थे। लेकिन खिताबी मुकाबले में उन्होंने कत्लेआम मचा दिया। वैभव अब आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर जाने वाले हैं, जहां उनका इंटरनेशनल डेब्यू होने की पूरी संभावना है।

# भारतीय मुक्केबाजों का जलवा, यूरोपियन बॉक्सिंग गोल्ड टूर्नामेंट में जीते 8 गोल्ड समेत 12 पदक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने चेक गणराज्य में आयोजित 56वें ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम (यूरोपियन बॉक्सिंग गोल्ड टूर्नामेंट) में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक अपने नाम किए। भारतीय मुक्केबाजों ने 8 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी ताकत का दमदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन ने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ा दिया है।

### महिला मुक्केबाजों ने दिलाया चार गोल्ड

महिला वर्ग में लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), प्रीति पंवार (54 किग्रा), साक्षी (51 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) ने अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं परवीन (65 किग्रा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सिर्फ पांच खिलाड़ियों के साथ भारतीय महिला टीम ने चार गोल्ड और एक सिल्वर जीतकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

### पुरुष खिलाड़ियों ने भी दिखाया दम

पुरुष वर्ग में जदुमनी सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और नरेंद्र (90 किग्रा) ने गोल्ड मेडल जीते। आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा) और कपिल पोखरिया (90 किग्रा) ने रजत पदक अपने नाम किए, जबकि सुमित कुंडू (70 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। भारत ने कुल 8 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य सहित 12 पदकों के साथ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

### अजय सिंह ने खिलाड़ियों को दी बधाई

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (ब्रन्नढ्ढ) के अध्यक्ष अजय सिंह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच यह उपलब्धि भारतीय बॉक्सिंग के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगी।

### भारत के पदक विजेता

स्वर्णः साक्षी, प्रीति पंवार, प्रिया, लवलीना बोरगोहेन, जदुमनी सिंह मंडेंगबाम, सचिन, अंकुश, नरेंद्र

रजतः परवीन, आदित्य प्रताप यादव, कपिल पोखरिया

कांस्यः सुमित कुंडू।

# बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित की टीम, रोहित-कोहली की वापसी, यशस्वी बाहर हुए

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे में होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी है। टीम की कप्तानी शुभमन गिल के पास रहेगी। वहीं पिछले काफी समय से बाहर चल रहे अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की टीम में वापसी हो गयी है पर युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को टीम में जगह नहीं मिली है जिसपर सभी हैरान हैं। वहीं ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गये हैं। अफगानिस्तान सीरीज में अधिक रन नहीं बनाने के बाद भी रोहित की टीम में वापसी हुई है पर अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय में शतक के बाद भी यशस्वी को बाहर कर दिया गया है। कप्तान शुभमन गिल ने हाल ही में कहा था कि टीम चयन अंतिम फैसला खिलाड़ियों की फिटनेस व सर्वश्रेष्ठ संयोजन को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। गौरतलब है कि आईपीएल 2026 फाइनल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट से परेशान रहे विराट कोहली को टीम में शामिल किया गया है पर वह फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही मैदान पर उतरेंगे। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी करीब तीन साल बाद एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अपना अंतिम एकदिवसीय मैच 2023 विश्व कप फाइनल में खेला था। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है जबकि युवा प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और गुरनूर बरार को टीम में बनाये रखा है। गौरतलब है कि भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। एकदिवसीय सीरीज का पहला मुकाबला 14 जुलाई को बर्मिंघम, दूसरा 16 जुलाई को कार्डिफ और तीसरा 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

### टीम इस प्रकार है

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली*, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और गुरनूर बरार।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच नेशंस कप जीता

### -प्रो लीग के अगले सत्र के लिए भी क्वालीफाई किया



**ऑकलैंड (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच नेशंस कप में जीत के साथ ही अगले सत्र के लिए भी प्रो लीग में जगह बना ली है। भारतीय टीम ने नेशंस लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में मेजबान टीम न्यूजीलैंड को 2-0 से हराया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारतीय टीम ने एफआईएच महिला प्रो लीग के अगले सत्र के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। ये भारतीय हॉकी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भारतीय टीम दूसरी बार इस टूर्नामेंट में विजेता बनी है।

खिताबी मुकाबले में शुरुआत से ही भारतीय टीम हावी रही। उसने न्यूजीलैंड को कोई अवसर नहीं दिया। मैच के चौथे मिनट में ही नवनीत कौर ने एक पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। इसके बाद 15वें मिनट में, सुनेलिता टोप्पो ने दूसरा गोल दाग दिया। इन दो शुरुआती गोलों के बाद मेजबान टीम दबाव में आ गयी। इसके बाद मेजबान टीम के किये हमले भारतीय रक्षापंक्ति ने विफल कर दिये। इससे कीवी टीम को वापसी का कोई अवसर नहीं मिला। इससे मेजबानों को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा।

इस पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अपने सभी मैच जीते। इससे उसकी निरंतरता का सबूत मिलता है। पूल चरण में टीम ने अमेरिका को 3-2 से, जापान को 2-1 से और उरुग्वे को 3-2 से हराया। इन करीबी जीतों से टीम का मनोबल बढ़ा है। इसके बाद सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने चिली को 6-0 के बड़े अंतर से हराया था। इसके बाद खिताबी मुकाबले में भी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए लालरेमसियामी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला है। वहीं, टूर्नामेंट में भारत की ओर से दीपिका ने सबसे अधिक छह गोल किये।

टीम की इस शानदार उपलब्धि पर हॉकी इंडिया ने सभी खिलाड़ियों को 3-3 लाख रुपये और सहायोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 1.5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन की जमकर सराहना करते हुए इसे देश को गर्व का अनुभव हुआ है।

# महिला टी20 विश्व : पाकिस्तान और नीदरलैंड बाहर हुई, भारतीय टीम का पहुंचना तय

लंदन (एजेंसी)। पाकिस्तान और नीदरलैंड की टीम इंग्लैंड एंड वेल्स में जारी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट में अपने-अपने मुकाबले हारने के साथ ही बाहर हो गयी है। वहीं अब ग्रुप ए से केवल भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बनी हुई है। वहीं लीग मैचों के आधे पड़ाव तक पहुंचते-पहुंचते दो टीमों का सफर समाप्त हो गया है। ग्रुप ए से पाकिस्तान और नीदरलैंड की टीमों को बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से ही ये टीमें बाहर हो गयीं। इन हारों के साथ ही पाकिस्तान और नीदरलैंड दोनों टीमें अपने तीन-तीन लीग मैच हारी हैं। उसके दो-दो मुकाबले अभी बाकी हैं पर अब वह छह अंकों के सेमीफाइनल क्वालीफिकेशन मार्क तक नहीं पहुंच पाएंगी। वहीं ग्रुप ए की अंकतालिका को देखें तो ऑस्ट्रेलिया ने तीन में से तीन मैच जीतकर 6 अंकों के साथ लगभग सेमीफाइनल के लिए प्रवेश हासिल किया है जबकि भारतीय टीम अपने दो मैच जीतकर 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर बांग्लादेश है, जिसके तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ 4 अंक हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफीका एक जीत और एक हार के साथ 2 अंकों पर चौथे स्थान पर है।

# रूट टेस्ट क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

लंदन। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टेस्ट क्रिकेट के दूसरे ही मैच में अपने 14 हजार रन पूरे करने के साथह ही में एक और मील का पत्थर छू लिया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ वह टेस्ट क्रिकेट में 14 हजारी बनने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलबब्धि केवल महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम थी। अब रुट उनके विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने के बेहद करीब जो रूट पहुंच रहे हैं। कीवी टीम के खिलाफ इंग्लैंड की दूसरी पारी में जैसे ही रूट ने अपना दूसरा रन लिया, उनके टेस्ट क्रिकेट में 14,000 हजार रन पूरे हो गये। मैच में चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक रूट ने 75 रन बनाए थे।

# पेरी 50 टी20 विश्व कप मैच खेलने वाली पहली क्रिकेटर बनीं




सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी 50 टी20 विश्वकप मैच खेलने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गयी हैं। पेरी ने क्रिकेट जगत में एक ऐसा ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया है। जो आज तक किसी भी पुरुष या महिला क्रिकेटर के नाम नहीं है। साउथेम्प्टन में जारी महिला टी20 विश्व कप 2026 में नीदरलैंड्स के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के 14वें मैच के दौरान ही पैरी ने ये रिकार्ड बनाया। अब टी20 विश्व कप (पुरुष और महिला दोनों को मिलाकर) सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में पेरी नंबर एक पर पहुंच गयी हैं। पेरी ने साल 2009 में इस टूर्नामेंट की शुरुआत से लेकर अभी तक कुल 50 मैच खेले हैं। इस सूची में भारतीय पुरुष टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा भी पेरी से पीछे हैं। रोहित ने साल 2007 से 2024 के बीच 47 टी20 विश्व कप मैच खेले थे। पेरी ने महिला क्रिकेट की बात करें तो न्यूज़ीलैंड की सूजी बेट्स के अलावा, इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेटर जोस बटलर और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को भी पीछे छोड़ दिया है। इन सभी के नाम 43-43 मैचों का रिकार्ड है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली के नाम 42 मैच हैं, जबकि भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज डेविड वार्नर 41-41 मैचों के साथ इस सूची में नंबर एक पर हैं। पेरी के नाम कई अन्य रिकार्ड भी हैं। वह पुरुष और महिला क्रिकेट में 1,000 रन बनाने और 100 विकेट लेने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी हैं। इसके अलावा, महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में वह सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

# फीफा वर्ल्ड कप: जापान ने ट्यूनीशिया को 4-0 से रौंदा, नॉकआउट के करीब पहुंची टीम



**एस्टाडियो मॉन्टेरे (मेक्सिको) (एजेंसी)।** एस्टाडियो = फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप ए मुकाबले में जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्यूनीशिया को 4-0 से करारी शिकस्त दी। इस दमदार जीत के साथ जापानी टीम नॉकआउट चरण में पहुंचने के बेहद करीब पहुंच गई है, जबकि ट्यूनीशिया का टूर्नामेंट से सफर समाप्त हो गया।

यह मुकाबला फीफा विश्व कप के इतिहास का 1000वां मैच भी था और जापान ने इसे यादगार बना दिया। टीम ने विश्व कप इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की, साथ ही विश्व कप के एक मैच में चार गोल करने वाला पहला एएफसी देश बनने का गौरव भी हासिल किया।

जापान ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। डाइची कामादा ने चौथे मिनट में गोल दागकर विश्व कप में जापान की ओर से सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया। कीटो नाकामुरा के शानदार क्रॉस पर उन्होंने आसान फिनिश किया।

इसके बाद अयासे उएदा ने 30वें मिनट में शानदार लो-ड्राइव शॉट के जरिए जापान की बढ़त 2-0 कर दी। हाफ टाइम तक जापानी टीम पूरी तरह मुकाबले पर हावी रही।

दूसरे हाफ में भी जापान का दबदबा जारी रहा। जुन्या इतो ने 69वें मिनट में बेहतरीन गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद 83वें मिनट में उएदा ने हेडर के जरिए अपना दूसरा और टीम का चौथा गोल दागकर ऐतिहासिक जीत पर मुहर लगा दी।

इस जीत के बाद जापान ग्रुप ए में नीदरलैंड्स के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है, जबकि लगातार दूसरी हार झेलने के बाद ट्यूनीशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

# अभय-वेलवन की पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत, भारत ने लगातार तीसरी बार जीता स्क्वाश का खिताब



नई दिल्ली। भारत के अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मलेशिया के सारावाक में आयोजित एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया। भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल का खिताब लगातार तीसरी बार अपने नाम कर महाद्वीपीय स्तर पर अपना दबदबा कायम रखा।

**पाकिस्तान के खिलाफ शानदार वापसी-** फाइनल मुकाबले में भारत की जोड़ी ने एक गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की। अभय और वेलवन ने पाकिस्तान की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी नासिर इकबाल और नूर जमां को 47 मिनट में 7-11, 11-7, 11-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पिछले साल भी भारतीय जोड़ी ने फाइनल में इसी पाकिस्तानी जोड़ी को मात दी थी।

**भारत की झोली में आए तीन पदक-** पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा भारत ने दो कांस्य पदक भी हासिल किए। अनुभवी खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और रथीका सीलन की महिला युगल जोड़ी सेमीफाइनल तक पहुंचकर कांस्य पदक जीतने में सफल रही। वहीं, मिश्रित युगल में जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत की दूसरी महिला युगल जोड़ी जेनेट विधि और पूजा आरती छठे स्थान पर रही।

# शुभमन ने यशस्वी को बेहतरीन बल्लेबाज बनाया

### -टीम में कई बार जगह नहीं मिलने का भी कारण बताया

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में शतक लगाकर टीम की जीत में हम भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज सशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है। यशस्वी ने इस मैच में 110 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम ने इस मैच में टीम ने 9 विकेट से जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम की। मैच में यशस्वी ने अपने एकदिवसीय करियर का दूसरा शतक जड़ा। यह उपलब्धि उन्होंने केवल छठी पारी में हासिल की

जीत के बाद, शुभमन ने यशस्वी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने के कारण कई बार यशस्वी को बाहर बैठना पड़ा है पर इसका मतलब प्रदर्शन से नहीं है। शुभमन ने यशस्वी को एक बेहतरीन और शानदार खिलाड़ी करार दिया। साथ ही माना है कि टीम में जगह को लेकर होने वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण कभी-कभी उन्हें बाहर बैठना पड़ता है। गिल ने कहा, हम सभी भली-भांति जानते हैं कि वह एक बेहतरीन और शानदार खिलाड़ी हैं। किसी भी खिलाड़ी के लिए टीम से बाहर बैठना आसान नहीं होता। सच तो यह है कि अगर टीम के सभी मुख्य खिलाड़ी उपलब्ध हों, तो यशस्वी वह बदकिस्मत खिलाड़ी बन जाते हैं जिन्हें कभी-कभी अंतिम ग्यार से बाहर बैठना पड़ता है। कप्तान ने इस बात पर खुशी जताई कि जायसवाल ने इस श्रृंखला में मिले मौकों को बखूबी भुनाया और भविष्य में भी इसी तरह के बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई।



टीम के संयोजन को मजबूत करने के लिए शुभमन ने सीरीज के आखिरी दो मैचों में हुए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। गिल ने ऐसा इसलिए किया ताकि यशस्वी नियमित कप्तान रोहित के साथ पारी की शुरुआत कर सकें। कप्तान का यह प्रयोग बेहद सफल रहा, जहां रोहित ने भी 79 रनों की एक परिपक्व पारी खेलते हुए यशस्वी के साथ पहले विकेट के लिए 170 रनों की विशाल साझेदारी की।

# इंग्लैंड के क्रिकेटर बेथल भारतीय लड़की से प्रेम कहानी को लेकर चर्चाओं में आये

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज जैकब बेथल आजकल खेल की जगह पर एक भारतीय लड़की के साथ अपनी कथित प्रेम कहानी को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर इस लड़की के साथ उनकी एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें वह इस लड़की के साथ बेहद दिख रहे हैं। यह तस्वीर इसी साल अप्रैल में हुए आईपीएल के 19 वे सत्र की है। इसमें बेथल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेल रहे थे। इस तस्वीर को देखकर प्रशंसक हैरान और जानना चाहते हैं कि ये कौन है। इस तस्वीर में बेथल के साथ दिख रही खूबसूरत लड़की का नाम अंकिता पटेल है। अंकिता एक जानी-मानी सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट हैं, उसने बॉलीवुड के कई बड़े सितारों के साथ काम किया है। यह तस्वीर स्वंय अंकिता के सोशल मीडिया अकाउंट से ही शेयर की गई थी, जिसने सोशल मीडिया पर प्रशंसक हैरान हैं। वहीं अंकिता ने अब तक इस क्रिकेटर के साथ अपने रिश्ते को लेकर कुछ नहीं कहा है पर इस तस्वीर से लगता है कि कि दोनो एकदूसरे के बेहद करीब हैं। के बीच नजदीकियों की कहानी बयां कर रही है। प्रशंसक इस नई जोड़ी को लेकर काफी उत्साहित हैं। गौरतलब है कि जैकब बेथल का आईपीएल 2026 में रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए उन्हें कुल 7 मैचों में मौका मिला, लेकिन वह सिर्फ 96 रन ही बना पाए। इस दौरान खराब फॉर्म के कारण उन्हें सत्र के बीच में ही स्वेदश लौटना पड़ा था। अभी वह न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड टीम के दल में शामिल हैं। बेथल ने इंग्लैंड के लिए 7 टेस्ट, 21 एकदिवसीय और 31 टी20 खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम अबतक 496 रन जबकि एकदिवसीय में 603 रन हैं। टी20 में बेथल ने 697 रन बनाये हैं।

# फीफा विश्व कप 2026 में गुलाबी जूतों का छाया जादू, दुनिया के स्टार फुटबॉलरों की बनी पहली पसंद

**न्यूयॉर्क(एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2026 में जहां दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी अपने शानदार खेल से सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं इस बार एक नया ट्रेंड भी चर्चा का केंद्र बन गया है। टूर्नामेंट में गुलाबी रंग के फुटबॉल जूते खिलाड़ियों की पहली पसंद बनकर उभरे हैं और मैदान पर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं।

अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में खेले जा रहे विश्व कप में कई स्टार खिलाड़ी गुलाबी रंग के जूते पहनकर मैदान में उतर रहे हैं। अमेरिका के जियो रेना, ब्राजील के विनीसियस जूनियर, फ्रांस के कप्तान किलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन जैसे बड़े नाम इसी रंग के जूतों में नजर आए।

जियो रेना ने विश्व कप के शुरुआती मैच में अमेरिका के लिए यादगार गोल दागा, जबकि विनीसियस जूनियर ने ब्राजील के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं एमबाप्पे ने दो गोल कर फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। हैरी केन ने भी दो गोल दागकर इंग्लैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की। इन सभी खिलाड़ियों में एक समानता रही–सभी ने गुलाबी रंग के जूते पहने थे।

मैदान की हरी घास पर गुलाबी जूते दूर से ही अलग दिखाई देते हैं। यही वजह है कि कई बड़ी स्पोर्ट्स कंपनियों ने इस विश्व कप से पहले इनका विशेष डिजाइन तैयार किया। नाइकी के ग्लोबल फुटवियर निदेशक ओडिंगा निमाको के अनुसार खिलाड़ी गुलाबी रंग को आत्मविश्वास, ऊर्जा और अलग पहचान के प्रतीक के रूप में देखते हैं। दर्शकों के बीच भी यह रंग तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने बताया कि 1998 विश्व कप में पहली बार रंगीन फुटबॉल जूतों ने लोगों का ध्यान खींचा था। उससे पहले काले और सफेद रंग के जूतों का ही अधिक इस्तेमाल होता था। अब समय बदल चुका है और नाइकी, एडीडास, प्यूमा, स्केचर्स और न्यू बैलेंस जैसी दिग्गज कंपनियां भी गुलाबी रंग के जूते बाजार में उतार चुकी हैं।

ऐसे में फीफा विश्व कप 2026 में शानदार गोलों के साथ-साथ गुलाबी जूतों का यह नया ट्रेंड भी दुनियाभर के फुटबॉल प्रेमियों के बीच चर्चा का बड़ा विषय बन गया है।



# बीजेपी ने की दो-तिहाई बहुमत की जुगाड़, लोकसभा में पास होगा परिसीमन बिल !

## -टूट की सियासी घटना ने एनडीए सरकार के हौसलों को सातवें आसमान पर पहुंचाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी दलों में लगातार हो रही टूट की सियासी घटना ने केंद्र की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के हौसलों को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। सरकार में यह भरोसा बढ़ रहा है कि अगले महीने शुरू होने वाले संसद के मॉनसून सत्र तक वे संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जरुरी दो-तिहाई बहुमत का जादुई आंकड़ा हासिल कर लेंगे। एक रिपोर्ट में एक केंद्रीय मंत्री के हवाले से बताया गया है कि हमें पूरा भरोसा है कि मॉनसून सत्र तक हम महिला आरक्षण को लोकसभा और विधानसभा सीटों के नए परिसीमन से जोड़ने वाले संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जरूरी संख्या बल जुटा लेंगे।

केंद्र सरकार दो बेहद अहम संविधान संशोधन विधेयकों को संसद से हरी झंडी दिखाने की तैयारी में है, जिनके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत अनिवार्य है। महिला आरक्षण और परिसीमन। इस कानून के जरिए देश में महिला आरक्षण को लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और सीमाओं को दोबारा तय करने के लिए परिसीमन की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। बीजेपी साल 2029 के आम चुनाव से काफी पहले पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का कानून बनाना चाहती है। बीजेपी रणनीतिकारों का मानना है कि एक साथ चुनाव होने से पार्टी को राज्य चुनावों में भी राष्ट्रीय मुद्दों जैसे सुरक्षा, संप्रभुता और राष्ट्रीय गौरव पर वोट मांगने का सीधा लाभ मिलेगा।

बता दें 540 की प्रभावी संख्या वाली वर्तमान लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत के लिए 360 वोटों की जरुरत है। लोकसभा में एनडीए की वर्तमान ताकत 293 है। तृणमूल कांग्रेस के 28 में से 20 बागी सांसदों के जुड़ने की उम्मीद है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 बागी सांसदों के आने की संभावना है। इन दोनों को मिलाकर यह आंकड़ा 319 तक पहुंच जाता है, जो अभी भी 360 के लक्ष्य से दूर है। हालांकि बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने बताया है कि वह इस बात से पूरी तरह आश्वस्त हैं कि 37 लोकसभा सांसदों वाली समाजवादी पार्टी समेत कई अन्य विपक्षी दल अगले कुछ हफ्तों में बड़ी बगावत का स्वाद चखने वाले हैं। बीजेपी के एक सूत्र ने कहा कि अगले कुछ हफ्तों में कई विपक्षी दलों के भीतर ऐसे राजनीतिक भूकंप आने वाले हैं, जो उन्हें अंदर से पूरी तरह खोखला कर देंगे।

विपक्ष को डर है कि पूरे देश में होने वाला यह नया परिसीमन बीजेपी को एक स्थायी संरचनात्मक लाभ दे सकता है। विपक्षी दल असम में हुए परिसीमन का उदाहरण देते हैं, जहां कुछ खास आबादी वाले क्षेत्रों की सीमाओं को इस तरह बदला जिससे विपक्ष की पारंपरिक सीटों का गणित बिगड़ गया। लोकसभा में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी सरकार पर राजनीतिक लाभ के लिए विपक्षी नेताओं के निर्वाचन क्षेत्रों को मनमाने ढंग से बदलने का आरोप लगाया था। हालांकि, सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है। सरकार का तर्क है कि 1971 की जनगणना के बाद से आबादी में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सीटें नहीं बढ़ाई गई हैं, इसलिए यह सुधार अब अपरिहार्य हो चुका है। बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्षी दलों को तोड़ना और देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदलने वाले ऐतिहासिक कानूनों को पारित कराना पीएम मोदी की उस विरासत का हिस्सा है, जिसे वे देश के सामने छोड़ना चाहते हैं।

# अकासा एयर फ्लाइट को मिली बम की धमकी से हड़कंप

श्रीनगर (एजेंसी)। श्रीनगर एयरपोर्ट पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब अकासा एयर की एक उड़ान में बम होने की धमकी से जुड़े तीन हस्तलिखित नोट बरामद हुए। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की विस्तृत जांच के बाद विमान में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली और धमकी को झूठा करार दिया गया। जानकारी के अनुसार, अकासा एयर की फ्लाइट संख्या क्यूपी-1121 मुंबई से श्रीनगर पहुंची थी। विमान के सुरक्षित लैंड करने और यात्रियों के उतरने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत नियमित एंटी-सबोटेज जांच की जा रही थी। इसी दौरान विमान के अंदर तीन हस्तलिखित नोट मिले, जिनमें बम होने की धमकी दी गई थी। धमकी भरे नोट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया तथा पूरे विमान की गहन तलाशी ली गई। इसके साथ ही बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी की आपात बैठक भी बुलाई गई। सुरक्षा एजेंसियों ने सभी पहलुओं की जांच करने के बाद पाया कि विमान में कोई विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध वस्तु मौजूद नहीं थी। कमेटी ने इस धमकी को अफवाह और शरारतपूर्ण हरकत करार दिया। घटना के बाद श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस दौरान हवाई सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा और अन्य उड़ानों का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। यात्रियों को भी किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। जांच पूरी होने और विमान को सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद उसे आगे की उड़ान के लिए अनुमति दे दी गई। इसके बाद वही विमान फ्लाइट संख्या क्यूपी-1122 के रूप में अपनी अगली यात्रा पर रवाना हुआ। इस मामले में अकासा एयर ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब विमान में धमकी भरे नोट छोड़ने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में जुटी है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि हवाई सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की धमकी को गंभीरता से लिया जाता है और ऐसी घटनाओं में कड़ी कार्रवाई की जाती है।

# गोवा अवैध खनन मामला- ईडी ने 1,024 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की

## -भारत और सिंगापुर में सलगांवकर समूह की संपत्तियों पर शिकंजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोवा के चर्चित अवैध लौह अयस्क खनन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सलगांवकर समूह (एवीएस ग्रुप) और उससे जुड़ी कंपनियों की 1,023.85 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की हैं। इनमें भारत और सिंगापुर में स्थित अचल संपत्तियां तथा भारतीय कंपनियों के शेयर शामिल हैं। ईडी के अनुसार, अटैच की गई संपत्तियों में भारत की 99 अचल संपत्तियां, जिनकी कीमत लगभग 459.10 करोड़ रुपये है, शामिल हैं। इसके अलावा सिंगापुर में स्थित 31 संपत्तियां, जिनका मूल्य 471.32 करोड़ रुपये बताया गया है, भी कार्रवाई के दायरे में आई हैं। भारतीय कंपनियों के 93.42 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर भी जब्त किए गए हैं। जांच एजेंसी का आरोप है कि एवीएस समूह ने वर्ष 2007 से 2012 के बीच गोवा में 10 खनन पट्टों के माध्यम से अवैध रूप से लौह अयस्क का खनन, बिक्री और निर्यात किया। ईडी के अनुसार इस गतिविधि से 2,492.95 करोड़ रुपये की अवैध कमाई हुई। एजेंसी ने दावा किया है कि लौह अयस्क के निर्यात में कीमतों को कम दिखाया गया और विदेशी शेल कंपनियों के माध्यम से चीन को निर्यात किया गया। जांच के दौरान कथित अपराध से अर्जित कुल आय 5,237.84 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। ईडी की इस कार्रवाई को गोवा के अवैध खनन मामलों में अब तक की बड़ी कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है। मामले की जांच अभी जारी है और आने वाले समय में अन्य संपत्तियों तथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# पटाखा फैक्ट्री में धमाका, एक की मौत, 25 झुलसे

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के मसारपट्टी गांव में पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हो गया। इस दर्दनाक हादसे में एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 25 से ज्यादा मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। धमाका इतना शक्तिशाली था कि फैक्ट्री परिसर का एक हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। सप्ताहांत होने के कारण फैक्ट्री में 50 से ज्यादा कर्मचारी मौजूद थे। कुछ अपनी हफ्ते भर की मजदूरी ले रहे थे तो कुछ पटाखे बना रहे थे। अचानक एक कमरे में रखे पटाखों में धमाका हो गया यह घटना शनिवार शाम को हुई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

# बरेली में मुठभेड़ में चार डकैत गिरफ्तार, दो के पैर में लगी गोली

बरेली (एजेंसी)। पुलिस ने चुरेली नहर पुलिया के पास देर रात दो महिलाओं से कुंडल लूटने वाले चार बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए। देवरनिया के कनमन गांव निवासी चंद्रपाल ने अपनी पत्नी व सलहज के साथ लौटते समय हुई कुंडल लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सर्विलांस व एसओजी टीम की मदद से जांच में छह बदमाशों की संलिप्तता पाई। देर रात पुलिस टीम पचपेड़ा चौराहे पर चेकिंग कर रही थी, तभी दो बाइक पर सवार छह संदिग्ध युवक आते दिखे। पुलिस को देख वे भागे, पीछा करने पर उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद चार बदमाश खेतों की ओर भागे और पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में विकास और सौरभ के पैर में गोली लगी। पुलिस ने विकास, सौरभ, ललित और सचिन नामक चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया, जो नवाबगंज के पड़री गांव निवासी हैं। आरोपितों के पास से लूटे गए कुंडल, तमंचे व कारतूस बरामद हुए हैं। घटना में शामिल उनके दो साथी मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

# तमिलनाडु में शराब बाज़ार खुलेगा ग्लोबल कंपनियों के लिए

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु शराब के कारोबार में बड़े बदलाव की तैयारी है, जहाँ ग्लोबल कंपनियों के प्रवेश से बाजार का स्वरूप बदल सकता है। विजय सरकार का विचार है कि इस कदम से न केवल एक्साइज राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि शराब के ज्यादा विकल्प मिलने से पड़ोसी राज्यों जैसे बेंगलुरु और पुडुचेरी की ओर जाने वाले ग्राहकों को रोका जा सकता है। अभी तक बाजार कई सालों से लोकल डिस्टिलरी के दबदबे में रहा है, जिससे ग्राहकों के पास ब्रांड्स के सीमित विकल्प थे। विजय सरकार का मानना है कि बाज़ार को ग्लोबल ब्रांड्स के लिए खोलने से कस्टमर्स को बनाए रखने और नए कस्टमर्स को आकर्षित करने में मदद मिलेगी, जिससे राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। इन बदलावों के तहत, तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन (टीएएसएमएसी) की दुकानों का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि इसका मकसद ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाना और उन्हें खरीदारी के लिए अच्छा माहौल देना है। हाल ही में 717 टीएएसएमएसी आउटलेट्स के बंद होने से करोड़ों रुपए का रेवेन्यू नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई और ग्राहकों को ज्यादा विकल्प देने के लिए, सरकार शराब के और भी ब्रांड्स को बेचने की इजाजत देने की योजना बना रही है, जिसमें ग्लोबल ब्रांड्स भी शामिल की जाएंगे। यह नई नीति ग्राहकों को विविधता प्रदान करने और उन्हें तमिलनाडु में ही खरीदारी करने के लिए प्रेरित करेगी। रेवेन्यू के नुकसान को रोकना एक्साइज डिपार्टमेंट की एक और अहम प्राथमिकता है। एक अधिकारी ने बताया कि डिपार्टमेंट में पॉलिटिकल कनेक्शन वाले अधिकारियों का ट्रांसफर करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि रेवेन्यू लीकेज को पूरी तरह से रोका जा सके। यह नीतिगत बदलाव राज्य के शराब बाज़ार को नया आयाम दे सकता है और सरकार के राजस्व में महत्वपूर्ण वृद्धि ला सकता है।

# सांसद अभिषेक के करीबी पर शिकंजा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के करीबी सहयोगी सुमित रॉय के खिलाफ पश्चिम मेदिनीपुर के देबरा थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है। फरार चल रहे सुमित पहले से भूमि कब्जा मामले में भी आरोपी हैं। शिकायत में पूर्व विधायक सुजॉय हाजरा का नाम भी शामिल है। पुलिस और सीआईडी मामले की जांच कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का नया मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस के अनुसार, सुमित रॉय पहले से ही एक कथित भूमि कब्जा (लैंड ग्रैब) मामले में आरोपी हैं। इस मामले में उनकी तलाश की जा रही है और पश्चिम बंगाल पुलिस ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया है। रॉय काफी समय से फरार बताए जा रहे हैं।

# भारत में जल्द लॉन्च होगा सैमसंग गैलेक्सी एम 47 5जी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सैमसंग इंडिया ने अपने लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एम 475जी के आगामी लॉन्च की घोषणा की है। साल 2019 में पहली बार पेश की गई यह सीरीज पूरी तरह से "मेड इन इंडिया" और "मेड फॉर इंडिया" के मूलमंत्र पर आधारित है, जिसे विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया गैलेक्सी एम47 5जी, आधुनिक शैली और दमदार हार्डवेयर का एक बेहतरीन संयोजन पेश करता है। यह स्मार्टफोन जितना स्टाइलिश है, प्रदर्शन के मामले में उतना ही सक्षम भी है। चाहे कंटेंट ब्राउज करना हो, एक साथ कई काम करने हों या फिर हाई-एंड गेमिंग का आनंद लेना हो, यह हर मोर्चे पर यूजर्स को एक सहज और इमर्सिव अनुभव प्रदान करेगा। गैलेक्सी एम47 5जी में सुपरफास्ट परफॉर्मेंस और स्लीक डिजाइन का बेजोड़ संगम देखने को मिलेगा। यह स्मार्टफोन एक शक्तिशाली प्रोसेसर, तेज रैम और बड़े स्टोरेज से लैस होगा, जो रोजमर्रा के सामान्य कार्यों से लेकर भारी उपयोग के दौरान भी बिना किसी रुकावट के स्मूथ परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा। यह दिखने में जितना प्रीमियम और स्लीक होगा, मजबूती के मामले में भी उतना ही शानदार होगा, जिसकी उम्मीद आज की युवा पीढ़ी अपने स्मार्टफोन से करती है। गैलेक्सी एम47 5जी अपने सेगमेंट के सबसे दमदार फीचर्स के साथ भारतीय बाजार में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उपभोक्ताओं के लिए तकनीक की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। गैलेक्सी एम47 5जी के इस आगामी लॉन्च के साथ सैमसंग का उद्देश्य भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपने नेतृत्व को और अधिक सुदृढ़ और मजबूत बनाना है।

# जम्मू-कश्मीर में हिजाब और बुर्के में मुस्लिम लड़कियों ने किया योग

## -युवाओं ने पानी के अंदर किया योग, एलजी सिन्हा ने दी शुभकामनाएं



**जम्मू (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योग को लेकर उत्साह देखने को मिला। देश और दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया। इस साल योग दिवस की थीम है स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग। इस आयोजन की खास बात यह रही कि मुस्लिम लड़कियों ने बुर्के और हिजाब में योग किया। बढ़ते तनाव और स्वास्थ्य से जुड़ी आधुनिक चुनौतियों के बीच, योग उम्मीद की एक मजबूत किरण है। योग दिवस के अवसर पर जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने शुभकामनाएं दीं। जम्मू-कश्मीर में इंटरनेशनल डे ऑफ़ योगा के मौके पर समाज के हर वर्ग के हज़ारों लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें सरकारी अधिकारी, पैरामिलिट्री फ़ोर्स के जवान, सैनिक और स्कूली बच्चे शामिल थे।

श्रीनगर में एलजी मनोज सिन्हा ने डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में बड़ी संख्या में योग करने वालों की अगुवाई की। श्रीनगर में योग करने आई एक युवती ने कहा कि योग के कई फायदे हैं। यह सेहत और समग्र कल्याण के लिए बहुत अच्छा है। हम स्कूल में रोज योग का अभ्यास करते हैं। एक और युवती ने कहा कि योग हमारे लिए काफी अहम है। योग करने से लोगों को आंतरिक बीमारियां कम होती हैं। इससे लोग काफी स्वस्थ रहते हैं।

श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर योग दिवस मनाया गया। श्रीनगर एयरपोर्ट की ओर से एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी गई कि श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सुबह 6:45 बजे एयरपोर्ट के अधिकारी, स्टाफ और स्टेकहोल्डर्स श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक योग सत्र में हिस्सा लिया। बीजेपी सांसद जुगल किशोर शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज दुनिया भर में लोग योग कर रहे हैं। बीजेपी नेता रविंदर रैना ने कहा कि आज पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने पूरी दुनिया से योग अपनाने का आह्वान किया था और हर व्यक्ति से इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करने का आग्रह किया था।

जम्मू में युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ पानी के अंदर योग सत्र आयोजित किया। प्रतिभागियों ने तैराकी कौशल के साथ वेलनेस को जोड़ते हुए पानी के अंदर योग का अभ्यास किया। श्रीनगर में योग करने आए एक शख्स ने कहा कि योग के कई फायदे हैं। मैं पिछले दो सालों से इसका अभ्यास कर रहा हूं। इससे हमारे फेफड़े स्वस्थ रहते हैं और यह हमें नशे से दूर रहने में मदद करता है।

जम्मू-कश्मीर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा। जम्मू में युवाओं की भागीदारी के साथ एक अनोखे अंडरवॉटर योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस विशेष कार्यक्रम में युवाओं ने पानी के भीतर योगाभ्यास कर फिटनेस, मानसिक संतुलन और तैराकी कौशल का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।

# असफल होने के डर से मैं आत्महत्या कर रहा हूं, अम्मा, अप्पा...मुझे माफ कर देना

## नीट की दोबारा परीक्षा में असफल होने के डर से दो अभ्यार्थियों ने की आत्महत्या



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा से ठीक एक दिन पहले तेलंगाना के हैदराबाद और तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले से दो अलग-अलग छात्रों के सुसाइड का मामला सामने आया है। हैदराबाद में 19 साल की छात्रा ने आत्महत्या कर ली। वहीं, तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के होसुर में एक 20 साल के छात्र ने परीक्षा के अत्यधिक दबाव और असफल होने के डर से आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से एक भावुक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें छात्र ने लिखा है कि नीट के डर से उसे पिछले एक महीने से नींद नहीं आ रही थी और इस बार भी असफल होने के डर से वह यह आत्मघाती कदम उठा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक वेंट्रियानंथम लगातार तीन सालों से नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पिछले प्रयासों में असफलताओं का सामना करने के बाद, वह अत्यधिक दबाव में था और रविवार को होने वाली परीक्षा में फिर से असफल होने से डर रहा था। शनिवार को जब उसके पिता काम पर गए थे और उनकी मां पास दुकान पर सामान लेने गई थीं, तब वेंट्रियानंथम ने घर की छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। छात्र ने सुसाइड नोट में लिखा- नीट के डर से उसे नींद नहीं आ रही थी और इस बार भी असफल होने के डर से मैं यह आत्मघाती कदम उठा रहा हूं। अम्मा, अप्पा, अन्ना...मुझे माफ कर देना।

इस सुसाइड नोट में उसने अपने परिवार के प्रति गहरा प्रेम व्यक्त किया और कहा कि ऐसे माता-पिता और भाई पाकर वे खुद को भाग्यशाली मानता हैं। मृतक की पहचान सी वेंट्रियानंथम के रूप में हुई है। वह एक निजी कारखाने में काम करने वाले चिन्नसामी का छोटा बेटा था और होसुर के बागुलुर रोड स्थित तमिलनाडु हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है।

वहीं तेलंगाना के हैदराबाद से भी ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां मियापुर इलाके में एक 19 साल की नीट परीक्षा के छात्रा ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि मियापुर के एक अपार्टमेंट में अपनी बहनों के साथ रह रही छात्रा शनिवार को फांसी पर लटकी मिली। जांच में पुलिस को मृतक द्वारा लिखा नोट मिला, जिसमें उसने कहा था कि उसकी मौत के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं है। शुरूआती जांच में पुलिस को शक है कि छात्रा ने रविवार को होने वाली नीट की दोबारा परीक्षा के दबाव के कारण यह आत्मघाती कदम उठाया होगा।

# बंगाल की जनता ने टीएमसी की राजनीति और उनके नैरेटिव को नकार दिया

## -महुआ मोइत्रा के बयान पर बागी सांसद काकोली घोष ने किया पलटवार



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस और बागी नेताओं के बीच चल रही खींचतान कम नहीं हो रही है। पार्टी की बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सीनियर लीडर महुआ मोइत्रा के बयान पर पलटवार किया है। काकोली घोष ने कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी की राजनीति और उनके नैरेटिव को नकार चुकी है। घोष ने महुआ मोइत्रा के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने बागी सांसदों के सियासी भविष्य पर सवाल उठाए थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बागी सांसद काकोली घोष ने कहा कि यह सिर्फ आपकी मनगढ़ंत सोच है। आप अजीब और हकीकत से दूर वाली सोच में जी रही हैं। बंगाल की जनता ने आपको हरा दिया है और उनका जनादेश साफ तौर पर आपकी अराजकता के खिलाफ है। कोई भी आपको या आपकी बातों को स्वीकार नहीं कर रहा है।

बता दें टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने बागी सांसदों पर तंज कसा था। इसके साथ ही उन्होंने इशारा किया था कि बीजेपी अपना टारगेट पूरा करने के बाद इन लोगों को बाहर फेंक देगी। मोइत्रा ने कहा था कि बीजेपी ने इन लोगों को डीलिमिटेशन बिल पास करने के लिए लिया है। बीजेपी यह बिल पास करने के लिए बहुत उतावली है। डीलिमिटेशन बिल पास हो जाने के बाद इन सांसदों को जैसे लिया है, वैसे ही फेंक दिया जाएगा। उसके बाद न ये हमारे टिकट पर कभी जीत सकेंगे और न बीजेपी उनको कभी टिकट देगी। उनके राजनीतिक करियर खत्म हो चुका है। मोइत्रा के इस बयान के बाद काकोली घोष की प्रतिक्रिया ने साफ कर दिया है कि टीएमसी के बागी नेताओं और पार्टी नेतृत्व के बीच टकराव अभी थमने वाला नहीं है।

# भाजपा की डबल इंजन सरकार बुंदेलखंड का प्राचीन गौरव वापस दिलाने को प्रतिबद्ध- योगी आदित्यनाथ




**महोबा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है की केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार बुंदेलखंड को उसका प्राचीन गौरव वापस दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है. सरकार की परियोजनाएँ अब इस पिछड़े क्षेत्र को बदहाली और बेरोजगारी से उबार कर विकास के कीर्तिमान तय करते हुए समृद्द व सशक्त बना रही है.

महोबा के मोदी ग्राउंड मे रविवार को 697 करोड़ की 88 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा की बुंदेलखंड को माफिया ने अपनी जागीर बना लिया था. पूर्ववर्ती नकारात्मक और बीमार मानसिकता की सरकारों का संरक्षण पाकर यहां भू माफिया, खनन माफिया, जंगल माफिया आदि सक्रिय रहते हुए इलाके को खोखला कर रहे थे. भाजपा सरकार ने क्षेत्र को माफिया से न सिर्फ मुक्त कराया बल्कि सुरक्षा और सुशासन स्थापित कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है.बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर विकसित किया जा रहा ओद्योगिक गलियारा , डिफेन्स कारिडोर मे रक्षा उपकरणो का उत्पादन ,बीडा के माध्यम से नए शहर को विकसित करके इसकी तस्वीर बदल रही है. बुंदेलखंड की आयुध निर्माण मे प्रगति मिसाल कायम कर रही है.आगे चल कर यह यूपी मे विकास का रोल माडल साबित होगा.

मुख्यमंत्री ने कहा की बुंदेलखंड की समस्याओ के समाधान हेतु सरकार के प्रयास जारी है.हर घर जल योजना से यहां पानी की बड़ी समस्या को निस्तारित कर लिया गया है.महिलाओ को अब घड़े लेकर पानी की तलाश मे भटकना नहीं पड़ता. अर्जुन सहायक परियोजना हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई कर रही है.जिससे अन्नदाता खुशहाल हुआ है.बुंदेलखंड के जल संकट का स्थाई समाधान यहां मौजूद सरोवरो और जलाशयों मे है.जिनमे पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध पेयजल के लिए जल संरक्षण कार्यो को यहां प्रमुखता से संचालित कराया जाएगा.उन्होंने कहा की कभी अराजकता की पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश अब बदल चूका है और प्रगति के नित्य नए सोपान तय कर रहा है.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा की वीरभाव के लिए देश विदेश मे विख्यात, चंदेलकालीन महोबा नगर को ऊर्जा के केंद्र के रूप मे जाना जाता है. यहां की चंदेल रियासत के महान योद्धाओ आल्हा और ऊदल के शौर्य व साहस की कहानी जग विख्यात है. प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक और पुरातत्विक दृस्टि से समृद्ध महोबा को पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित करने की दिशा मे कदम बढ़ाये है.कजली मेले के अवसर पर महोबा मे एक सप्ताह का महोत्सव आयोजित करके स्थानीय लोक कलाओ एवं संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयास किये जा रहे है. तो इस क्रम मे नाथ संप्रदाय के महान संत गोरखनाथ की साधना स्थली गोरखगिरी मे 12 करोड़ से अधिक धनराशि से विकास कार्य पूरे करके उसे प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित किया गया है. प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण गोरखगिरी पहाड़ी मे रोप वे की स्थापना और वहाँ एडवेंचर टूरीज्म के रूप मे विकसित करने की योजना है.जिससे पर्यटन को बढ़ाया जा सके.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोबा मे अपने ढाई घंटे के प्रवास दौरान योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम मे सरकार की विभिन्न योजनाओं के कोई डेढ़ दर्जन लाभार्थियों को मंच मे सम्मानित किया. इसके पहले वह एक किलो मीटर का रास्ता पैदल तय करके गोरखगिरी पहाड़ी पर भी गए. जहाँ उन्होंने सिद्धेश्वर महादेव मंदिर व गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली मे पूजा अर्चना भी की. मुख्यमंत्री ने गोरख पहाड़ी मे पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो का सघन तरीके से निरीक्षण किया.

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902